आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 109 | उज्जैन, मंगलवार 05 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# बंगाल-असम, पुडुचेरी में भाजपा की जीत पर दिल्ली में जश्न

## बंगाल जीत पर मोदी ने कहा-गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला, घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन लेंगे

### पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत को मिलेगी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मोदी जब भाजपा मुख्यालय पहुंचे तो नितिन नवीन दूर चल रहे थे। पीएम ने इशारे से अपने बगल में बुलाया और हाथ पकड़कर उनके साथ चले। पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा।

महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर उन्होंने कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।



**49 साल में पहली बार देश में लेफ्ट सरकार नहीं**

केरलम विधानसभा चुनाव में पिनराई विजयन की अगुवाई वाले लेफ्ट एलायंस एलडीएफ को हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस की अगुवाई वाली यूडीएफ ने 140 में से 90 से ज्यादा सीटें जीतकर 10 साल बाद सत्ता में वापसी कर ली। केरलम में इस हार के बाद 49 साल में यह पहली बार होने जा रहा है जब देश के किसी भी राज्य में लेफ्ट की सरकार नहीं है।

- ममता ने कहा- भाजपा की यह जीत नहीं बल्कि लूट है। चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के साथ मिलकर जो कुछ भी किया है वह पूरी तरह से गैर-कानूनी है।
- केरल की राजनीति में आज एक नया इतिहास रचा गया है। विधानसभा चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि भाजपा अब राज्य में केवल एक 'वोट-कटवा' पार्टी नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति बन चुकी है। पार्टी ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की।

### सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया, 2.18 लाख वोटों से जीतीं

देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र की बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है।

---

शादी समारोह में हुई कहासुनी का बदला लेने के लिए दो युवकों की चाकू से गोदकर की हत्या

# रतलाम में दोहरी हत्या, एक गंभीर घायल

## ओल्ड रेलवे कॉलोनी में वर्चस्व की जंग का मसला भी सामने आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

शहर की ओल्ड रेलवे कॉलोनी रविवार रात खून से लाल हो गई। चंद दिनों पहले एक शादी समारोह में हुई मामूली कहासुनी का बदला लेने के लिए बदमाशों ने घात लगाकर तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में दो दोस्तों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। एसपी अमित कुमार के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

जानकारी के अनुसार, पीएनटी कॉलोनी निवासी आनंद रावत, शाहबाज और आनंद का चचेरा भाई पीयूष रावत रविवार रात ओल्ड रेलवे कॉलोनी स्थित शंकर मंदिर के पास गए थे। वहाँ पहले से ही आरोपी रोजर बिन्नी, मुन्ना खंडकर और रोहित खंडकर अपने अन्य साथियों के साथ खड़े थे। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। फरियादी पियूष के अनुसार, आरोपियों ने चाकू और भारी पत्थरों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। रोहित ने आनंद और शाहबाज के सीने व पेट पर चाकू से कई वार किए, वहीं मुन्ना ने पीयूष पर पत्थर से हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल है।






### जीआरपी चौकी के पास वारदात

हैरानी की बात यह है कि यह पूरी वारदात जीआरपी पुलिस चौकी के बिल्कुल नजदीक हुई, लेकिन सूचना मिलने तक पुलिस मौके पर नहीं पहुँच सकी। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने आनंद और शाहबाज को मृत घोषित कर दिया।

### कहासुनी का बदला हत्या से

अस्पताल में भर्ती घायल पीयूष रावत ने बताया कि कुछ दिन पहले एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान चल समारोह (प्रोसेशन) में आरोपियों के साथ उनकी कहासुनी हुई थी। उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन आरोपी रंजिश पाले हुए थे और मौका मिलते ही उन्होंने जानलेवा हमला कर दिया।

### अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात

दोहरी हत्या की खबर फैलते ही जिला अस्पताल में मृतकों के परिजनों और परिचितों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थिति को बिगड़ते देख एसपी अमित कुमार और सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे। फिलहाल औद्योगिक थाना पुलिस ने जीरो पर प्रकरण दर्ज करके आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित की है।

### वर्चस्व की जंग

ओल्ड रेलवे कालोनी क्षेत्र में युवकों के बीच वर्चस्व की जंग को लेकर भी इस मामले को देखा जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र के युवाओं में अपना बराबर वर्चस्व कायम करने को लेकर स्थिति बनी हुई है। इस पर क्षेत्र की जीआरपी चौकी का नियंत्रण नहीं हो पाया और मामला इस हद तक बढ़ गया।

---


## खराब मौसम के कारण दिल्ली-लखनऊ फ्लाइट की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

खराब मौसम की वजह से दिल्ली से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-6476 की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसमें यूपी के दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सवार थे। दोनों भोपाल में सुरक्षित उतरे।

यूपी में आंधी-बारिश जारी है। कानपुर, सुल्तानपुर और बाराबंकी समेत 64 जिलों में आंधी, बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे में जालौन सबसे गर्म शहर रहा। सुल्तानपुर में पेड़ की डाल गिरने से एक की मौत हो गई।

राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ में आंधी के साथ बारिश हुई। ओले भी गिरे। रविवार को खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई। जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक जाम रहा।



हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में रविवार को तेज बारिश के साथ ओले गिरे। उत्तराखंड के भी 11 जिलों में बारिश हुई। नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओले भी गिरे।

जम्मू-कश्मीर के लघामा में भूस्खलन के बाद बारामूला-उरी नेशनल हाईवे बंद कर दिया गया। ट्रैफिक को उरी की ओर बांदी-परानपिलन-दाची मार्ग से डायवर्ट किया गया है।

आंधी-बारिश के बीच तेज गर्मी और हीटवेव भी जारी है। रविवार को राजस्थान के फलोदी में 44.8 डिग्री और महाराष्ट्र के वर्धा में 43.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

---

# देश विदेश

### शिमला के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**शिमला।** हिमाचल की राजधानी शिमला में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब शहर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल के जरिए धमकी के बाद स्कूल प्रबंधन ने एहतियातन अभिभावकों को मैसेज भेजा और बच्चों को तुरंत घर ले जाने को कहा। इस मैसेज को देखकर अभिभावकों में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को वापस ले गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। एसपी शिमला गौरव ने बताया कि जनरल थ्रेट आई है। पुलिस जांच में जुटी हुई है और स्कूलों में ड्रिल चल रही है। यह धमकी शहर के चैल्सी, दयानंद, सेंट थॉमस, डीएवी टुटू इत्यादि स्कूलों को मिली है।

### नेपाल में 1500 से ज्यादा अधिकारी हटाए गए

**नेपाल।** नेपाल की नई सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 1500 से ज्यादा सरकारी नियुक्तियों को रद्द कर दिया है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शनिवार को अध्यादेश जारी कर 26 मार्च से पहले की सभी नियुक्तियों को समाप्त करने का आदेश दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फैसले के तहत 1594 पदों पर बैठे अधिकारियों को हटाया गया है। सरकार ने इन्हें राजनीतिक नियुक्तियां बताते हुए खत्म किया है। इस कदम से नेपाल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी, त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, बीपी कोइराला इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज और नेपाल एयरलाइंस जैसे प्रमुख संस्थानों में शीर्ष पद खाली हो गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे शिक्षा, स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं पर असर पड़ सकता है, क्योंकि कई जगहों पर निर्णय लेने वाले अधिकारी नहीं बचे हैं।

### राहुल गांधी से शादी की अफवाह पर भड़कीं कंगना



**ये बेहद घटिया और शर्मनाक, राजनीति में महिलाओं के लिए गरिमा नहीं बची**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद कंगना रनोट राहुल गांधी के साथ शादी की अफवाहों पर भड़क गईं। दरअसल, एक मीम पेज ने राहुल गांधी और कंगना रनौत के नाम से एक आपत्तिजनक और फर्जी पोस्ट शेयर की थी। इस पर कंगना ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए ट्रोलर्स को जवाब दिया है। मीम पेज ने कंगना रनोट का एक कथित स्क्रीनशॉट शेयर किया। इसमें दावा किया गया कि कंगना ने कहा है, 'अगर राहुल गांधी भाजपा में शामिल होते हैं, तो मैं उनसे शादी करने को तैयार हूं।' कंगना ने इस फर्जी पोस्ट को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर रीशेयर किया उन्होंने लिखा कि यह फर्जी खबर बेहद घटिया है। कंगना ने अफसोस जताते हुए कहा कि राजनीति में भी अब महिलाओं के लिए कोई गरिमा नहीं बची है। उन्होंने इस तरह का झूठ फैलाने वालों को नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें अपनी इन हरकतों पर शर्म आनी चाहिए। कंगना ने साफ किया कि वह ऐसी किसी भी ओछी हरकत को नजरअंदाज नहीं करेंगी। 'क्वीन 2' की तैयारी में व्यस्त राजनीति के साथ-साथ कंगना अपने अभिनय करियर पर भी पूरा ध्यान दे रही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही अपनी फिल्म 'क्वीन' के सीक्वल में नजर आएंगी। फिल्म के डायरेक्टर विकास बहल ने इसके लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। बताया जा रहा है कि कंगना के व्यस्त शेड्यूल को देखते हुए फिल्म के लिए तीन महीने का एक बहुत ही टाइट शेड्यूल तैयार किया गया है, ताकि वह अपने संसदीय क्षेत्र और एक्टिंग के बीच तालमेल बिठा सकें।

### सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर संशोधन एक्ट पर केंद्र-राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन अधिनियम, 2026 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस मामले पर 6 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा है। अब इस मामले की सुनवाई तीन जजों की बेंच करेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधन पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से 'सेल्फ आइडेंटिफिकेशन' (अपनी पहचान खुद तय करने) का अधिकार छीनता है।

### सेंसेक्स 335 अंक चढ़कर 77,269 के स्तर पर बंद हुआ

**मुंबई।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बीच 4 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 355 अंक चढ़कर 77,269 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 121 अंक ऊपर रहा, ये 24,119 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार में रियल्टी, मेटल, फार्मा और ऑटो के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। जबकि आईटी, सरकारी बैंक और मीडिया शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली रही। अडाणी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में 5% तक की तेजी रही। बीते हफ्ते गुरुवार, 30 अप्रैल को सेंसेक्स में 583 अंक (0.75%) की गिरावट रही। ये 76,913 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 180 अंकों (0.74%) की गिरावट रही, ये 23,998 के स्तर पर बंद हुआ था। कारोबार में आईटी में सबसे ज्यादा खरीदारी रही, जबकि मेटल और सरकारी बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली थी।

---

दो बाइकों की टक्कर के हादसे में

## घायलों की मदद करने पहुंचे 8 लोगों को कार ने रौंदा

एजेंसी ▸▸ अंबेडकर

उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर में रविवार देर रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जलालपुर थाना क्षेत्र के अशरफपुर के पास पहले दो बाइकों की जोरदार टक्कर हुई। इस हादसे में घायल लोगों की मदद के लिए जुटे राहगीरों को कुछ ही देर बाद तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। इस भीषण सड़क हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है।

जानकारी के मुताबिक रात करीब 12 बजे सड़क पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे की खबर सुनते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोग इंसानियत दिखाते हुए घायलों को संभाल रहे थे और उन्हें अस्पताल भेजने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े लोगों की भीड़ में घुस गई। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक कार की रफ्तार बहुत ज्यादा थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। देखते ही देखते वहां चीख-पुकार मच गई और कई लोग सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सीएचसी जलालपुर पहुंचाया गया।

## समुद्र में जहाज पर चूहों वाला वायरस फैला

### अफ्रीका तट पर जहाज रोका गया यात्रियों को उतरने की इजाजत नहीं

एजेंसी ▸▸ प्राया

अटलांटिक महासागर में एक क्रूज शिप पर चूहों वाले वायरल (हंतावायरस) संक्रमण का मामला सामने आया है। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम तीन लोग बीमार हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और दक्षिण अफ्रीका स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को इसकी पुष्टि की। एमवी होंडियस नाम के इस क्रूजशिप को फिलहाल अफ्रीकी देश केप वर्डे की राजधानी प्राया में रोका गया है। अभी यात्रियों को उतरने की अनुमति नहीं मिली है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि संक्रमण फैलने के खतरे को नियंत्रित किया जा सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, जहाज पर 6 लोगों में संक्रमण जैसे लक्षण मिले हैं। इनमें से एक मामले की पुष्टि लैब में हो चुकी है। एक मरीज दक्षिण अफ्रीका के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, जबकि दो को जहाज से निकालने की तैयारी की जा रही है। यह भी अभी पता नहीं है कि सभी बीमार लोग हंतावायरस से संक्रमित हैं या नहीं। यह बीमारी आखिर कैसे और कहां से फैली है, इसकी जांच चल रही है।

## कानपुर में 3200 करोड़ का फर्जीवाड़ा

एजेंसी ▸▸ कानपुर

कानपुर में पेंटर, कबाड़ी और मजदूर जैसे आम लोगों के बैंक खातों से करीब 3200 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन का मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े में सोमवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि मास्टरमाइंड को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि हवाला, स्लॉटर हाउस से जुड़े लेनदेन और फर्जी आईटीसी इनवॉइस व ई-वे बिल के जरिए बड़े स्तर पर टैक्स चोरी की जा रही थी।

---

नेपाल के विदेश मंत्रालय ने भारतीय यात्रियों के लिए जारी की अपील

## लिपुलेख से मानसरोवर न जाएं, यह हमारा इलाका

### भारत ने कहा- इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा, यह कोई नया मुद्दा नहीं

एजेंसी ▸▸ काठमांडू

नेपाल सरकार ने भारतीय तीर्थयात्रियों से लिपुलेख के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा न करने की अपील की है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि 1816 की सुगौली संधि के मुताबिक लिम्पियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी क्षेत्र नेपाल का हिस्सा है।

सरकार ने कहा कि लिपुलेख के रास्ते प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर उसने भारत और चीन दोनों को डिप्लोमैटिक तरीके से अपनी आपत्ति और चिंता से अवगत करा दिया है। नेपाल ने यह भी बताया कि वह पहले भी भारत से इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार और पर्यटन जैसी एक्टिविटी न करने की अपील करता रहा है। नेपाल ने चीन को भी आधिकारिक तौर पर यह जानकारी दी है कि लिपुलेख उसका हिस्सा है।




### भारत बोला- नेपाल के दावे तथ्यों पर आधारित नहीं

- नेपाल की हालिया टिप्पणी के बाद भारत ने अपना रुख स्पष्ट किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस मुद्दे पर भारत की स्थिति पहले से ही स्पष्ट और स्थिर रही है। भारत सभी विवादों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए निकालने के पक्ष में है।
- जायसवाल ने कहा कि लिपुलेख दर्रा 1954 से कैलाश मानसरोवर यात्रा का एक पारंपरिक मार्ग रहा है और इस रास्ते का इस्तेमाल कई दशकों से होता आ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है।
- सीमा विवाद पर भारत ने फिर दोहराया कि नेपाल के दावे तथ्यों और ऐतिहासिक प्रमाणों पर आधारित नहीं हैं। भारत ने कहा कि एकतरफा और कृत्रिम तरीके से सीमा दावों को बढ़ाना स्वीकार्य नहीं है।
- विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत, नेपाल के साथ सभी लंबित मुद्दों पर सकारात्मक बातचीत के लिए तैयार है और सीमा से जुड़े मतभेदों को भी आपसी संवाद और कूटनीति के जरिए सुलझाने का समर्थन करता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## जांच पर उठी आंच

दो दिन पूर्व कुछ लोगों को चलती ट्रेन की यात्रा से शहर में उतार लिया गया। मन नहीं भरा तो शरम विभाग ने दायरा तोड दिया और उद्योग नगरी में शेष 40 को उतार लिया। रात भर नाबालिग 20 एवं उनके साथ के लोगों को ऐसे समझा गया मानों कुछ खास हो गया हो। टिकिट से छुकछुक की यात्रा कर रहे मगध प्रदेश के इन निवासियों को जांच के नाम पर रात्रि जागरण करवा दिया गया। इसके बाद अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोढ़ लिया गया। एक हजार वर्ष से अधिक समय तक भारतीय शक्ति का केंद्र रहे इस प्रदेश के इन 44 लोगों को जांच के नाम पर रोक लिया गया, लेकिन जांच बगैर आधार के ही करने निकल पडे थे तो न सवा मन तेल निकला और न ही राधा नाची। उसके बाद शरम भी नहीं आई और सभी गरीब श्रमिक लोगों को उनके नाबालिगों के साथ टेशन पर ऐसे ही छोड़ दिया गया। उनकी यात्रा का टिकिट की जिम्मेदारी उठाने को न तो शरम वाले तैयार हुए और न ही उनका साथ देने वाले। यहां तक कि सूचना देने वाला एनगो भी गधे के सिर से सिंग की तरह गायब हो गया। बेचारे मगध वासी गरीब और दो आषाढ़ की स्थिति में फंस गए। पहले की टिकिट जांच में शरम वालों के नाम आधी यात्रा के बाद बेकार हो गई। रात्रि जागरण के बाद अगली यात्रा का टिकट खुद की जेब से ही वहन करना पड़ा। जो खाने के नाम पर पैसा जेब में रखे थे उसे भी खतम करवा दिया गया। उसके बाद यहां से दोपहर में यात्रा शुरू हुई तो बैठने तक की जगह उपलब्ध नहीं हो सकी। और देर रात को गंतव्य पर पहुंचने पर अगली समस्या मुंह बाए खड़ी थी। रात में वहां आगे के लिए परिवहन के साथ नहीं मिले। मगध वासी बड़े ही गलत मुहूर्त में घर से निकले और यहां एक से एक धुरंधरों के हत्थे चढ़ गए। खुसूर-फुसूर है कि जिस प्रदेश से देश में जमकर आईएएस एवं आईपीएस निकलते रहे हैं। जहां के विचारवान भविष्य की पीढ़ी को संवारने के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगा रहे हैं। अपने श्रम के दम पर देश के तमाम कारखानों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। उस प्रदेश के रहवासियों के साथ की इस बगैर आधार जांच और व्यवहार को सही तो नहीं कहा जा सकता है। अगर आधार नहीं था और जांच भी जरूरी थी तो शरम वालों को एक दल बनाकर ट्रेन में गंतव्य स्थल तक की यात्रा उनके साथ करना थी और गंतव्य पर पहुंचकर पूरी जांच एवं सच्चई से अवगत होकर आना था न कि नाबालिगों को रात भर जगाने के काम को अंजाम देना था। इससे तो शरम के साथ आए बाल संरक्षण वाले ही नहीं बाहर से लेकर टेशन के अंदर की वर्दी की योग्यता पर भी सवाल का दायरा खिंच गया है।




## न्यूज कॉलम

### क्षत्रिय मराठा समाज का आजीवन सदस्यता अभियान शुरू

**उज्जैन।** क्षत्रिय मराठा समाज उज्जैन को अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से समाज द्वारा विशेष आजीवन सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान संस्था के अध्यक्ष अनिल धर्मे के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि संगठन की एकता और सक्रियता को बढ़ाया जा सके। यह सदस्यता अभियान 1 मई 2026 से प्रारंभ होकर निर्धारित अवधि तक संचालित किया जाएगा। समाज के इच्छुक सदस्य सदस्यता प्राप्त करने के लिए निर्धारित स्थान पर संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए कार्यालय का पता क्षत्रिय मराठा समाज, 24 खम्बा, महाकाल घाटी, शिवाजी चौक, उज्जैन तय किया गया है। सदस्यता फार्म प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। अभियान से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष अनिल धर्मे, सचिव अनिल गावड़े से मोबाइल नंबर 9302462526, 9302220224 पर संपर्क किया जा सकता है।

### महाकाल दर्शन करने आज उज्जैन आएंगे बिहार के सांसद पप्पू यादव

**उज्जैन।** बिहार के पूर्णिया से सांसद और चर्चित नेता राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मंगलवार, 5 मई को दो दिवसीय प्रवास पर उज्जैन आ रहे हैं। युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अर्पित यादव ने बताया कि सांसद पप्पू यादव मुख्य रूप से भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आ रहे हैं। इस दौरान वे शहर और आसपास के अन्य प्रमुख मंदिरों में भी दर्शन-पूजन करेंगे। सांसद के निजी सचिव द्वारा जारी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पप्पू यादव 5 मई की सुबह 8:25 बजे ट्रेन संख्या 12416 नई दिल्ली-उज्जैन एक्सप्रेस से उज्जैन रेलवे जंक्शन पहुंचेंगे। देवास रोड स्थित सर्किट हाउस में कुछ देर रुकने के बाद वे सुबह 10 बजे महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन और 10:30 बजे महा आरती में शामिल होंगे। इसके पश्चात सुबह 11 बजे हरसिद्धि मंदिर, दोपहर 12 बजे काल भैरव मंदिर और दोपहर 1 बजे मंगलनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे। दोपहर 2 बजे सांसद यादव सड़क मार्ग से आगर मालवा जिले के नलखेड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां शाम 4 बजे मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन करेंगे। शाम 6 बजे नलखेड़ा से लौटकर वे रात्रि विश्राम उज्जैन के जिला अतिथि गृह (सर्किट हाउस) में करेंगे। अगले दिन 6 मई को तड़के 2 बजे वे 5 अन्य लोगों के साथ महाकालेश्वर मंदिर की भस्म आरती में शामिल होंगे। सुबह 6 बजे सर्किट हाउस में वे स्थानीय साथियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। शाम 5 बजे सर्किट हाउस से स्टेशन पहुंचकर वे शाम 6 बजे ट्रेन से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### रहवासियों के लिए आवागमन में निरंतर समस्या बढ़ती ही जा रही

# ऋषिनगर आवागमन में मुख्य मार्ग व सर्विस रोड दोनों जाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम एवं यातायात विभाग की अनदेखी का परिणाम ऋषिनगर के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। कालोनी के अंदर जाने के मुख्य मार्ग बाधित हो गए हैं। रहवासियों के लिए आवागमन में निरंतर समस्या बढ़ती जा रही है। पेट्रोल पंप पर सीएनजी वाहनों की कतार से बाधा बनी हुई है और सर्विस रोड पर संचालित गैराजों से पूर्व से ही मार्ग सुरक्षात्मक आवागमन का नहीं बचा है।

पुराने शहर में चौड़ीकरण के कारण आवागमन की समस्या है तो नए शहर के चौड़े क्षेत्रों में अनदेखी के कारण आवागमन की समस्या बनी हुई है। ये समस्या प्रारंभिक काल में अस्थाई थी लेकिन समय के साथ यह अब बढ़ती जा रही है। अब तो कॉलोनी के रहवासियों को बाहर निकलने के साथ ही अंदर प्रवेश में भी समस्याओं से सामना करते हुए निकलना पड़ता है।

### पेट्रोल पंप पर सीएनजी वाहनों की कतार से बाधा, सर्विस रोड पर गैराजों से



ऋषिनगर तिराहे से पेट्रोल पंप होते हुए एसबीआई ब्रांच तक सर्विस रोड बनी हुई है। इस सर्विस रोड के उपयोग के लिए भी कालोनी के रहवासियों एवं अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। प्रथम तो पेट्रोल पंप के यहां से ही बाधा की स्थिति रहती है। यहां जैसे तैसे वाहन चालक निकलते हैं तो आगे

**सर्विस रोड गैराजों की गाड़ियां**

गैराजों के वाहनों के कारण दुर्घटना के हालात बने रहते हैं। गैराजों में सुधरने आने वाले वाहनों को चाहे जैसे पार्क किया जाता है। उसके साथ ही वाहन चालक यहां वाहनों को निकालते समय भी अनदेखी करते हैं। ऐसे में कालोनी के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

### जिम्मेदार सुस्त व्यवसायी मस्त

कालोनी के रहवासियों की समस्या को लेकर मुख्य मार्ग पर पेट्रोल पंप संचालक एवं सर्विस रोड पर गैराज संचालक अपना व्यवसाय करने में मस्त हैं। इस समस्या को लेकर नगर निगम एवं यातायात का अमला सुस्त है। कुछ वर्ष पूर्व क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक बडे इलेक्ट्रानिक्स शो रूम के पार्किंग के मसले पर कार्रवाई की गई थी। उसके बाद से पूरे मामले में बर्फ जमी हुई है।

### पेट्रोल पंप की कतार सडक पर

ऋषिनगर देवास रोड मुख्य मार्ग से अंदर की ओर है। कालोनी के पूर्व विशाला क्षेत्र है। विशाला क्षेत्र के मुहाने एवं ऋषिनगर मुख्य मार्ग के कोने पर विकास प्राधिकरण ने पेट्रोल पंप को कुछ वर्ष पूर्व भूमि आवंटित की थी। यहां पेट्रोल पंप बनने के बाद रहवासियों को सहुलियत हुई थी। कुछ समय बाद यहां सीएनजी पंप की सुविधा भी शुरू हुई । इसके बाद से ही रहवासियों के लिए परेशानी खडी हो गई। सीएनजी लेने आने वाले वाहनों की कतार पेट्रोल पंप संचालक ऋषिनगर मुख्य मार्ग पर ही करवाते हैं। इससे सर्विस रोड के साथ ही मुख्य मार्ग भी बाधित रहता है। सीएनजी लेने आने वाले वाहन चालक भी अपने वाहनों को व्यवस्थित पार्क नहीं करते हैं। ऐसे में कालोनी के निवासियों को चौपहिया वाहनों के साथ तो निकलने में परेशानी होती ही है। दुपहिया वाहन चालकों को भी इस परेशानी से दो-चार होना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप संचालक वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए अपने कर्मचारी भी नहीं रख रहे हैं जिससे की कतार से कालोनी के रहवासियों को समस्या न हो। इसे लेकर रहवासियों ने कई बार मौखिक रूप से पेट्रोल पंप संचालक को अवगत भी करवाया और दुर्घटना का अंदेशा भी जताया है।

### मुंबई धर्मशाला की ओर कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी

# हरसिद्धि की पाल, रामघाट मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य रुका

## दोनों तरफ समान और निष्पक्ष तुड़ाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण का कार्य पिछले पांच दिनों से स्थानीय विरोध के चलते ठप पड़ा है। प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा है कि चौड़ीकरण के नाम पर केवल एक ओर ही तुड़ाई की जा रही है, जबकि दूसरी ओर स्थित मुंबई धर्मशाला की तरफ अब तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस कारण पिछले पांच दिनों से काम बंद पड़ा है।

पाटीदार धर्मशाला एवं प्रजापत धर्मशाला की ओर रहने वाले लोगों का कहना है कि उन्होंने सेंटर लाइन मार्किंग के अनुसार करीब सात फीट तक भवन तोड़कर सहयोग दिया है। इसके बावजूद उनसे अतिरिक्त लगभग पांच फीट और जमीन देने की मांग की जा रही है, जबकि सामने की ओर अब तक एक इंच भी तुड़ाई नहीं की गई है।

श्री राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष शांतिलाल गामी, सचिव मनोहर लाल पाटीदार एवं ट्रस्टी दिनेश पाटीदार ने संयुक्त रूप से बताया कि वे मार्ग चौड़ीकरण में पूरा सहयोग कर रहे हैं, लेकिन अतिरिक्त जमीन की मांग स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने प्रशासन से सड़क की सेंटर लाइन के अनुसार दोनों ओर समान रूप से तुड़ाई करने की मांग की है। इस संबंध में जिलाधीश महोदय को ज्ञापन भी सौंपा है।

### अन्न क्षेत्र पर भी संकट, 50 वर्षों से चल रही सेवा प्रभावित

श्री राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा पिछले करीब 50 वर्षों से साधु-संतों और श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र संचालित किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन लगभग 400-500 लोग भोजन ग्रहण करते हैं। आरोप है कि चौड़ीकरण की कार्रवाई में इस स्थान को भी प्रभावित किया जा रहा है, जिससे इस सेवा कार्य पर संकट खड़ा हो गया है। जबकि इस बारे में नगर निगम के अधिकारियों का यह कहना था कि चौड़ीकरण का काम लगातार चल रहा है।

### बोरवेल क्षतिग्रस्त, धर्मशाला में पेयजल संकट

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि हाल ही में रात के समय की गई तुड़ाई के दौरान पाटीदार धर्मशाला का बोरवेल और मोटर क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पानी की आपूर्ति बंद हो गई है। इसके चलते धर्मशाला में पेयजल संकट गहरा गया है। समाजजनों ने नुकसान की भरपाई की मांग करते हुए कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

### कर जमा नहीं करने वालों पर कुर्की की कार्यवाही करें - आयुक्त




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सम्पत्तिकर अमला बड़े बकायादारों को सूचिबद्ध करते हुए सूचना पत्र जारी करें तथा बार बार सूचना पत्र जारी करने के उपरांत भी सम्पत्तिकर जमा नहीं करने वालों पर कुर्की की कार्यवाही करते हुए सम्पत्तिकर वसूली की कार्यवाही की जाए। यह निर्देश आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को दिए गए।

प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली साप्ताहिक बैठक में आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा विभागवार अधिकारियों से चर्चा करते हुए प्राप्त पत्रों पर की गई का कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए आपने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनहितैषियों योजनाओं अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण कर हितलाभ दिये जाने की कार्यवाही करें, सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में एल 1 स्तर पर ही निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि शहर के बड़े बकायादारों को सूचिबद्ध करते हुए सूचना पत्र जारी किये जाएं, जिन करदाताओं को पूर्व में सूचना पत्र जारी किये जा चुके है फिर भी करदाता द्वारा कर जमा नहीं किया गया है तो ऐसे करदाताओं पर कुर्की की कार्यवाही की जाए, 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत से पूर्व घर घर जाकर बकायादारों से सम्पर्क कर सम्पत्तिकर जमा कराएं, नेशनल लोक अदालत हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सम्पत्तिकर एवं जलकर की वसूली की कार्यवाही की जाए, जलकर के बकायादारों को सूचना पत्र जारी करते हुए कर वसूली की कार्यवाही की जाए।

बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनित शुक्ला, उपायुक्त योगेन्द्र पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त राघवेन्द्र सिंह पालिया, प्रफुल गठरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### लोक निर्माण समिति प्रभारी शिवेंद्र तिवारी ने की सिंहस्थ कार्यों की समीक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक निर्माण विभाग के प्रभारी शिवेंद्र तिवारी द्वारा सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में विभाग से संबंधित बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से सिंहस्थ महापर्व अंतर्गत उज्जैन शहर में मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार शासन द्वारा स्वीकृत राशि के कार्यों की समीक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान कोयला फाटक से छत्री चौक तक मार्ग चौड़ीकरण, वी.डी. क्लॉथ मार्केट से ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया, हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य, रामानुज कोट से दानीगेट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य, गुदरी चौराहे से पांनदरिबा तक किए जाने वाले मार्ग चौड़ीकरण कार्य, महाकाल मंदिर से गोपाल मंदिर ढाबा रोड तक होने वाले मार्ग चौड़ीकरण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रभारी सदस्य तिवारी द्वारा निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में भी मार्ग चौड़ीकरण के कार्य चल रहे हैं वह उच्च गुणवत्ता पूर्वक हो। नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसलिए अधिकारी साइट पर जाकर मॉनिटरिंग करें, नाली निर्माण का कार्य किया जाए ताकि जल भराव की समस्या का समाधान हो।

### स्वच्छता में शक्ति उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान अंतर्गत

# महापौर ने वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान एवं नागरिकों से संवाद अभियान अंतर्गत सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड पार्षद की उपस्थिति में प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश व्यवस्था, पीएचई विभाग, उद्यान विभाग, आईईसी टीम उपस्थित रही एवं सफाई अभियान के तहत, सफाई कार्य के साथ साथ, उद्यान सफाई, पानी के लीकेज का संधारण एवं गंदे पानी की शिकायत निवारण आदि कार्यवाही की गई।

अभियान के अंतर्गत सोमवार को 4 वार्डों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड क्रमांक 3 मंगल कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 27 मदार गेट तोपखाना, वार्ड क्र. 45 बागपुरा, वार्ड क्र. 41 महावीर एवेन्यू पर स्वच्छता से संबंधित गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें नाले नालियों की सफाई, रहवासी जागरूकता अभियान, नागरिकों से संवाद, श्रमदान, बैक लाइन क्रिकेट एवं बैडमिंटन इत्यादि गतिविधियों में सम्मिलित हुए। इस दौरान वार्ड क्र. 45 बागपुरा स्थित बैक लाइन गली जिसे नगर निगम उज्जैन द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सौंदर्यीकरण करते हुए ऐसा बनाया है जहां क्रिकेट, बैडमिंटन, संवाद कार्यक्रम, नागरिकों द्वारा चाय पर चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित कि जा रही हैं जिसमें महापौर द्वारा अपने हाथों में बल्ला थामे क्रिकेट खेला साथ ही बैडमिंटन का भी आयोजन किया गया।

### दो माह मलमास के बाद एक बार फिर से विवाहों पर लगेगी रोक, 17 मई से लगेगा ब्रेक जो कि एक माह बाद 15 जून तक चलेगा

# अधिकमास में दान, धर्म होगा, विवाह जैसे कार्य नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

हाल ही में दिसंबर से जनवरी एवं मार्च से अप्रेल मास तक मलमास के कारण विवाह एवं शुभ काम रूके रहे। अब एक बार फिर से एक माह के लिए अधिकमास के कारण यह रोक प्रभावी हो जाएगी। 17 मई से अधिकमास की शुरूआत होगी जो 15 जून तक मान्य रहेगी। अधिकमास में भगवान पुरूषोत्तम का ध्यान दान एवं धर्म की स्थिति रहती है। अधिकमास में विवाह एवं अन्य शुभ कार्य मान्यता अनुरूप नहीं किए जाते हैं।

आचार्य पं. प्रणयन पाठक के अनुसार हर तीसरे वर्ष अधिकमास की स्थिति बनती है। इस बार अधिकमास में दो ज्येष्ठ मास आ रहे हैं। मलमास स्थाई होता है। प्रति वर्ष दिसंबर से जनवरी एवं मार्च से अप्रेल में यह होता है। पंचांग के हिन्दी मास में दो ज्येष्ठ मास की स्थिति रहने से यह दान, धर्म एवं ध्यान का मास माना जाता है। इस दौरान भगवान श्री पुरूषोत्तम नारायण भगवान का पूजन अर्चन किया जाता है। श्री मद् भागवत कथा का श्रवण किया जाता है। शुभ कार्य किए नहीं जाते हैं।



### इसलिए अधिकमास

जब सूर्य का किसी एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश नहीं होता तब अधिक मास माना जाता है। इसका मतलब यह है कि सूर्य का नक्षत्र परिवर्तन न करना धार्मिक दृष्टि से अशुभ माना गया है। साल 2026 में जल्दी अधिक मास प्रारंभ होने जा रहा है। इस समय में शुभ काम नहीं किए जाते हैं। इस दौरान मुंडन, विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कामों को मान्यता के अनुसार नहीं किया जाता है।

### 17 मई से 15 जून अधिकमास

पंचांग के मुताबिक इसकी शुरूआत 17 मई से होकर 15 जून एक महीना चलने वाला है। ऐसा कहते हैं कि इस दौरान सूर्य की गति धीमी हो जाती है जो मांगलिक कामों के लिए अच्छी नहीं मानी जाती इसलिए इन पर रोक होती है।

### ये कार्य अमान्य

- इस दौरान शादी विवाह नहीं किए जाते। मान्यता है इस दौरान के विवाहों में क्लेश बना रहता है।
- नए घर में प्रवेश या फिर नींव पूजन के लिए शुभ नहीं माना जाता है।
- जनेऊ संस्कार भी इस अवधि में नहीं किए जाते।
- प्रतिष्ठान कारोबार की शुरूआत नहीं की जाती,आर्थिक संकट गहरा सकता है।

### ये कार्य मान्य

- अधिकमास भगवान विष्णु को समर्पित है। यह पुरुषोत्तम मास के नाम से प्रसिद्ध है। इस समय श्री हरि विष्णु की पूजा लाभकारी है।
- इस महीने में जल, अनाज और तिल का दान फलदायक है।
- ॐ नमो भगवते वासुदेवाय का जाप मानसिक शांति के लिए किया जाता है।
- इस माह में तामसिकता से दूरी बनाते हुए पूरी तरह से सात्विक भोजन करना चाहिए।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### समाज को मानसिकता में बदलाव लाए बिना स्थायी सुधार संभव नहीं

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण के संकल्प को नई ऊर्जा देते हुए श्रीमती रेखा यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। उनके साथ ही नवनियुक्त सदस्य साधना स्थापक ने भी कार्यभार संभाला। मीडिया से चर्चा करते हुए श्रीमती यादव ने कहा कि आयोग अब केवल शिकायतों के निवारण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि महिलाओं के वैचारिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखेगा। श्रीमती रेखा यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजन की सराहना करते हुए कहा कि उनका संकल्प है कि मध्यप्रदेश की हर नारी आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस करें। मेरा प्राथमिक दायित्व उनके इसी विजन को साकार करना है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक पहुंचे।

### 91 युवक-युवतियों को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में मिला रोजगार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार बेरोजगार आवेदकों को रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 4 मई 2026 को एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय में किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में कुल 12 कंपनियों के 300 से अधिक विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर निजी कंपनी में रोजगार और अप्रेन्टिनशीप हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया। इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 183 पंजीयन हुए, जिनमें 152 युवक और 31 युवतियों ने भाग लिया। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 73 युवक और 18 युवतियों का प्रारंभिक रूप से फार्मशिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, सहायक प्रबंधक, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी,फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया। रोजगार मेले में मोजेक वर्क स्कील, पत्रिका, आईटीएल इंडस्ट्रीज, डिस्टिल एजुकेशन, एलबीजी स्टील, रेड्डी फाउंडेशन, डिजी रियेक्ट्स, कोडरविंग, शैफाली बिजनेस आदि कुल 12 कंपनियों द्वारा आवेदकों का चयन किया गया। जिला उद्योग केंद्र की टीम द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 06 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाकर स्वरोजगार हेतु प्रकरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया और शासन की अप्रेन्टिनशीप योजना अंतर्गत 02 आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गये।

### सीएम हेल्पलाइन का समय-सीमा में निराकरण किया जाए

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा लंबित प्रकरणों, शिकायतों एवं आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि शासन के निदेर्शानुसार सभी प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां भी लापरवाही पाई जाएगी, संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य, अपर आयुक्त नगर निगम श्री एन.एन. पाण्डे, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। बैठक में निर्देश दिये गये सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाये। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है।

### मिक्सर मशीन में फंसकर भट्टा संचालक की जान गई

**इंदौर।** इंदौर में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। देवास नाका पर काम के दौरान युवक पर मलबा गिर गया, जबकि तेजाजी नगर में मिक्सर मशीन में फंसने से भट्टा संचालक की जान चली गई। इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय युवक विशाल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विशाल, ग्राम नागदा का निवासी था और एक बिल्डिंग साइट पर काम कर रहा था। बताया गया कि वह सोलर पैनल नीचे उतारने के बाद सड़क पर खड़ा था, तभी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से किसी ने मलबा फेंक दिया। मलबे में सीमेंट के पत्थर और ईंटें शामिल थीं, जो सीधे उसके सिर पर गिरीं। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात उसकी मौत हो गई। विशाल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, एक साल की बेटी और मां हैं, जबकि उसका भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले में लापरवाही के एंगल से जांच कर रही है।

---

### मोबाईल छोड़ बच्चों में फिर देखा जाने लगा सामान्य क्रिया

# आम के पेड़ों से केरी तोड़ने के लिए बच्चे हुए सक्रिय

## बच्चों को प्राकृतिक स्थितियों में देख बुजूर्गों को खुशी हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मोबाईल के जमाने में बच्चों को ग्रीष्म अवकाश के दौरान सामान्य गतिविधि करते देख बुजूर्गों ने राहत ली है। ग्रीष्म अवकाश में अधिकांश बच्चों से विपरित कुछ बच्चे प्रातः भ्रमण के दौरान अपनी बाल लीलाओं को अंजाम दे रहे हैं। मोबाईल छोडकर अब भी कुछ बच्चे मस्त होकर खेलने के साथ ही आम के वृक्ष से केरी तोडकर उसका भरपूर स्वाद ले रहे हैं।

सुबह का समय हो और झाड से केरी तोडकर नमक मिर्च से खाने का आनंद ही कुछ और है। ऐसा ही कुछ करते देखकर बुजुर्गों का मन अपने बचपन में खो गया। आम से केरी तोड रहे बच्चों को बुजूर्गों ने मोबाईल कैमरा में कैद किया है। प्राकृतिकता में ओतप्रोत बच्चे सभी को अच्छे लगते हैं। रविवार को अवकाश दिवस पर बच्चों को ऐसा करते देख बुजुर्ग जमकर खुश हुए और उन्होंने बच्चों को और उत्साहित किया।

### चटखारे लेकर खाया

बच्चों ने पहले कैरी बडे चाव से तोडी और उसके बाद नमक मिर्च के साथ चटखारे लेकर उसे खाया। बच्चों को ऐसा करते देख बुजुर्गों के मुंह में भी पानी आ गया और बाद में उन्होंने भी इन बच्चों के साथ अपने को शामिल कर कैरी का आनंद लिया। यही नहीं सुबह के समय में बच्चों को ऐसा करते देख क्षेत्रीय स्तर पर रहवासियों को भी सुखद अनुभूति हुई।





### पहले पत्थर फिर जुगाड़

ऋषिनगर में आम के वृक्ष पर लग आई अच्छी केरियों को देख बच्चों के मुंह में पानी आ गया । बच्चों ने सुबह झसुबह ही केरी तोडने का मन बनाया । फिर क्या था पहले बच्चों ने पत्थर से प्रयास किया जो नाकाफी साबित हुआ तो बच्चों ने आसपास से जुगाड लगाई और तत्काल ही जुगाड का यंत्र बनाकर सभी ने अपने लिए कैरी तोडी। बच्चों ने आसपास से ही वृक्ष की डंडियों को तोडा और उन्हें आपस में जोडते हुए एक तार को उसके मुहानें पर गोल आकार में बांधा। उसके बाद डंडियों के सहारे से तार को वृक्ष में लगी कैरियों को उलझाकर तोडा गया। उन्हें यह करते देख बुजुर्गों को जमकर खुशी हुई ।

---

# बीकॉम की परीक्षा दे रही थी बीटेक की छात्रा

## उज्जैन में पकड़ी गई, बोली-दोस्त की बहन के लिए आई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सोमवार को बीकॉम परीक्षा के दौरान फर्जी तरीके से परीक्षा दिलाने का मामला सामने आया। एक छात्रा की जगह दूसरी छात्रा परीक्षा देती पकड़ी गई। इससे विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए।

स्कूल ऑफ स्टडीज इन कॉमर्स में सोमवार को बीकॉम 6वें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ। सपना भदौरिया की जगह इंदौर से आई युवती परीक्षा देते पकड़ी गई। अधिकारियों ने पूछताछ के लिए वास्तविक छात्रा के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन फोन बंद मिला। एनएसयूआई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष तरुण परिहार के अनुसार, परीक्षा शुरू होने के बाद उन्हें सूचना मिली थी कि एक छात्रा की जगह कोई और परीक्षा देने पहुंचेगा। सूचना मिलते ही वागदेवी भवन स्थित परीक्षा केंद्र पर अधिकारियों को अवगत कराया गया। जांच में कक्ष क्रमांक 10 की अ-1 सीट पर बैठी छात्रा के दस्तावेज और फोटो का मिलान किया गया, जिसमें गड़बड़ी मिली। पूछताछ में युवती ने अपना नाम प्रिशा साहू, निवासी यादव नगर इंदौर बताया।



**परीक्षा नियंत्रक कक्ष में बैठाकर छात्रा से पूछताछ की गई**-जानकारी मिलते ही कुलगुरु अर्पण भारद्वाज मौके पर पहुंचे। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए परीक्षा नियंत्रक को तत्काल विधि सम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। फिलहाल आरोपी छात्रा को परीक्षा नियंत्रक कक्ष में बैठाकर पूछताछ की गई है। मामले को माधव नगर थाना पुलिस को सौंपने की तैयारी की जा रही है।

### ऋषभ ने कहा था- परीक्षा दे दो, बाकी बाद में समझ लेंगे

सॉल्वर के तौर पर पकड़ी गई प्रिशा साहू ने पूछताछ में खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी पहचान ऋषभ नाम के युवक से है, जिसकी बहन सपना भदौरिया की जगह उसे परीक्षा देने बुलाया गया था। प्रिशा के मुताबिक, सपना ने उस पर दबाव बनाया और कहा कि फिलहाल परीक्षा दे दो, बाकी डील बाद में समझ लेंगे। इसी कारण वह इंदौर से उज्जैन परीक्षा देने पहुंची थी। ऋषभ ने उसे भरोसा दिलाया कि वह पहले भी तीन बार ऐसा काम कर चुका है, इसलिए कोई दिक्कत नहीं आएगी।

### परीक्षा हॉल में बैठकर कॉपी में कुछ भी लिखने को कहा

सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि बीटेक की छात्रा होने के बावजूद वह बीकॉम का पेपर देने बैठ गई। प्रिशा ने बताया कि उसे सिर्फ परीक्षा हॉल में बैठकर कॉपी में कुछ भी लिखने को कहा गया था। बाकी व्यवस्था संभालने का भरोसा दिया गया था। बयान के बाद साफ है कि मामला सिर्फ एक सॉल्वर तक सीमित नहीं है। इसके पीछे संगठित गिरोह की आशंका जताई जा रही है।

---

# प्रदेश में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने कराया पंजीयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य शासन स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राज्य में 10 हजार स्टार्टअप धारकों ने अपना पंजीयन कराया है। स्टार्टअप शुरू करने वालों को राज्य सरकार प्रतिमाह स्टाइफंड भी दे रही है। प्रदेश में चारों ओर उद्योगों का फैलाव हो, इसके लिए लगातार नवाचार किए जा रहे हैं।

बाहर की कम्पनियों को निवेश के लिए औद्योगिक समिट के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के महू में एक निजी कॉलेज में आयोजित प्लेसमेंट प्रोग्राम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉलेज के उन युवाओं को प्लेसमेंट के प्रमाण-पत्र वितरित किए, जिनका प्लेसमेंट विभिन्न कम्पनियों में हुआ। कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, कॉलेज के सेक्रेटरी श्री सुनील बंसल और श्री शरद त्रिवेदी विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि यदि हम किसी विषय को मन लगाकर गहराई से पढ़ते हैं, तो उसकी याददाश्त लम्बे समय तक बनी रहती है। अतः एकाग्रचित होकर अध्ययन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षक बनकर विद्यार्थियों से प्रश्न किए, तो वहीं विद्यार्थियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से प्रश्न किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से विज्ञान और राजनीति से जुड़े प्रश्न किए, तो वहीं विद्यार्थियों ने उद्योग और नवाचार को लेकर प्रश्न किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केवल पाठ्यक्रम तक ही विद्यार्थी स्वयं को सीमित न रखें।

---

# 27,746 करोड़ के पैकेज से आय बढ़ेगी और घटेगी लागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मिशन मोड में लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस पूरे वर्ष किसानों को उनका वैभव लौटाने का संकल्प लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आमदनी बढ़ाना, कृषि लागत को कम करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इसके लिए 16 विभाग एक साथ समन्वय से काम कर रहे हैं। विगत दिनों बड़वानी में हुई कृषि कैबिनेट में 27,746 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह योजना सिर्फ फसल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगी। आय में वृद्धि के लिए दूध, फल, सब्जी और मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ अन्य स्रोतों से भी कमाई के अवसर मिलेंगे। लागत में कमी लाने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर दिया जाएगा और मिट्टी परीक्षण के जरिए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देकर अनावश्यक खर्च घटाया जाएगा। तकनीक और विपणन के क्षेत्र में किसानों को अंकीय सेवा, कृषि प्रसंस्करण, कृषि-तकनीक, ड्रोन सेवा और किसान उत्पादक संगठन प्रबंधन से जोड़ा जाएगा।

---

# अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 6 प्रकरण दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेश पर आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी निर्देशन में शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध विभिन्न ढाबों पर प्रभावी कार्रवाई की गई। गत दिवस की गई कार्रवाई कंट्रोल रूम प्रभारी श्री देवेश चतुवेर्दी, डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज कुमार अग्रवाल एवं उड़नदस्ता प्रभारी अधिकारी श्री कमलेश सोलंकी के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त भोई मोहल्ला श्रीमती त्रिअंबिका शर्मा की टीम द्वारा की गई।



बताया गया कि कार्यवाही के दौरान इंदौर-उज्जैन रोड स्थित विभिन्न ढाबों पर छापामार कार्रवाई करते हुए कुल 06 प्रकरण दर्ज किए गए। यूनिक ढाबा, भगवती ढाबा, मेट्रो ढाबा सहित अन्य स्थानों पर अवैध मदिरा परोसते पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग द्वारा ढाबों एवं मदिरा दुकानों के आसपास अवैध रूप से परोसी जा रही मदिरा के विरुद्ध यह विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### इंदौर में मेडिकल संचालक से 50 लाख की धोखाधड़ी

इंदौर के संयोगितागंज थाना क्षेत्र में प्लॉट बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर 50 लाख रुपए हड़प लिए। शिकायत की बात होने पर उसने कुछ रुपए वापस कर दिए, लेकिन बाकी रकम देने से इंकार कर दिया। संयोगितागंज पुलिस ने बताया कि मुराई मोहल्ला दवा बाजार निवासी गुच्छित रघुवंशी मेडिकल दुकान संचालित करते हैं। उनकी शिकायत पर केट रोड निवासी अंजन पिता मदन मोहन श्रीवास्तव के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। फरियादी गुच्छित ने बताया कि जुलाई 2025 में उन्होंने अंजन से मान सरोवर कॉलोनी के प्लॉट नंबर 283 और 285 का सौदा किया था।

---

### सम्मेलन में 21 देशों के कृषि मंत्री, विशेषज्ञ और वरिष्ठ अधिकारी होंगे शामिल

# इंदौर में 9 से 13 जून तक होगा ब्रिक्स कृषि कार्य समूह का सम्मेलन

## दो चरणों में होगा सम्मेलन, कृषि नवाचारों पर होगी वैश्विक चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2026 के अंतर्गत कृषि कार्य समूह का महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आगामी 9 से 13 जून तक इंदौर के ग्रेंड शेरेटन होटल में होगा। पांच दिवसीय इस उच्च स्तरीय सम्मेलन में 21 देशों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, नीति निर्धारक एवं विशेषज्ञ शामिल होंगे। सम्मेलन को लेकर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में आयोजित होने वाला यह सम्मेलन प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है। शहर की स्वच्छता, हरियाली और सुंदरता अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के सामने उत्कृष्ट रूप में प्रदर्शित होना चाहिए। उन्होंने नगर निगम, पुलिस प्रशासन, पर्यटन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थलों, प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ-सफाई, आकर्षक सजावट और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि सम्मेलन के दौरान मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, पारंपरिक खान-पान और कृषि नवाचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। विदेशी



प्रतिनिधियों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदेश भ्रमण और कृषि उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। एयरपोर्ट और होटलों पर अंग्रेजी, रूसी, तुर्की सहित विभिन्न भाषाओं के जानकार गाइड तैनात किए जाएं और उन्हें व्यवहार और आतिथ्य का पूर्व प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि मेहमानों का स्वागत पगड़ी, तिलक और फूलमालाओं के साथ भारतीय परंपरा के अनुरूप गर्मजोशी से किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मध्यप्रदेश की लोक संस्कृति, पारंपरिक नृत्य एवं प्रसिद्ध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को शामिल करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की ब्रांडिंग में मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पहचान स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, यूगांडा, मिस्त्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, मलेशिया, नाइजीरिया, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, कोलम्बिया, इंडोनेशिया सहित कुल 21 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विश्व के लगभग 68 प्रतिशत किसान इन देशों में निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि आयोजन की सभी व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों।

बैठक में जानकारी दी गई कि सम्मेलन दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में 9 से 11 जून तक वरिष्ठ अधिकारियों की तीन दिवसीय बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें कृषि नवाचार, खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में स्मार्ट कृषि, कृषि अनुसंधान, कृषि व्यापार, किसान कल्याण तथा सतत विकास रणनीतियों जैसे विषयों पर तकनीकी चर्चा होगी। इसके बाद 12 एवं 13 जून को कृषि मंत्रियों की मुख्य बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें कृषि क्षेत्र में वैश्विक सहयोग और नीति संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

## न्यूज कालम



### अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा, 12 कॉलोनियों के मामलों में नोटिस जारी

**देपालपुर।** तहसील क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा बेटमा, तहसील देपालपुर जिला इंदौर द्वारा ग्राम कालीबिल्लौद में विकसित की जा रही कुल 12 अवैध कॉलोनियों के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित व्यक्तियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैधानिक अनुमति भूमि पर कॉलोनी काटकर प्लॉट विक्रय, सड़क निर्माण, ड्रेनेज लाइन डालना तथा मकान निर्माण नियम विरुद्ध है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कालीबिल्लौद स्थित विभिन्न सर्वे नंबरों की भूमि पर बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के कॉलोनियां विकसित किए जाने की शिकायतें सामने आई थीं। इस पर हल्का पटवारी द्वारा मौका पंचनामा, खसरा नक्शा, प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ प्रस्तुत किए गए। जांच में कई स्थानों पर कच्ची-पक्की सड़कें, ड्रेनेज लाइनें एवं मकान निर्माण कार्य पाया गया। नायब तहसीलदार कार्यालय से जारी नोटिस में कहा गया है कि संबंधित व्यक्तियों को 7 दिवस के भीतर अथवा निर्धारित पेशी दिनांक 6 मई 2026 तक लिखित जवाब प्रस्तुत करना होगा। साथ ही कॉलोनी विकास हेतु प्राप्त वैध दस्तावेज जैसे कॉलोनी लाइसेंस, भूमि डायवर्सन आदेश, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत मानचित्र, रेरा पंजीयन, भवन अनुज्ञा सहित प्लॉट विक्रय से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भाजपा कार्यालय पर मनाई बंगाल असम की जीत की खुशियां




**खरगोन।** पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की बढ़त के बाद जिलेभर में कार्यकताओं ने उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया। सनावद रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर विधायक बालकृष्ण पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। ढोल-ताशों के साथ नारेबाजी की गई और आतिशबाजी कर खुशी जताई गई। विधायक पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को मिठाई और झालमुड़ी खिलाई तथा जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम बताया। वहीं, भीकनगांव मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने भी कार्यकताओं के साथ जश्न मनाते हुए इसे भाजपा की नीतियों, मजबूत संगठन और बूथ प्रबंधन की सफलता बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गेहूं केंद्रों पर 10 बजे से शुरू हुई खरीदी, किसानों को न हो असुविधा -कलेक्टर



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने नर्देश दिए हैं कि जिले के सभी गेहूं खरीदी केंद्रों पर सुबह 10 बजे से अनिवार्य रूप से उपार्जन कार्य प्रारंभ किया जाए ताकि किसी भी किसान को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। सुशासन भवन में आयोजित साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने कहा कि किसानों की सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्लॉट बुकिंग, परिवहन, हम्माल और बारदान की व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाएं और किसानों के भुगतान में किसी भी स्तर पर देरी न हो। बैठक में उर्वरक वितरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शत-प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने और उसकी दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रहने को कहा गया है, जिसके तहत जिले के 10 क्लस्टरों में 1250 किसानों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने नगरीय निकायों को फायर ब्रिगेड उपकरणों को सदैव चालू स्थिति में रखने और संबल योजना के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल और जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### गरुड़ पोर्टल से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की होगी केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग

**बड़वानी।**गरुड़ पोर्टल से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के संचार के साथ संचालन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा और समय पर निर्णय लेने में सुविधा होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा राज्य में सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की गई है। मध्यप्रदेश में अपनी तरह की यह प्रथम केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली है, जो वास्तविक समय में डेटा ट्रैकिंग के साथ-साथ उत्कृष्ट परिचालन निरीक्षण एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को अत्यंत सशक्त बनाती है। इस युगांतरकारी व नवाचारपूर्ण पहल से राज्य में पर्यावरण संरक्षण, जल गुणवत्ता के संवर्धन एवं नगरीय स्वच्छता के संकल्प को अभूतपूर्व मजबूती मिलने की पूर्ण अपेक्षा है।आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि विभाग के अंतर्गत संचालित कुल 42 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में अत्याधुनिक एससीएडीए सह ओसीईएमएस प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित व लागू कर दिया गया है।

## सर्वसमाज का पहला सामुहिक शादी सम्मेलन सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

गोस अल-मददगार ग्रुप की ओर से शहर में पहली बार सर्वसमाज का इज्तेमाई (सामूहिक) शादी सम्मेलन आयोजित किया गया,। जो भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन मे किसी एक समाज के नहीं, बल्कि विभिन्न समाजों के 12 जोड़ों का विवाह/निकाह संपन्न कराया गया,।




दुल्हा दुल्हन को समारोह मे उपस्थित गणमान्य लोगों ने अपनी दुआओं और शुभकामनाओं से नवाजा। विवाह समारोह में मुख्य अतिथि करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह (शेरपुर) एवं फजल हैदर नक्शबन्दी उपस्थित रहे। अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को अपनी दुआओं और आशीर्वाद से नवाजते हुए इस सामाजिक पहल की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन अली जमान खान द्वारा किया गया। उनके साथ ग्रुप के सदस्यों में गोरू सुलेमानी, भूरू पठान, असलम मेव, अनवर नूरी, हाफिज शाकिर साहब, सईद मंसूरी, गुलाम हुसैन, ताहिर मंसूरी, शाहरुख डेविड और अरबाज खान शामिल रहे। इसके अतिरिक्त भी समूह के अन्य सहयोगी सदस्य एवं कई समर्पित कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिनके सहयोग से यह आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर शहर काजी भूरू भाईजान के साथ-साथ शहर के कई गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। नगर पालिका, पुलिस प्रशासन एवं वार्ड के पार्षदों का भी इस आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा, जिसके लिए ग्रुप ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कमेटी द्वारा बताया गया कि जावरा शहर में इस प्रकार का यह पहला प्रयास है, जिसमें सभी दुल्हनों को आवश्यक घरेलू सामान (दहेज) भी प्रदान किया आयोजकों ने भविष्य में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित करने की योजना भी व्यक्त की है, ताकि अधिक से अधिक गरीब जरूरतमंद परिवारों को इसका लाभ मिल सके।

## नेशनल लोक अदालत हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बड़वानी ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 9 मई को जिला बड़वानी में श्री महेन्द्र कुमार जैन मान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़यानी के मार्गदर्शन में विशेष न्यायाधीश / नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्री लीलाधर सोलकी द्वारा मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों मैं एवं नगर पालिका के जलकर सम्पत्तिकर में शासन द्वारा दी गई छूट के प्रचार-प्रसार के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।विशेष न्यायाधीश श्री लीलाधर सोलंकी द्वारा जिला एवं तहसील के समस्त न्यायाधीशगण के साथ नेशनल लोक अदालत की पूर्व तैयारी हेतु वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक कर जानकारी ली व अधिक से अधिक प्रकरणों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया जिस पर उपस्थित न्यायिक अधिकारी द्वारा सहमति जताई।साथ ही बीमा कम्पनी के अधिवक्तागण के साथ बैठक रखी गई जिसमें श्री सोलंकी नोडल अधिकारी द्वारा लोक अदालत के माध्यम से ऐसे सभी मामले जिनमें बीमा पॉलिसी की शर्तों का उल्लंघन नहीं हुआ है ऐसे मामलो को लोक अदालत में रेफर कर निराकृत करने हेतु निर्देशित किया गया जिस पर समस्त अधिवक्तागण ने सहमति जताई।

## नालसा व सालसा की योजनाओं से पैरालीगल वालेंटियर्स को किया जागरूक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधि सक्सेना के मार्गदर्शन एवं प्रेमदीप सांकला, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी के समन्वय से पैरालीगल वालेंटियर्स के मध्य विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न किया गया।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें**

उक्त शिविर को संबोधित करते हुए प्रेमदीप सांकला, व्यवहार न्यायाधीश सचिव ने पैरालीगल वालेंटियर्स को नालसा एवं सालसा की योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा गरीब, कमजोर, निर्धन, जेल में निरुद्ध बंदी, महिलाओं व बच्चों के संबंध में बहुत सी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इनका उद्देश्य जरूरतमंद गरीब पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सुनिश्चित करना है। समय-समय पर नालसा व सालसा की योजनाओं की जानकारी के लिए विधिक जागरूकता शिविर, अभियान आदि संचालित किए जा रहे हैं जिससे आमजनों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

**आईडी कार्ड वितरण**

उक्त कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर्स को आईडी कार्ड वितरित कर योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु प्रेरित किया गया। अनुपमा मुजाल्दे, जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से पात्र व्यक्तियों को अधिक से अधिक निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु पैरालीगल वालेंटियर्स को आवश्यक सुझाव दिए गए। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित हुए।

## बंगाल सहित अन्य राज्यों में भाजपा की जीत पर मंदसौर में मना जश्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में मिली सफलता का जश्न जिला मुख्यालय मंदसौर सहित जिले के सभी संगठनात्मक मंडलों में उत्साहपूर्वक मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने भारी उत्साह दिखाया। जिला भाजपा कार्यालय के बाहर आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति रही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिश बाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। विशेष रूप से बंगाल की जीत के उपलक्ष्य में कार्यकताओं ने झालमुड़ी बनाकर आम जनता को वितरित की।

विजय उत्सव के दौरान कार्यकताओं ने जिला कार्यालय से एक पैदल रैली निकाली, जो भाजपा के झंडों के साथ बस स्टैंड स्थित बालाजी मंदिर पहुंची। यहाँ सभी ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया और पुनः आतिशबाजी कर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पर कमल खिलना विचारधारा की जीत है और यह प्रचंड जनादेश तुष्टिकरण की राजनीति के अंत तथा विकास की राजनीति की शुरूआत का प्रमाण है। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी विनय दुबेला, जितेंद सिंह चौहान, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला गुप्ता, न.पा. अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्रसिंह चुण्डावत आदि उपस्थित थे।

## सराफा व्यापारी से 7 लाख की लूट: साइबर जांच से खुला राज, दो आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



नेपानगर क्षेत्र के डाभियाखेड़ा-साईखेड़ा रोड पर 3 अप्रैल की शाम सराफा व्यापारी रमेश ठाकुर से करीब ७ लाख रुपये के सोना-चांदी के जेवर लूटने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांच अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों से 1.10 लाख रुपये मूल्य के चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

**वारदात कैसे हुई**

नेपानगर के सराफा व्यापारी रमेश ठाकुर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह हर शुक्रवार नावरा में सोने-चांदी की दुकान लगाते हैं। 3 अप्रैल की शाम करीब 5.30 बजे वह बाइक से जा रहे थे। डाभियाखेड़ा के आगे एक सुनसान स्थान पर पांच अज्ञात बदमाशों ने उन्हें डरा-धमकाकर सोने-चांदी का झोला, मोबाइल और बाइक की चाबी छीन ली थी।

**साइबर जांच से खुला राज**

जांच में खकनार के सुरेश सिसौदिया का नाम सामने आया, जो पहले भी लूट के मामले में धारणी में गिरफ्तार हो चुका है। घटना वाले दिन वह नावरा बाजार में मौजूद था। साइबर सेल की मदद से जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि सुरेश और हर सिंह जमरे लगातार बाग टांडा, जिला धार के शातिर बदमाश रायचंद पिता फत्तू सिंह के संपर्क में थे। रायचंद पर पहले से लूट और डकैती के मामले दर्ज हैं।

एसपी देवेंद्र पाटीदार ने बताया कि पुलिस ने लाखों कॉल डिटेल और सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों तक पहुंच बनाई। मोबाइल लोकेशन की जांच में धार के आरोपी का मूवमेंट नावरा क्षेत्र में सामने आया। स्थानीय आरोपियों ने वारदात से पहले रैकी भी की थी। घटना के बाद आरोपी एक बाइक पेट्रोल खत्म होने पर सिरपुर के पास छोड़कर फरार हो गए थे।

**गिरफ्तार और फरार आरोपी**

गिरफ्तार*: सुरेश पिता गुलाब सिंह सिसौदिया (४१) निवासी मोहनगढ़ खकनार और हर सिंह पिता वेर सिंह जमरे निवासी मोहनगढ़ खकनार। दोनों ने पूछताछ में वारदात कबूल कर ली है।

फरार*: रायचंद पिता फत्तू सिंह निवासी मगरदा थाना बाग जिला धार, रवि, राजू और भाईला निवासी धार। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

गिरफ्तार आरोपियों से 1.10 लाख रुपये मूल्य के चांदी के जेवर बरामद किए गए हैं। इसमें आठ चूड़ियां, तीन जोड़ी पायजेब, एक कमरबंद, एक छल्ला और 12 लोंग शामिल हैं।

आरोपियों को पकड़ने में नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल, नावरा चौकी प्रभारी हेमेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक सुभाष मोरे, संदीप पटेल, दीपक राजपूत, आरक्षक संदीप वानखेड़े, साइबर सेल के दुर्गेश पटेल, ललित चौहान सहित अन्य की भूमिका रही। पुलिस ने इस केस को चुनौती के रूप में लेकर जांच की।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी झालमुरी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



भाजपा की जीत की खबर मिलते ही बड़वानी जिला मुख्यालय से लेकर गांवों तक जश्न का माहौल बन गया। पूरे जिले में कार्यकताओं ने जगह-जगह आतिशबाजी कर जश्न मनाया। जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि जिला मुख्यालय पर शाम 5 बजे श्रीराम चौक पर लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और झालमुरी बांटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

पश्चिम बंगाल, असम व पांडुचेरी में रुझानों में भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने पर पूरे जिले में जश्न का माहौल है।

इस अवसर खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि पश्चिम बंगाल का चुनाव परिणाम का स्पष्ट कारण है कि वहां की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी सुरक्षा के लिए, अपने सनातन की रक्षा के लिए और पश्चिम बंगाल के विकास के लिए भाजपा को चुना है। और ममता बनर्जी का 15 सालों का अत्याचार, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी वाले शासन का अंत किया है।

ममता के 15 सालों में अनेक भाजपा कार्यकर्ताओ की हत्या हुई, अनेक महिला कार्यकर्ताओ के साथ बलात्कार हुए जो अंग्रेजो के राज से भी बदतर था आज मोदीजी के नेतृत्व में अन्यायकारी सरकार का अंत हुआ।

आगे उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में देश की सीमाओं की सुरक्षा, घुसपैठियों को निकालना व घुसपैठ बंद करने के साथ महिलाओ को सुरक्षा देना प्रमुख काम रहेगा।

वही जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि यह जीत पीएम मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार के विकास कार्यों पर जनता की मुहर है।जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान, जिला महामन्त्री भागीरथ कुशवाह, मण्डल अध्यक्ष शुभम पांडे, मुनिरा सालीवाला, वरिष्ठ अंतिम अग्रवाल, नरेंद्र बर्फा, सहित जिला पदाधिकारी व अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुआ राष्ट्रगान

**बड़वानी।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम कार्य दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान जन-गण-मन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सोहन कनाश, डिप्टी कलेक्टर आकाश यादव, सीएमओ बड़वानी श्रीमती सलोनी शर्मा सहित कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस पर आयोजित होने वाले इस सामूहिक गायन का मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना है। साथ ही, इसके माध्यम से सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी टीम भावना के साथ कार्य करें।

## भाजपा की जीत पर उज्जैन की बंगाली कॉलोनी में जश्न मना

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के शुरूआती रुझानों में भाजपा की बढ़त के बाद उज्जैन की बंगाली कॉलोनी में जश्न का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृहनगर में ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया गया, मिठाइयां बांटी गईं और लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी।

सोमवार दोपहर से ही बंगाली समुदाय के लोग सड़कों पर उतरकर अपनी खुशी का इजहार करने लगे। यह जश्न पश्चिम बंगाल में भाजपा की मजबूत स्थिति के शुरूआती संकेतों के बाद शुरू हुआ। जश्न में युवक-युवतियां और बुजुर्ग ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते दिखे। लोगों ने तिरंगा और पार्टी के झंडे लहराए, मिठाइयां बांटीं और एक-दूसरे को बधाई दी।

इस अवसर पर उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी भी शामिल हुए। उन्होंने लोगों के साथ खुशी साझा की, शंख बजाया और झांझ मंजीरे बजाकर मिठाइयां वितरित कीं। स्थानीय लोगों ने इस उत्सव को केवल राजनीतिक बढ़त का नहीं, बल्कि बदलाव की उम्मीद का प्रतीक बताया।

अनीता चक्रवर्ती ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस पल का लंबे समय से इंतजार था। अंकित चक्रवर्ती ने दावा किया कि अब बंगाल में माहौल बदलेगा और लोग खुलकर जीवन जी सकेंगे। हालांकि, चुनाव के आधिकारिक नतीजे अभी पूरी तरह घोषित नहीं हुए हैं। फिर भी, शुरूआती रुझानों ने समर्थकों में भारी उत्साह भर दिया है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन भी मुस्तैद है, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। जानकारी के अनुसार, शाम को शहर के भाजपा लोकशक्ति कार्यालय पर भी जीत के जश्न के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हो सकते हैं।

## 4 मई से शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बड़वानी में प्रवेश प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बड़वानी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित यह प्रवेश प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए तकनीकी क्षेत्र में सशक्त करियर निर्माण का सुनहरा अवसर प्रदान करती है।

आज के तेजी से बदलते समय में तकनीकी शिक्षा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम ऐसे विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी हैं, जो कम समय में रोजगारपरक कौशल प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहते हैं। सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस जैसी शाखाएं न केवल वर्तमान समय की मांग हैं, बल्कि आने वाले वर्षों में इनके माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार की असीम संभावनाएं भी उपलब्ध हैं।

सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भवन निर्माण, सड़क, पुल एवं अधोसंरचना विकास में व्यापक अवसर हैं, वहीं कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक, सॉफ्टवेयर, डेटा और ऑनलाइन सेवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण रोजगार की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थी सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय भी स्थापित कर सकते हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान में आधुनिक प्रयोगशालाएं, अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी तथा उद्योग आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। यहां विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यवहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है।

## न्यूज -कॉलम

### खाचरौद स्टेशन पर मिला लापता 13 साल का बालक



**उज्जैन।** बड़नगर में रहने वाला 13 साल का बालक रविवार को घर से लापता हो गया था। परिजनों से सभी जगह तलाश करने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने नाबालिग बालक के लापता होने पर मामले को गंभीरता से लिया और एएसआई गोर्वधनदास बैरागी, प्रधान आरक्षक राहुल सिंह राठौर, महिला आरक्षक ज्योति हाडा, आरक्षक नारायण सरा की टीम गठित की क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। 8 घंटे की तलाश के बाद पता चला कि उक्त बालक खाचरौद रेलवे स्टेशन पर दिखाई दिया है। तत्काल टीम खाचरौद पहुंची और बालक को तलाश कर दस्तयाब कर लिया। बड़नगर लाने पर बालक से पूछताछ में सामने आया कि परिजनों से उसे स्कूल ना जाने की बात पर फटकार लगाई थी। जिसके चलते वह नाराज होकर घर से बिना बताये चला गया था। बालक को समझाईश के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

### रात में अचानक चिमनगंज थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक

**उज्जैन।** कानून व्यवस्था को बनाये रखने और बदमाशों पर लगातार सख्त एक्शन लेने वाले पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा रविवार-सोमवार रात अचानक चिमनगंज थाना पहुंच गये। पुलिस अधीक्षक को देख थाना स्टॉफ अलर्ट हो गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना भवन का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व्यवस्था के साथ हवालात देखी। उन्होने थाना प्रभारी विवेक कनोडिया से क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी ली और कानून व्यवस्था को बनाये रखने, लंबित मामलों का निराकरण करने के साथ जनता के साथ बेहतर व्यवहार के निर्देश दिये। करीब आधे घंटे तक पुलिस अधीक्षक थाने पर मौजूद रहे।

### रेस्टोरेंट में तोड़फोड करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

**उज्जैन।** नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौररोड स्थित श्रीकृष्णा रेस्टोरेंट में रविवार-सोमवार रात हुई तोड़फोड़ के मामले में शामिल 4 युवकों लाखन, श्रवण, आशीष और संदीप निवासी कालापत्थर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चारों का एक साथी सन्नी फरार है। एएसआई राजेश जाट ने बताया कि रेस्टोरेंट का संचालन सोम कुमार यादव द्वारा किया जाता है। रात में उनकी शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। इस दौरान सामने आया कि पांचों युवक विवाद कर रहे थे। जिसका मोबाइल से सोम कुमार ने वीडियो बना लिया था। पांचों ने वीडियो बनाते सोम को देखा तो मोबाइल छीन लिया और रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की थी। बताया जा रहा है कि गिरफ्त में आये चारों युवक शादियों में इवेंट का काम करते है। रात में वह पाऊच-गुटका लेने पहुंचे थे।

### प्रशांतिधाम के पास 2 परिवारों में विवाद, 4 घायल

**उज्जैन।** इंदौररोड प्रशांतिधाम के पार रेती घाट क्षेत्र में रहने वाले 2 परिवारों के बीच रविवार-सोमवार रात विवाद हो गया। एक परिवार से तीन और दूसरे से एक युवक घायल हुआ है। चरक अस्पताल में भर्ती बालचंद पिता रतनलाल 40 साल ने बताया कि विवाद में उनके परिवार से पत्नी दुर्गाबाई, पुत्र रामबाबू घायल है। वहीं साले विष्णु और रिश्तेदार गोकुल को भी मामूली चोंट लगी थी। बालचंद के अनुसार पड़ोस में रहने वाला आशीष शराब पीने का आदी है, आये दिन घर के सामने गाली-गलौच करता है। रात में गाली देने से मना किया तो उसने अपने साथी देबू, पप्पू और अन्य के साथ मिलकर पाईप, डंडे और पत्थरों से हमला किया। दूसरे पक्ष से आशीष नामक युवक घायल है। मामले में नानाखेडा थाना पुलिस विवेचना कर रही है।

### साईड मांगी तो मिली जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** सेठीनगर में रहने वाला रामप्रतापसिंह पिता शिवचरण भदौरिया 33 साल रविवार रात 11.30 बजे कार से अपने घर लौट रहा था। सनशाइन स्कूल की गली से गुजरते समय सामने दूसरी कार खडी थी। रामप्रतापसिंह ने साइड मांगी तो कार में सवार कुछ युवकों ने विवाद शुरू कर दिया और बेसबॉल के डंडे से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने रामप्रतापसिंह की शिकायत पर मामले में मारपीट कर धमकी देने वालों के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बी, 351 (3), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट करने वालों को रामप्रतापसिंह चेहरे से पहचानता है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 123-6 | 459-8 |
| मेन बाजार | 289-9 | 600-6 |
| कल्याण नाइट | 350-8 | 677-0 |
| मिलन डे | 480-2 | 145-0 |
| मिलन नाइट | 235-0 | 247-3 |
| मधुर डे | 679-2 | 236-1 |
| मधुर नाइट | 489-1 | 247-3 |
| शुभांक | 2 3 | 9 |

## एक का मिला सुराग, दूसरे में बाइक सवारों की तलाश...

# सुभाषनगर-सार्थकनगर के 2 मकानों में चोरी की वारदात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र के सुभाषनगर और सार्थक नगर के 2 मकानों में चोरी की बड़ी वारदात होना सामने आया है। सार्थकनगर में वारदात करने वाले बाइक से आये थे। सुभाषनगर में हुई चोरी का सुराग मिल चुका है। वारदात में रिश्तेदार युवकों के शामिल होने की शंका है। जिसका खुलासा जल्द किया जा सकता है।

सुभाषनगर की ओम रेसीडेंसी में रहने वाली साक्षी राठौर इंजीनियर है। वहीं पति देवेन्द्र राठौर भी बैंगलूर में इंजीनियर है। साक्षी 18 अप्रैल से परिवार में शादी होने पर मंदसौर गई हुई थी। 2 मई को वापस लौटी तो ताला टूटा हुआ मिला। लाखों के आभूषण और कीमती सामान चोरी पर मामले की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई। दूसरी वारदात सार्थकनगर में रहने वाले जैन दंपति आंचल और विनय जैन के मकान में हुई। 2 दिनों से परिवार राजस्थान धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। 2 मई को लौटने पर उनके मकान का भी ताला



टूटा मिला। बदमाशों ने लाखों के आभूषण और नगदी चोरी कर लिया था। सूचना पर नीलगंगा थाना पुलिस जांच के लिये पहुंची। इस दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसमें बाइक पर सवार 2 संदिग्ध दिखाई दिये।

एक के चेहरे पर नकाब के रूप में रूमाल बंधा हुआ था। दूसरे ने हेलमेट लगा रखा था। पुलिस बाइक नम्बर ट्रेस करने का प्रयास कर रही है। जिसके आधार पर बदमाशों का पता लगाया जायेगा। नीलगंगा थाना क्षेत्र में कुछ दिनों में तीसरी चोरी की वारदात होना सामने आया है। सामने आई सुभाषनगर और सार्थक नगर की वारदात से पहले 26 अप्रैल को तिरूपति डायमंड कालोनी में रहने वाले इंजीनियर-शिक्षिका दंपति तवंर परिवार के मकान में 40 लाख के लगभग की चोरी होना सामने आया था। उक्त वारदात के दौरान स्कूटी सवार 2 बदमाशों के फुटेज सामने आये थे। यहीं नहीं 1 मई को दिनदहाड़े पंवासा थाना क्षेत्र के माधौपुरा में वार्ड क्रमांक 40 की पार्षद के मकान में चोरी की वारदात हुई थी। बदमाश कार से आये थे, जिनका पता लगाने के प्रयास पंवासा था पुलिस कर रही है। इन दिनों शादी-समारोह का सीजन चल रहा है, कई परिवार शहर से बाहर जा रहे है, मकान सूने होने का फायदा बदमाशों द्वारा उठाया जा रहा है। जिसके चलते चोरी की वारदात का ग्राफ बड़ता दिखाई दे रहा है।

### रिश्तेदार युवकों से शंका में पूछताछ



सुभाष नगर में इंजीनियर दंपति के यहां हुई चोरी में रिश्तेदार नाबालिग युवकों पर शंका जताई गई है। जिनका साक्षी राठौर के घर आना जाना था। शंका के आधार पुलिस 2 नाबालिग युवकों से पूछताछ कर रही है। संभावना है कि जल्द पुलिस मामले का खुलासा कर सकती है।

# खाचरौद में आधी रात को जिला सहकारी बैंक के टूटे ताले

## लॉकर में रखे थे 85 लाख, बैंक से गायब हुआ सीपीयू

**उज्जैन।** खाचरौद में रविवार-सोमवार रात जिला सहकारी बैंक के ताले टूट गये। बैंक में घुसने वालों ने सिर्फ बैंक डाटा से लोड़ सीपीयू गायब किया है। जबकि लॉकर में 85 लाख रूपये रखे थे। मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। चपरासी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

खाचरौद गल्ला मंडी के सामने जिला सहकारी बैंक में सोमवार सुबह चपरासी श्यामनारायण पहुंचा तो ताला टूटा मिला। मामले की सूचना बैंक अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों के आने पर पता चला कि ताला तोड़ने के बाद बदमाश अंदर पहुंचे थे, उन्होने



सीसीटीवी कैमरों के साथ सभी कम्प्यूटर सिस्टम के तार काटे है। कैश लॉकर सुरक्षित है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जांच के दौरान सामने आया कि ताला तोड़ने वाले बैंक डाटा से लोड़ सीपीयू अपने साथ ले गये है। पुलिस ने कैमरों के फुटेज देखने का प्रयास किया तो कैमरे का डीवीआर भी अपडेट होना नहीं पाया गया। जिसके चलते ताला तोडने वाला का सुराग नहीं मिल पाया। बैंक अधिकारियों से डीवीआर मांगा गया लेकिन उन्होने बैंक टेक्निशियन के आने पर डीवीआर देने की बात कहीं। मामले में एसआई ईश्वर जोशी ने बताया कि मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। बैंक लॉकर में 80 से 85 लाख केश रखा था लेकिन ताला तोड़ने वालों ने लॉकर को हाथ तक नहीं लगाया। उन्होने सिर्फ कम्प्यूटर सिस्टम चैक किये और बैंक डाटा से लोड सीपीयू गायब किया है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज भी देखने का प्रयास किया जा रहा है। चपरासी से पूछताछ में पता चला है कि वह रविवार को अवकाश होने पर बैंक आया था। सफाई और जरूरी काम के बाद शाम 6 बजे ताला लगाकर लौट गया था। एसआई जोशी के अनुसार चपरासी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

# आगर-मालवा से गांजा लेकर आया था ड्रायवर



**उज्जैन।** गांजा बेचने की फिराक में आये युवक की खबर मिलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के लिये घेराबंदी की। युवक के हिरासत में आने पर उसके पास से 30 हजार रूपये कीमत का गांजा बरामद हो गया। युवक को सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 7 मई तक रिमांड पर लिया गया है।

माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि रविवार शाम खबर मिली थी कि विक्रमनगर ब्रिज के नीचे एक युवक गांजा बेचने आया हुआ है। वह किसी का इंतजार कर रहा है। जिसकी धरपकड़ के लिये एएसआई एमएस अलावा, आरक्षक संजय बिजापारी, मयूर सोनी के साथ ब्रिज के नीचे घेराबंदी की गई। पिल्लर के पास एक युवक दिखाई दिया, जिसके पास थैली थी, उसे हिरासत में लिया गया और थैली की तलाशी ली तो उसमें गांजा भरा होना पाया गया। पूछताछ करने पर युवक का नाम लखन पिता जगदीशदास बैरागी 30 साल निवासी देवली मार्ग आगर मालवा सामने आया। उसके पास से बरामद गांजा 1 किलो 900 ग्राम कीमत 30 हजार का होने पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। मामले की जांच एसआई सालगराम चौहान को सौंपी गई है। सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश कर 7 अप्रैल तक रिमांड पर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में लखन ने बताया कि वह ड्रायवरी करता है। गांजा आगर-मालवा से लेकर आया था। इसी आधार पर एसआई चौहान टीम के साथ लखन को आगर मालवा लेकर पहुंचे है। जहां गांजा उपलब्ध कराने वाले की तलाश की जा रही है।

# टीओटी के 11 वें दिन सिंहस्थ 2028 की ग्राउंड प्लानिंग

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे 2028 में सिंहस्थ कुंभ का आयोजन होगा। जिसको लेकर ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सोमवार को 11 वें दिन ग्राउंड प्लानिंग पर अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

सिंहस्थ 2028 में देश-विदेश से 2 माह के दौरान उज्जैन में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था, भीड़-यातायात प्रबंधन और आपदाओं से निपटने के लिये 24 अप्रैल को डीजीपी कैलाश मकवाना उज्जैन पहुंचे थे और उन्होने पुलिस सामुदायिक भवन में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की थी। 21 दिवसीय अभियान में सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के साथ संभाग के पुलिसकर्मियों को प्रतिदिन अलग-अलग सत्र में सिंहस्थ को लेकर फील्ड विजिट के माध्यम से तैयार किया जा रहा है। सोमवार को अभियान का 11 वां दिन था। जिसमें मैदान से माइंड तक की तैयारी भीड प्रबंधन, इंटेलिजेंस और रूट मैपिंग के माध्यम से हर चुनौती के लिये तैयार रहने का प्रशिक्षण देकर ग्राउंड प्लानिंग का जोर दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को अत्यधिक भीड़ वाले धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रभावी प्रबंधन, सटीक अभिसूचना संकलन और त्वरित समन्वय में दक्ष बनाना है। ग्राउंड प्लानिंग के दौरान पहले सत्र में होल्डिंग एरिया और ट्रैफिक प्लानिंग की जानकारी सुबह के सत्र में डीआईजी खंडवा मनोज राय ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों को बताया कि बड़े आयोजनों के दौरान भीड़ को सुरक्षित स्थानों पर रोकने (होल्डिंग), डायवर्जन प्लानिंग और दबाव के समय यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिये कैसे काम करना है। द्वितीय सत्र में रामजी श्रीवास्तव (एसपी शहडोल) ने अभिसूचना संकल पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय स्तर पर सूचनाओं के संग्रहण, संवेदनशील इनपुट के विश्लेषण और त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ स्पष्ट किया। सिंहस्थ महाकुंभ में साधु-संतो की पेशवाई निकलेगी। इसको लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को ऑन-ग्राउंड ट्रेनिंग दी गई। डीएसपी ट्रैफिक विक्रम सिंह कनपुरिया के नेतृत्व में पेशवाई मार्ग का भ्रमण किया। इस दौरन पेशवाई के दौरान निकलने वाले जुलूसों, श्रद्धालुओं के प्रवाह और उस मार्ग की भौगोलिक चुनौतियों के अनुसार सुरक्षा घेरा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया।

### शाम ढलने पर हवा ने बदला मौसम का मिजाज

**उज्जैन।** भीषण गर्मी के दौर में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। सोमवार शाम ढलने पर हवा ने एक बार फिर मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल दिया। दिन में बादलों की आवाजाही से उमस बढ़ने लगी थी, लेकिन अंधेरा होने पर गर्मी से राहत मिली और बारिश की संभावना नजर आने लगी थी। अप्रैल माह का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही तापमान में तेजी आने लगी थी, 25 अप्रैल को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा था और तापमान 43 डिग्री दर्ज किया गया था। 27-28 अप्रैल को न्यूनतम भी 26 डिग्री पहुंच गया था। ऐसा लग रहा था कि मई माह में तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच जायेगा। लेकिन 30 अप्रैल से दिन-रात के तापमान में गिरावट आने लगी। मई माह की शुरूआत होने पर तापमान 40 डिग्री दर्ज हो रहा था, सोमवार को 39 डिग्री दर्ज हुआ। दिन में बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। तभी शाम को अचानक हवा की रफ्तार तेज हो गई और मौसम पूरी तरह से बदल गया। ठंडी हवा से गर्मी से राहत महसूस हो रही थी। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर मौसम में बदलवा आया है। 2 से 3 दिन ऐसा ही मौसम बना रहेगा और तापमान में उतार-चढाव दर्ज होगा। प्रदेश के कई जिलों में तेज हवा के साथ आंधी-बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री महेश जैन पिता छोगालालजी जैन निवासी शास्त्रीनगर उज्जैन तहसील उज्जैन कृषक ग्राम धन्नाखेडी तहसील घट्टिया से उनके नाम की तथा उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर 260/2 रकबा 0.80 हैक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.80 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम धन्नाखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार व उक्त वर्णित कृषि भूमि पर कोई दावा-आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 04-05-2026

**अश्विन पलोड़ ( दस्तावेज लेखक )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन मो. 99265-32350**



### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार केनरा बैंक शाखा सांवेर तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) की ओर से सूचित किया जाता है कि संपत्ति क्रमांक 106, स्थित वार्ड न 12, कायस्थ मोहल्ला तहसील सांवेर जिला इन्दौर कुल क्षेत्रफल 47.39 वर्गमीटर जिसके पूर्व में रास्ता, पश्चिम में मूल्याबाई का मकान, उत्तर में कॉमन रास्ता, तथा दक्षिण में मूल्या बाई का भूखण्ड मिला है, की प्रतिभूति पर वित्तीय सुविधा प्रदान किये जाने विषयक आवेदन प्रस्तुत किया है। वर्तमान स्वामीगणो (01) श्री राजेश यादव पिता श्री हेमराज यादव एवं (2) श्रीमती मंजू यादव पति श्री राजेश यादव ने अवगत कराया है कि उक्त संपत्ति के स्वामित्व से सम्बंधित मूल लिंक दस्तावेज एक पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक अ-1/1116 पंजीयन दिनांक 17.03.1986 जिसके माध्यम से श्री मोहनलाल पिता फकिर चन्द द्वारा संपत्ति का विक्रय श्री गेंदालाल पिता श्री मोतीराम को किया गया था, तदुपरांत श्री गेंदालाल पिता श्री मोतीराम की मृत्यु हो जाने उपरांत उनके विधिक वारिसान श्रीमती मूल्याबाई पति श्री गेंदालाल एवं अन्य स्वामी हुए। श्रीमती मूल्याबाई पति गेंदालाल द्वारा (1) श्री योगेश (2) श्री कमल (3) श्री सचिन पुत्रगण गेंदालाल के द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय ई पंजीकृत विक्रय विलेख-एमपी - एमपी 179112019ए 1155767 मुद्रण दिनांक 06. 03.2019 के माध्यम से श्रीमती धापुबाई पति श्री लालचंद को किया गया मूल कहीं गुम हो गये है, काफी ढूंढने के पश्चात् भी नहीं मिल रहे है। जिसके संबंध में उनके द्वारा विधिवत प्रथम सूचना रिपोर्ट संबंधित आरक्षी केन्द्र को दी गई है। अत: मेरे पक्षकार की ओर से सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित गुम हुवे दस्तावेज किसी व्यक्ति, बैंक, पेढी, संस्था, वित्तदायी संस्था आदि के पास बंधक हो या उक्त के आधार पर कोई ऋण लिया गया हो या संपत्ति पर किसी का कोई लेना देना ऋण, भार हो या संपत्ति के स्वामित्व, कब्जे या विक्रय के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालयीन कार्रवाई दावा आदि चल रहा हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात दिवस) की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्रवाही की जाएगी तथा ऋण स्वीकृत किए जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण दायित्व मेरे पक्षकार केनरा बैंक शाखा सांवेर तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) का रहेगा, तथा बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो इति दिनांक 04.05.2026

**जम्बूकुमार जैन एडवोकेट एवं नोटरी ( भारत सरकार )**
**23. शंकु मार्ग, माधवनगर, उज्जैन मो. 9669666697**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी श्री अनिल कुमार भावसार पिता श्री बद्रीलाल भावसार, निवासी-30 चन्द्रशेखर आजाद मार्ग, गली क्रमांक-10 उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में भवन क्रमांक-2/14 श्रेणी एलआईजी. जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन की जवाहर नगर योजना उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। भवन एक मंजिला आर. सी. सी. की छत का बना है। उक्त भवन की पैमाईश में भवन / भूखण्ड के सामने 08.50 मीटर, पीछे 08.50 मीटर एक बाजू 12.00 मीटर तथा दूसरी बाजू 12.00 मीटर होकर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-102.00 वर्गमीटर है। भवन की चर्तु:सीमा में उत्तर-पूर्व दिशा में-30.00 मीटर चौडी सडक, दक्षिण-पश्चिम दिशा में-भवन क्रमांक-2/20 एवं 2/21 के भाग, पश्चिम-उत्तर दिशा में भवन क्रमांक-2/15, पूर्व-दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक-2/13 स्थित है। उक्त पैमाईश व चर्तु:सीमा के मध्य स्थित भवन को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भवन पर क्रय अनुबंधीत के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक-04.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के द्वारा, विक्रेतागण केशरबाई बेवा मांगीलाल, जगदीश, कन्हैयालाल, दिलीप पुत्रगण स्व. मांगीलाल एवं कविता, सीमा पुत्रीगण स्व. मांगीलाल समस्त निवासीगण एवं कृषकगण पानबिहार की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 83 रकबा 0.74 हेक्टेयर एवं सर्वे नम्बर 84 रकबा 0.43 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 85/2 रकबा 0.22 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 815 रकबा 1.85 हेक्टेयर कुल किता 04 कुल रकबा 3.24 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को कय की है। उक्त वर्णीत भूमि को अब मेरे पक्षकार द्वारा कय की जाकर विक्रेतापक्ष को बयाना राशि अदा करदी गई होकर, अनुबंध पत्र का संपादन करवा कर नियत अवधि में विक्रय पत्र का सम्पादन करवाना शेष रहा है, विक्रय पत्र का सम्पादन मेरे पक्षकार या मेरे पक्षकार के चाहे गए नाम पर नामे करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित कि हो या किसी भी व्यक्ति की लेनदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात (07) दिवस की अवधि में मय लिखीत प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मे आकर सम्पर्क करें, एंव अपना बावा एंव आपत्ति रखे। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के द्वारा संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिंनाक-04-05-2026

**अरविंद शर्मा ( सर्वीस प्रोवाईडर )**
**सीट न. 1 तहसील परिसर घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 9424014405, 9753037086**

## जब किसी पर गुस्सा आए



आज सुबह-सुबह एक सहयोगी आया, काफी नाराज लग रहा था। उसे किसी वरिष्ठ का ई-मेल आया था, जिससे उसे चोट लगी थी। बॉस ने बड़ी होशियारी से शहद में डुबोकर शब्द लिखे थे, लेकिन थी तो वह आलोचना। पहले तो सहयोगी ने अपनी भड़ास निकाली, फिर थोड़ा तापमान कम हुआ, तो जवाब देने की तैयारी करने लगा। मैंने कहा, इस पल तुम जो भी जवाब दोगे, वह गलत होगा। वह तुम्हारे क्रोध से निकलेगा, दिमाग से नहीं और जो भी लिखोगे, वह इतना कड़वा होगा कि उसके लिए बाद में पछताना पड़ेगा, इसलिए फिलहाल थोड़ा ब्रेक ले लो। थोड़ा घूमने निकल जाओ, एक कप कड़क चाय पी लो। उसकी हालत देखकर मुझे विज्ञान भैरव तंत्र का एक ध्यान याद आया : जब किसी के प्रति या किसी के पक्ष में कोई भावना उठती है, तो उसे उस व्यक्ति पर न थोपें, वरन अपने भीतर देखें। केंद्र वहां है। यह अच्छी तरह से जान लें कि आपके अंदर उठने वाली हर भावना का स्रोत आप ही हैं, इसलिए दूसरे को जिम्मेदार न मानें, बल्कि स्रोत की ओर जाएं। जब आपको नफरत महसूस हो, तो उस बिंदु की ओर जाएं, जहां से वह नफरत आ रही है। उस व्यक्ति के बारे में न सोचें, जिसके लिए वह नफरत है। अपनी नफरत, प्यार, गुस्सा या किसी भी भावना को अपने आंतरिक केंद्र, यानी स्रोत की ओर की गई एक यात्रा के रूप में इस्तेमाल करें। ओशो कहते हैं, इसे आजमाकर देखें। यह एक बहुत ही वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक तकनीक है। किसी ने आपका अपमान किया, अचानक गुस्सा फूट पड़ता है। आप आवेश में आ जाते हैं। गुस्सा उस व्यक्ति की ओर बहने लगता है, जिसने आपका अपमान किया है। अब आप अपना सारा गुस्सा उसी पर उतार देंगे, जबकि उसने असल में कुछ भी नहीं किया है। अगर उसने आपका अपमान किया है, तो उसने बस आपको उकसाया है, उसने आपके गुस्से को बाहर निकालने में मदद की है, लेकिन वह गुस्सा तो आपका ही है। अगर वह बुद्ध के पास जाकर उनका अपमान करे, तो वह बुद्ध के भीतर जरा भी गुस्सा पैदा नहीं कर पाएगा। सूखे कुएं में बाल्टी डालते हैं, तो उसमें से कुछ भी बाहर नहीं आता, लेकिन अगर आप पानी से भरे कुएं में बाल्टी डालते हैं, तो पानी बाहर आता है, मगर वह पानी तो कुएं का ही होता है न। भाव के साथ खूबी है कि वह ज्यादा देर टिकता नहीं है, उसका स्वभाव है बहना। उसकी तीव्रता भी कम-ज्यादा होती रहती है। इसलिए जवाब देने से पहले थोड़ा इंतजार करना हमेशा फायदेमंद होता है। शांत होकर खुद को देखने से यह भी दिखाई दे कि वह आदमी सच कह रहा था, उसने मुझे सिर्फ आईना दिखाया था। अब आईने में मेरा चेहरा कुरूप दिखाई दे, तो आईने का क्या कसूर?

सम्पादकीय

## फाल्टा में पुनर्मतदान

पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान को रद्द करते हुए निर्वाचन आयोग ने वहां के सभी बूथों पर 21 मई को फिर से मतदान कराने के जो आदेश दिए हैं, उसके गहरे निहितार्थ हैं। यह चुनाव आयोग की शक्ति की मुनादी करने वाला निर्णय है। हालांकि, इस कदम से आयोग की छवि कोई निखरी नहीं है, बल्कि उसकी नाकामी ही सामने आई है। आखिर जिन अनियमितताओं और धांधली के कारण उसे यह सख्त कदम उठाना पड़ा है, उनको न होने देने के लिए ही उसने बंगाल विधानसभा के मतदान दो चरण में कराए थे। दोनों चरणों में छह दिनों का अंतराल रखा गया था, बल्कि पहले चरण के मुकाबले दूसरे चरण में मतदान भी कम सीटों पर थे। जैसे कि ब्योरे हैं, इस बार पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के 2.4 लाख से ज्यादा जवान तैनात किए गए थे। यह संख्या पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले लगभग तीन गुना अधिक बताई जाती है। सीएपीएफ ने अपना कंट्रोल रूम बनाया था, त्वरित कार्रवाई के लिए बड़े पैमाने पर टीमें गठित की गई थीं, फिर फाल्टा में इतनी अधिक धांधली कैसे हुई कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान की नौबत आ गई?

इस बार के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में जितने नाटकीय घटनाक्रम उपस्थित हुए हैं, पिछले दो दशक में किसी अन्य चुनाव में देखने को नहीं मिले। इसकी शुरूआत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से हुई। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिससे किसी राजनीतिक दल को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि एक सफल लोकतंत्र की बुनियाद ही साफ-सुथरा चुनाव है और त्रुटिहीन मतदाता सूची के बगैर वह मुमकिन नहीं। जिस काम को चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों को मिल-जुलकर पूरा करना था, उसी काम के लिए वे सुप्रीम कोर्ट में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हुए और सर्वोच्च न्यायालय को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा। बावजूद इसके विडंबना यह है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम आज आ रहे हैं, पर यहां के करीब 27 लाख मतदाता ह्यतार्किक विसंगतिह्न के कारण वोट डालने से वंचित रह गए। इतनी विशाल संख्या में मतदाता किसी लोकतंत्र में मूकदर्शक बना रह जाए, तो यह गंभीर चिंता की बात है। इस चुनाव ने एक बड़े विमर्श को खड़ा किया है, जिसका सर्वमान्य हल निकालना चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों का ही दायित्व है। फाल्टा विधानसभा क्षेत्र उस वक्त राष्ट्रीय सुर्खियों में आया था, जब तृणमूल प्रत्याशी जहांगीर खान द्वारा अपने विरोधियों को धमकाने की शिकायतें मिलने पर चुनाव पर्यवेक्षक अजयपाल शर्मा का एक चेतावनी भरा वीडियो वायरल हुआ था।

### बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत, राजनीतिक मायने और विपक्ष का

# ममता का किला ढहा, भगवा लहर का उदय



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की ऐतिहासिक जीत ने न केवल ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 15 वर्षीय शासन को समाप्त कर दिया, बल्कि पूरे भारतीय राजनीति के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया। रुझानों और अंतिम परिणामों के अनुसार, बीजेपी ने 294 सीटों वाली विधानसभा में 165 से अधिक सीटें हासिल कर स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया, जबकि टीएमसी 100 सीटों के आसपास सिमट गई। कांग्रेस और सीपीआई(एम) जैसे पारंपरिक विपक्षी दल क्रमशः 2-3 और 1-2 सीटों तक सीमित रह गए। यह परिणाम 2021 के चुनाव से पूरी तरह उलट हैं, जब टीएमसी ने 213 सीटों के साथ प्रचंड बहुमत हासिल किया था। बीजेपी का वोट शेयर 2016 के मात्र 10% से बढ़कर 2024 के लोकसभा चुनावों में 39% हो चुका था, और अब यह पूर्ण सत्ता में तब्दील हो गया।

इस जीत के पीछे कई बहुआयामी कारक कार्यरत थे। सबसे पहले, एंटी-इनकंबेंसी लहर ने जोरदार तरीके से अपना प्रभाव दिखाया। ममता बनर्जी सरकार पर भ्रष्टाचार, कटमनी, घुसपैठ और राजनीतिक हिंसा के गंभीर आरोप लगे थे। विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्क्ह) अभियान के तहत वोटर लिस्ट से 27 लाख कथित फर्जी नाम हटाए गए, जिसने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को केंद्र में ला खड़ा किया। मातुआ समुदाय-जो बांग्लादेशी हिंदू शरणार्थियों का सबसे बड़ा वोट बैंक है-ने नागरिकता संशोधन कानून के कार्यान्वयन के बाद बीजेपी का पूर्ण समर्थन किया। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में ळटउ कार्यकताओं द्वारा हिंसा, ने गैर-टीएमसी मतदाताओं को एकजुट किया। पहले चरण में 92.88% का रिकॉर्ड मतदान इसी असंतोष का प्रमाण था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के आक्रामक प्रचार ने इस लहर को और तेज किया। मोदी ने 'अंग-बंग-कलिंग' (बंगाल, बिहार, ओडिशा) में बीजेपी शासन का नारा दिया, जबकि शाह ने 152 में से 110 सीटों पर बढ़त का दावा किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हिंदुत्व, विकास और 'बुलडोजर बाबा' की छवि के साथ हिंदू मतदाताओं को लामबंद किया। महिला आरक्षण बिल को केंद्र सरकार की विफलता बताने वाले विपक्षी दावों को बीजेपी ने पलटकर टीएमसी के कुशासन से जोड़ा। उच्च मतदान ने दबे हुए वोटरों-खासकर महिलाओं और युवाओं-को बाहर निकाला, जो टीएमसी के 'खेला होगा' नारे से प्रभावित नहीं हुए।

ममता बनर्जी की 'अजेय दीदी' वाली छवि इस हार के साथ पूरी तरह ध्वस्त हो गई। 2011 से बंगाल पर काबिज टीएमसी को अब विपक्ष की भूमिका निभानी पड़ेगी, जो उसके लिए अपरिचित चुनौती है। पार्टी में आंतरिक कलह की आशंका बढ़ गई है, क्योंकि शुभेंदु अधिकारी जैसे पूर्व ळटउ नेता बीजेपी में सफल साबित हुए। ममता ने एग्जिट पोल्स को 'बीजेपी का पेड नैरेटिव' करार दिया और केंद्र पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया, लेकिन रुझान सरकार गंवाने की ओर स्पष्ट इशारा कर रहे थे। टीएमसी ने चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए, परंतु निष्पक्षता के प्रमाण-जैसे रिकॉर्ड मतदान-ने इन दावों को कमजोर कर दिया। भविष्य में टीएमसी का पुनर्गठन कठिन होगा, क्योंकि उसका जमीनी संगठन भ्रष्टाचार के दागों से ग्रस्त हो चुका है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस जीत के मायने गहन हैं। 2024 लोकसभा चुनावों में सीमित बहुमत वाली मोदी 2.0 सरकार को बंगाल ने पूर्ण राज्य सरकार के रूप में मजबूत आधार प्रदान किया। पूर्वी भारत में बीजेपी का विस्तार-असम और बिहार के साथ अब बंगाल-हिंदुत्व और विकास मॉडल की अपार सफलता का प्रमाण है। विपक्षी गठबंधन कमजोर पड़ जाएगा, क्योंकि टीएमसी का राष्ट्रीय कद घटेगा। उत्तर प्रदेश 2027 और बिहार चुनावों पर इसका सीधा असर पड़ेगा, जहां बीजेपी मजबूत स्थिति में होगी। संघ परिवार की संगठनात्मक क्षमता ने क्षेत्रीय दलों को कड़ी टक्कर दी, जो भविष्य के चुनावी रणनीतियों को प्रभावित करेगी।

विपक्ष की स्थिति अब त्रिशंकु में आ गई है। कांग्रेस और वाम मोर्चा की नगण्य भूमिका 2021 से जारी रही, जो राष्ट्रीय विपक्ष की एकजुटता पर सवाल खड़े करती है। ममता का राजनीतिक करियर अब अनिश्चित है-क्या वे विपक्ष की नेता बनेंगी या पार्टी में नई पीढ़ी उभरेगी? विपक्ष को नई रणनीति अपनानी होगी: या तो कांग्रेस-वाम का मजबूत गठबंधन, या नया क्षेत्रीय मोर्चा। बंगाल अब बीजेपी का गढ़ बन चुका है, जिससे विपक्ष की आवाज राष्ट्रीय पटल पर और मद्धम हो गई।

सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से, नई बीजेपी सरकार विकास, कानून-व्यवस्था और घुसपैठ रोक पर फोकस करेगी। मातुआ समुदाय को के लाभ मिलेंगे, जबकि बंगाल की जर्जर अर्थव्यवस्था-जो टीएमसी के कुशासन से पीड़ित थी-को नई दिशा मिल सकती है। हालांकि, राजनीतिक हिंसा को समाप्त करना और बंगाली अस्मिता के साथ भगवा लहर का संतुलन बनाना प्रमुख चुनौतियां होंगी। महिलाओं, युवाओं और अल्पसंख्यकों के मुद्दे-जैसे आरक्षण, रोजगार और शिक्षा-नई सरकार के एजेंडे में रहेंगे। बंगाल की सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखते हुए विकास मॉडल लागू करना होगा।

भविष्य की संभावनाएं रोचक हैं। बीजेपी को आंतरिक कलह से बचना होगा, जो उसके बंगाल संगठन की पुरानी कमजोरी रही है। विपक्ष को पुनर्जनन की आवश्यकता है-शायद ममता के नेतृत्व में नया आक्रमक रुख या कांग्रेस का पुनरुद्धार। यह चुनाव सिद्ध करता है कि स्थानीय मुद्दे राष्ट्रीय एजेंडे को परिभाषित करते हैं। बंगाल ने साबित कर दिया कि परिवर्तन अपरिहार्य है, और लोकतंत्र में जनता की इच्छा सर्वोपरि होती है। यह जीत न केवल बीजेपी की रणनीतिक विजय है, बल्कि भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरूआत का प्रतीक है।

### उन्नीस हजार तीन सौ

टिटलागढ़ की वह धूप दरअसल धूप नहीं थी, वह कुदरत का एक ऐसा टॉर्च थी जो जीतू मुंडा के बदन पर छिपे हर अभाव को दुनिया के सामने नंगा कर रही थी। जीतू की देह किसी हाड़-मांस के इंसान की नहीं, बल्कि एक पुराने, दीमक लगे सरकारी दस्तावेज जैसी लग रही थी-वही पीलापन, वही जर्जरता। उसके बदन का रंग इतना गहरा और झुलसा हुआ था कि लगता था जैसे गरीबी ने उसे तवे पर उलट-पुलट कर सेंका हो। उसके नंगे बदन पर पसलियाँ महज हड्डियाँ नहीं थीं, वे तो उस बैंक की पासबुक की तरह उभरी हुई थीं, जहाँ डेबिट में तो पूरी ज़िंदगी लिखी थी पर क्रेडिट के नाम पर सिर्फ मौत की सड़ांध बची थी। हर पसली के बीच जो गड्ढे थे, उनमें तीन पीढ़ियों की भूख और सिसकियाँ आराम कर रही थीं।

उसके कंधे... भगवान! उन कंधों को देखकर लगता था कि अगर कालरा के कंकाल का बोझ जरा भी और बढ़ा, तो वे कागज की तरह फट जाएंगे। वे धंसे हुए कंधे किसी इंसान के नहीं, बल्कि उस लाचार भारत के मंच थे जहाँ कानून का भारी बूट हमेशा सबसे कमजोर गर्दन पर ही पड़ता है। उन कंधों की त्वचा इतनी पतली थी कि भीतर का दर्द साफ झाँकता था। जीतू के हाथ सूखी हुई लकड़ी की उन टहनियों जैसे थे, जो शायद जलने के लिए भी पर्याप्त नहीं थीं। उन हाथों ने कभी अपनी बहन के लिए रोटी तोड़ी थी, पर आज उन्हीं उंगलियों को उस हड्डी को पकड़ना पड़ रहा था, जिसे वे तीन महीने पहले मिट्टी को सौंप आए थे। हाथ कांप रहे थे, पर पकड़ मजबूत थी-रिश्ते की नहीं, मजबूरी की। और वह पेट? पेट कहना तो उस खालीपन की तौहीन होगी। वह तो जैसे रीढ़ की हड्डी से जाकर लिपट गया था, मानो भीतर के अंग एक-दूसरे से पूछ रहे हों कि रोटी शब्द का असली मतलब क्या होता है। जीतू का पेट उस खाली कुएं की तरह था, जिसमें उम्मीद गिरती तो थी पर आवाज नहीं आती थी।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 05 मई 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 05:55 सूर्यास्त 18:52
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - चतुर्थी दिन पूर्ण उपरांत चतुर्थी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 12:54 उपरांत मूल
योग - शिव 24:15 उपरांत सिद्ध
करण - बव
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 12:54 पर धनु में प्रवेश करेगा।

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन-** पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क-** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा।

**सिंह-** लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे।

**वृश्चिक-** नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**धनु-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मकर-** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ-** किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मीन-** आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। विवेक से कार्य करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का परिचय दें



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतंत्र की राजनीति में विपक्षी दल के नेता, कार्यकर्ता तथा समर्थकों द्वारा सत्तापक्ष की रीति-नीति और कार्य प्रणाली का विरोध एक हद तक बहुत स्वाभाविक है। लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि ऐसा विरोध कहीं न कहीं देश की एकता और अखंडता के साथ-साथ राष्ट्रीय मान-सम्मान और स्वाभिमान को आहत करने लगे। दुर्भाग्य से इस समय विरोधी दल की राजनीति प्रकारांतर से राष्ट्रीय हितों को चोटिल कर रही है। इन दिनों विरोधी दल के तमाम छोटे-बड़े नेता तथा कार्यकर्ता केवल और केवल सत्तापक्ष के विरोध के लिए ही विरोध करते हुए अपने राजनीतिक वैभव की पुनर्वापसी की कल्पना करने लगे हैं।

यही नहीं अपितु सत्तापक्ष का विरोध करते-करते राष्ट्रविरोधी तत्वों को बल मिले, ऐसा कृत्य करते दिखाई देते है। एक प्रकार से राष्ट्र के मान-मर्दन की प्रक्रिया में जाने-अनजाने ही सही लेकिन लिप्त नजर आते है। चाहे विपक्षी नेताओं की ऐसी कोई मंशा नहीं हो, लेकिन फिर भी राष्ट्र की प्रगति को लेकर कुंठित मानसिकता से ग्रस्त देशी-विदेशी शक्तियों को उनका काम आसान लगने लगता है। इसके अतिरिक्त आम नागरिकों के मनोबल पर भी इसका विपरीत असर पड़ता है। जिसके चलते राष्ट्र की प्रगति अवरुद्ध होने लगती है और प्रबुद्ध नागरिकों में राजनीति के प्रति और भी विरक्ति भाव जागृत होता है।

नतीजा यह निकलता है कि सुलझी हुई विचारधारा वाला वर्ग राजनीति से अलग-थलग हो जाता है। इसके चलते देश-प्रदेश की राजनीति के सूत्र उन हाथों में आ जाते है जो धनबल और बाहुबल के चलते राजनीति में गहरा रसूख रखते हैं। एक तो वैसे ही राजनीति में नैतिक मूल्यों का लगातार क्षरण हो रहा है और बहुत ही तीव्र गति से तथाकथित नीतिगत विरोध व्यक्तिगत विरोध के रूप में तब्दील होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में राजनीतिक मनमुटाव का आलम यह है कि कहीं न कहीं सत्ता दुरुपयोग होने लगता है या फिर जब कानून अपना काम करता है तो उसे राजनीतिक प्रतिशोध का दर्जा दे दिया जाता है।

इसके चलते अनेक अवसरों पर अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील मामलों पर भी राख पड़ जाती है। दोषी तत्वों को सीधे तौर पर संदेह का लाभ मिल जाया करता है। कानून और व्यवस्था बरकरार रखने से संबंधित समस्त न्यायिक तथा गैरन्यायिक संस्थाओं की तमाम कार्रवाई में पक्षपात की संभावना दिखाई देती है। ऐसी स्थिति में आम नागरिक के लिए यह समझ पाना बहुत मुश्किल होता है कि कौन सही है और कौन गलत ? एक प्रकार से अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में हमारे अपने राष्ट्र का वास्तविक स्थान क्या है ? हम प्रगति पथ पर निरंतर तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं या कि रसातल में जा रहे हैं ? इसे लेकर आम नागरिकों के अंतर्मन में आश्वस्ति के भाव नहीं आते।

यह स्थिति आम नागरिकों द्वारा राष्ट्र के प्रति ढुलमुल रवैया अपनाने का मुख्य कारण बनती है। क्योंकि जब आम नागरिकों में यह दृढ़ विश्वास जागृत होता है कि हम तरक्की की दिशा में द्रुत गति से आगे बढ़ रहे हैं, तब उनकी मानसिक और शारीरिक कार्यक्षमता में चमत्कारिक रूप से बढ़ोत्तरी होती है। वैसे भी यह एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है कि जब समाज एवं राष्ट्र की परिस्थितियां अपने अनुकूल हो, तब नागरिकों के अंतर्मन में असीम ऊर्जा एवं चेतना का संचार होने लगता है। समाज का हर एक घटक दुगुने उत्साह के साथ स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने के प्रति प्रतिबद्ध नजर आ सकता है।

# दुनिया से सर्वाइकल कैंसर खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम

सर्वाइकल कैंसर जो महिलाओं में होने वाले सबसे घातक कैंसरों में से एक है, आज भी भारत समेत कई देशों में बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है। जागरूकता की कमी और समय पर जांच न होने के कारण हर साल लाखों महिलाएं इसकी चपेट में आ जाती हैं। उत्तर प्रदेश की सुनीता जैसी कई कहानियां इस बीमारी की गंभीरता को दर्शाती हैं, जहां देर से पता चलने पर जीवन बचाना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, चिकित्सा विज्ञान में यह राहत की बात है कि सर्वाइकल कैंसर उन कुछ बीमारियों में से एक है जिसे पूरी तरह रोका जा सकता है। इसी दिशा में ऑस्ट्रेलिया ने दुनिया के सामने एक ऐतिहासिक उदाहरण पेश किया है।

### ऑस्ट्रेलिया की बड़ी उपलब्धि की ओर कदम

ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बनने की ओर बढ़ रहा है जो अपने यहां सर्वाइकल कैंसर को लगभग समाप्त कर सकता है। इसका आधार ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के खिलाफ बड़े पैमाने पर टीकाकरण और मजबूत स्क्रीनिंग कार्यक्रम हैं। यह कहानी 2006 में शुरू हुई, जब वैज्ञानिकों ने संक्रमण को रोकने वाली वैक्सीन गार्डासिल विकसित की। इसके बाद 2007 में ऑस्ट्रेलिया ने स्कूलों में राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम शुरू किया, जिसमें 12-13 साल के बच्चों को मुफ्त वैक्सीन दी जाने लगी। बाद में लड़कों को भी इसमें शामिल किया गया, ताकि वायरस के फैलाव को रोका जा सके।

### जांच में बदलाव बना गेम-चेंजर

2017 में ऑस्ट्रेलिया ने पैप स्मीयर टेस्ट की जगह ल्ढश आधारित स्क्रीनिंग शुरू की, जो ज्यादा प्रभावी मानी जाती है। इसे हर पांच साल में एक बार करना पर्याप्त होता है। साथ ही महिलाओं को खुद सैंपल लेने की सुविधा भी दी गई, जिससे जांच में भागीदारी बढ़ी। वैज्ञानिक मानकों के अनुसार, जब किसी देश में प्रति 1 लाख महिलाओं पर 4 से कम मामले रह जाते हैं, तो उसे बीमारी के नियंत्रण या लगभग समाप्ति की स्थिति माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया इस लक्ष्य के बेहद करीब पहुंच चुका है और 2035 से पहले इसे हासिल करने की संभावना जताई जा रही है।

### चुनौतियां अभी भी मौजूद

हालांकि, मूल आदिवासी समुदायों में अब भी यह बीमारी अपेक्षाकृत अधिक पाई जाती है। वहीं, वैक्सीन को लेकर हिचकिचाहट और महामारी के बाद टीकाकरण दर में गिरावट भी चिंता का विषय बनी हुई है।

### वैश्विक स्तर पर प्रयास तेज

स्वीडन, रवांडा और ब्रिटेन जैसे देश भी इस बीमारी को खत्म करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) के सहयोग से कई देश अब इसे खत्म करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### भारत के लिए क्या सीख?

भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में एक प्रमुख कैंसर है, लेकिन हाल के वर्षों में स्थिति सुधारने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। सरकार ने 9 से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए ल्ढश टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इसके साथ ही भारत ने अपनी स्वदेशी ल्ढश वैक्सीन सवार्वैक विकसित कर ली है, जिससे टीकाकरण अधिक सुलभ और किफायती हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय पर टीकाकरण और नियमित जांच को व्यापक स्तर पर लागू किया जाए, तो इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,50,700 रवा- 1,50,500 चांदी- टंच- 2,43,000 पाट- 2,42,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

धर्म-आस्था

# 8 वर्ष बाद जेष्ठ में अधिकमास का दुर्लभ संयोग

### 17 मई से मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

करीब आठ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद इस वर्ष जेष्ठ माह में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) का दुर्लभ संयोग बन रहा है। पंचांग गणना के अनुसार अधिकमास की शुरूआत 17 मई से होगी, जो 15 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस पूरे एक माह की अवधि में विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, नामकरण सहित सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर पूर्णतः रोक रहेगी। इसके चलते सुसनेर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शादियों और सामाजिक आयोजनों की रफ्तार थम जाएगी।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास का निर्माण तब होता है, जब पूरे चंद्र मास के दौरान सूर्य किसी भी नई राशि में प्रवेश नहीं करता। चंद्र मास और सौर मास की गणना में होने वाले अंतर को संतुलित करने के लिए हर 2 से 3 वर्षों में एक अतिरिक्त माह जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। धार्मिक दृष्टि से यह माह अत्यंत पवित्र और फलदायी माना गया है।

### धार्मिक गतिविधियों में आएगी तेजी, मंदिरों में होंगे आयोजन

अधिकमास के चलते सुसनेर नगर एवं आसपास के गांवों में धार्मिक माहौल देखने को मिलेगा। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन, कथा, सत्संग और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु इस दौरान व्रत-उपवास रखकर भगवान विष्णु की आराधना करेंगे। कई स्थानों पर भागवत कथा, रामायण



पाठ एवं भंडारे जैसे आयोजन भी प्रस्तावित हैं।

धर्माचार्यों का कहना है कि अधिकमास आत्मचिंतन, साधना और आध्यात्मिक उन्नति का सर्वोत्तम समय होता है। इस माह में किए गए जप, तप, दान-पुण्य और तीर्थ यात्रा का फल कई गुना अधिक मिलता है। विशेष रूप से भगवान विष्णु की पूजा का इस माह में अत्यधिक महत्व बताया गया है।

### बाजार और शादी-विवाह व्यवसाय पर पड़ेगा असर

मांगलिक कार्यों पर रोक के चलते स्थानीय बाजार पर भी इसका प्रभाव दिखाई देगा। विवाह से जुड़े व्यवसाय जैसे मैरिज गार्डन, टेंट हाउस, कैटरिंग, बैंड-बाजा, हलवाई, सजावट आदि से जुड़े लोगों को इस अवधि में कामकाज में कमी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, धार्मिक आयोजनों के चलते पूजा सामग्री, फल-फूल, वस्त्र और धार्मिक साहित्य की दुकानों पर रौनक बनी रहेगी।

### इन प्रमुख तिथियों और योगों का रहेगा विशेष महत्व

अधिकमास के दौरान कई शुभ योग और ग्रह-नक्षत्र परिवर्तन भी होंगे, जिनका धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है-

- 18 मई सर्वार्थ सिद्धि योग एवं रात्रि में अमृत सिद्धि योग
- 19 मई बुध का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश, शुक्र का प्रवेश, रवि योग
- 21 मई गुरु पुष्य योग
- 27 मई अधिकमास एकादशी (सर्वार्थ सिद्धि योग)
- 28 मई प्रदोष व्रत
- 1 जून गुरु का कर्क राशि में प्रवेश
- 5 एवं 9 जून सर्वार्थ सिद्धि योग
- 11 जून कमला एकादशी
- 14 जून पितृ अमावस्या
- 15 जून सोमवती अमावस्या के साथ अधिकमास का समापन

### पहले भी बन चुका है यह संयोग

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इससे पूर्व वर्ष 1988, 1999, 2007 और 2018 में जेष्ठ माह में अधिकमास का संयोग बना था। अब वर्ष 2026 में यह विशेष योग पुनः बन रहा है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति को लेकर जन आक्रोश पदयात्रा निकाली

**खाचरोद।** नगर में भाजपा नगर मंडल अध्यक्षा श्रीमति मनीषा शर्मा के तत्वाधान में पार्टी के निदेर्शानुसार महिला आरक्षण पर घटिया राजनीति को लेकर कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश महिला पद यात्रा गणेश देवली से शाम को महिलाओं के साथ नारेबाजी के साथ निकाली गई। पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई चबूतरा चौराहा पर पहुंची। महिला आरक्षण को लेकर पार्टी के पदाधिकारी द्वारा कांग्रेस की पुरानी घटिया राजनीति को लेकर विरोध प्रकट किया गया। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## तापमान चढ़ा, जनजीवन प्रभावित—प्यास बुझाने टंकी पर दिखे वानर



**सुसनेर।** नगर में मई माह की शुरूआत के साथ ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पिछले कुछ दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि होने से आमजन का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा नजर आने लगा है. वहीं लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए घरों में रहने को मजबूर हैं। गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर नजर आ रहे हैं और दिनभर उमस भरी स्थिति बनी हुई है। तेज गर्मी का असर केवल लोगों तक ही सीमित नहीं है। बल्कि वन्यजीव भी इससे खासे प्रभावित हो रहे हैं। नगर में वानर को पानी की टंकी से पानी पीते हुए देखा गया। जो गर्मी के कारण पानी की तलाश में भटकता नजर आया। यह दृश्य इस बात को दशार्ता है कि बढ़ते तापमान के चलते वन्यजीवों के लिए भी पानी की उपलब्धता एक चुनौती बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी में इस तरह के दृश्य देखने को मिलते हैं। लेकिन इस बार मई की शुरूआत में ही गर्मी का असर अधिक नजर आने लगा है। नागरिकों ने प्रशासन से सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की उचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि लोगों के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भी राहत मिल सके। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते तापमान और जल स्त्रोतों की कमी के चलते वन्यजीव शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में आवश्यक है कि जल संरक्षण के साथ-साथ जगह-जगह पानी की व्यवस्था की जाए, जिससे इस भीषण गर्मी में सभी को राहत मिल सके।

## 26 वर्षीय युवक ने नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त की

**मक्सी।** मक्सी में हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ वार्ड नंबर 4 के रहने वाले एक 26 वर्षीय युवक ने नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, जानकारी के अनुसार हरिनारायण पिता सुभाष लोधी उम्र 26 वर्ष खेत पर लगे पेड़ पर दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली ।घटना की जानकारी आज सुबह लगभग 6 बजे जिसके बाद सूचना पर मक्सी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया, मृतक के जीजा धर्मेंद्र जब सुबह बाहर गए थे, तब उन्होंने हरिनारायण को साड़ी का फंदा बनाकर नीम के पेड़ से लटका हुआ देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना मृतक के भाई बलराम को दी। परिजनों के मौके पर पहुँचने तक युवक की मृत्यु हो चुकी मक्सी पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जाँच कर रही है।

## बंगाल विजय पर भाजपा ने खुशी मनाई

**महिदपुर।** बंगाल में भाजपा की विजय पर नगर भाजपा मंडल द्वारा चौक बाजार में श्री रणजीत हनुमान पर पर फटके फोड़ कर खुशियां मनाई गई। कार्यकताओं ने एक दूसरे को बधाईयां दीं। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष, भाजपा पार्षदगण, डॉ भगवती जोशी, ओम सोलंकी, कैलाश राठी, निर्भय भाटी सहित कई भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने किया आनंदधाम वृद्धाश्रम का भ्रमण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर गुना के कैंट क्षेत्र स्थित आनंदधाम वृद्धाश्रम का भ्रमण कर सामाजिक संवेदनशीलता का परिचय दिया। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझा। भ्रमण के दौरान एक विशेष प्रसंग सामने आया, जब 95 वर्षीय मथुरालाल ओझा से कलेक्टर ने भेंट की। इस उम्र में भी उनके द्वारा अपने सभी कार्य स्वयं करने पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भरता हम सभी के लिए


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने दिलीपसिंह पिता अमर सिंह जाति-राजपूत निवासी ग्राम सलामता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (मप्र) से उनके स्वामित्व स्वत्त्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-256/2 रकबा 2.74 हैक्टर स्थित ग्राम सलामता तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (मप्र) को क्रय करने का सोदा किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त कृषि भूमि को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 04-05-2026 स्थान- उज्जैन,

**मनोहरसिंह राणावत (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मोबा. 98268.87494**


अकोदिया में शराब ले जाते दो युवक गिरफ्तार

# ठेकेदार के कर्मचारियों ने अवैध शराब के साथ पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में रविवार दोपहर अवैध शराब का परिवहन करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। शराब ठेकेदार के कर्मचारियों ने उन्हें अकोदिया मार्ग पर कोहलिया जोड़ के पास पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने 24,800 रुपए की अवैध शराब और परिवहन में इस्तेमाल बाइक जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।



जानकारी के अनुसार, अकोदिया शराब ठेकेदार टीनू के कर्मचारी रविवार दोपहर अकोदिया मार्ग से गुजर रहे थे। कोहलिया जोड़ के पास उन्होंने एक बाइक पर दो युवकों को शराब ले जाते देखा। संदेह होने पर कर्मचारियों ने उन्हें रोका और तलाशी ली, जिसमें बाइक पर 5 पेटी प्लेन शराब और 2 पेटी बियर मिली। कर्मचारियों ने तत्काल अकोदिया पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही अकोदिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से 240 नग प्लेन शराब और 48 नग बियर बरामद की, जिसकी कुल कीमत 24,800 रुपए है। शराब परिवहन में इस्तेमाल की गई 40,000 रुपए कीमत की बाइक भी जब्त कर ली गई।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अजीत पिता रणवीर सिंह तोमर और लोकेंद्र पिता विजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और उसे कहां पहुंचाया जाना था। प्रारंभिक जांच में यह अवैध शराब तस्करी का मामला सामने आया है।

अकोदिया थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जब्त शराब और वाहन को थाने में रखवा दिया गया है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्षेत्र में इस तरह के अवैध कारोबार में और कौन लोग शामिल हैं।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। ठेकेदार के कर्मचारियों की सतर्कता के कारण यह कार्रवाई संभव हो पाई। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ उनका अभियान लगातार जारी रहेगा।

पश्चिम बंगाल चुनाव परिणाम के बाद देवास में जश्न

# भाजपा कार्यालय पर आतिशबाजी और डांस, कई कार्यकर्ता जुटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद देवास में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखा गया। परिणाम घोषित होते ही भाजपा कार्यालय पर कार्यकताओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा परिसर जश्न के माहौल में डूब गया।



कार्यकताओं ने ढोल-नगाड़ों पर जमकर नृत्य किया, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। भारत माता की जय और वंदे मातरम जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यालय के सामने रंग-बिरंगी आतिशबाजी भी की गई, जिससे उत्सव का माहौल देर तक बना रहा।

**भाजपा के जिला कार्यकाल में जुटी भीड़**

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। सभी ने कार्यकताओं के साथ मिलकर जीत का जश्न मनाया और इसे पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया।

भाजपा नेताओं ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री के नेतृत्व, केंद्र सरकार की नीतियों और संगठन की मजबूत कार्यशैली को दिया। उन्होंने कहा कि यह परिणाम देश की जनता के विश्वास और पार्टी के प्रति बढ़ते समर्थन को दशार्ता है। इसे कार्यकताओं की मेहनत, समर्पण और बूथ स्तर तक किए गए काम का परिणाम बताया गया।

भाजपा कार्यालय के अलावा, सांसद महेंद्र सिंह के कार्यालय के सामने भी जश्न मनाया गया। यहां भी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और पूरे जोश के साथ जीत का उत्साह मनाया।

मनोनीत अध्यक्ष के विरोध में उतरे कांग्रेसी पृष्ठभूमि के भाजपा पार्षद

# अपनी ही सरकार के फैसले के खिलाफ लामबंद हुए भाजपा पार्षद, कुर्सी पर घमासान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

प्रदेश एवं जिले की सबसे चर्चित नगरीय निकायों में से एक सुसनेर नगर परिषद इन दिनों भारी राजनीतिक घमासान का केंद्र बनी हुई है। यहां जनहित के बुनियादी मुद्दों को छोड स्थानीय जनप्रतिनिधियों की स्वार्थपूर्ण सियासत पूरी तरह हावी हो चुकी है। ताजा मामला वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद प्रेमबेन सहित 8 पार्षदां के द्वारा दायर याचिका के बाद हाईकोट के द्वारा 45 दिनों के अंदर चुनाव करवानें के आदेश के बाद पूरी तरह से स्पष्ट हो चूका है। इस पूरे मामलें में भाजपा के पार्षद अपनी की सरकार के द्वारा मनोनित अध्यक्ष प्रदीप सोनी के विरोध में खडे नजर आ रहे है। जिससे भाजपा की छबि धूमिल होने के साथ ही आपसी रस्साकशी खुलकर सामने आ चूकी है। विरोध में खडे होने वाले इन पार्षदों में अधिकांश वे पार्षद है जो न.प.चुनाव में टिकिट वितरण के बाद कांग्रेस छोडकर भाजपा में शामिल हुवें थें। पार्षदों के आपसी विरोध के चलते अभी तक नगर की तमाम छोटी-बड़ी विकास योजनाओं पर पूरी तरह ब्रेक लगता आया है। महत्वपूर्ण योजनाएं फाइलों से बाहर नहीं निकल पाई है। सहमति के अभाव में अटके बुनियादी कामनगर परिषद की बैठकों में जनहित के फैसलों पर चर्चा होने के बजाय केवल हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा है। नेताओं की इस अहंकारी लड़ाई और आपसी द्वेष के बीच सुसनेर की आम जनता खुद को असहाय महसूस कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने बेहतर सुसनेर की उम्मीद में अपने जनप्रतिनिधियों को चुना था, न कि पार्षदों की आपसी रंजिश और कुर्सी का खेल देखने के लिए।

सुसनेर नगर परिषद में कलह की कहानी काफी पुरानी है। पूर्व परिषद अध्यक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों के बाद सत्ता पक्ष व विपक्ष के करीब 12 पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया था। जिसके बाद शासन ने मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धाराओं का प्रयोग करते हुए वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद प्रदीप सोनी को नया अध्यक्ष नियुक्त किया। हालांकि, इस प्रशासनिक फेरबदल के बाद भी पार्षदों की स्वार्थपूर्ण सियासत बंद नहीं हुई। हाल ही में नगर परिषद में पीआईसी का गठन कर 5 समितियों के प्रभारियों की नियुक्ति तो की गई है, लेकिन परिषद के भीतर विरोध जारी रहा। प्रदीप सोनी के अध्यक्ष बनने के बाद विकास की योजनाओं में सुधार की कौशिशे शुरू हुई थी किंतु पार्षदों की कुर्सी की रस्सकशी अध्यक्ष के फेरबदल के बाद भी जारी है।

**अपनों ने ही बिगाड़ा खेल**

परिषद में भाजपा के बहुमत के बावजूद, पार्षदों के बीच आपसी सामंजस्य का अभाव साफ नजर आया। हालांकि, शासन ने प्रदीप सोनी को नया अध्यक्ष नियुक्त कर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है और नई प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल का गठन भी कर दिया गया है। लेकिन सवा साल से ठप पड़े विकास कार्यों और जनता के बीच बने अविश्वास के माहौल को बदलना नए नेतृत्व के लिए कड़ी चुनौती था और अब पार्षदों के विरोध में इसे और बिगाड दिया है।



सनोली के नए मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह

## राम दरबार के साथ शिव परिवार की हुई स्थापना, 11 कुंडीय यज्ञ

**बदनावर।** सनोली गांव में लगभग 3 करोड़ रुपर की लागत से निर्मित मंदिर में रविवार को 11 कुंडीय महायज्ञ की पूणाहुति के साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस आयोजन में गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सात दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को गांव में बैंड-बाजों और ढोल-धमाकों के साथ गंगाजल यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा के दौरान भक्तिगीतों और भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। गांव भ्रमण के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया, जिसके बाद यह कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। इसके उपरांत, अभिजीत मुहूर्त में नवनिर्मित मंदिर में भगवान राम परिवार (राम, सीता, लक्ष्मण), शिव परिवार, देवी अंबे और भगवान देवनारायण की मूर्तियों की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना भी की गई। दोपहर ढाई बजे सात दिनों से चल रहे 11 कुण्डात्मक विष्णु महायज्ञ की पूणाहुति हुई। इसके बाद दोपहर 3 बजे नवनिर्मित मंदिर में भगवान की महाआरती की गई। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें पूरे गांव के साथ ही आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। यह पूरा मंदिर पत्थरों से बनाया गया है, जिसके निर्माण में 12 वर्ष का समय लगा। मंदिर के निर्माण में 3 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई है। इस आयोजन के कारण बीते कई दिनों से पूरे गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल बना हुआ था।

## नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**ब्यावरा-राजगढ़।** राजगढ़ कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले की समस्त नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगरीय प्रशासन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी नगरीय निकायों एवं नगर परिषदों में कर्मचारियों का वेतन केवल उनकी सार्थक उपस्थिति के आधार पर ही किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से नगरीय निकाय राजगढ़ एवं ब्यावरा में इस व्यवस्था का पालन न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को पिछले दो माह के वेतन बिल सहित संपूर्ण फाइल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



## कुमावत दंपति धार्मिक यात्रा पर रवाना

**महिदपुर रोड।** ग्राम पंचायत सगवाली में पदस्थ पंचायत सचिव तथा बंजारी गांव के निवासी कुमा वत समाज के समाजसेवी पन्नालाल कुमावत तथा उनकी धर्म पत्नी शनि वार को 25 दिन की धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए। कुमावत दंपति का यात्रा पर रवाना होने से पूर्व सरपंच भूपेंद्र सिं ह राठौ र सरस्वती शिशु मंदिर सग वाली के वरिष्ठ शिक्षक हल्कारर सिंह राठौर पंचायत सचिव जयराम कुमावत सहायक सचिव दातार सिंह राठौड़ तथा परिवार समाज की महिलाओं व अन्य समाज जनों ने पुष्प माला पहनकर धार्मिक यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं दी।

## लकड़ी की अवैध कटाई का वीडियो बनाने पर मोबाइल छीना, प्रकरण दर्ज

**इंगोरिया।** थाना क्षेत्र के ग्राम मतांगना में पेड़ की अवैध कटाई की सूचना पर मौके पर पहुंची पत्रकार का मोबाइल छीनने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। प्रीति रघुवंशी निवासी नूरानी मस्जिद जेल रोड महिदपुर की शिकायत पर पुलिस ने लाला पिता लियाकत अली निवासी मतांगना के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फरियादी वेदांत समाचार पत्र की संपादक प्रीति रघुवंशी ने पुलिस को बताया कि लकड़ी कटाई की सूचना पर 1 मई को ग्राम मतांगना गई थी। एक खेत पर कटी हुई लकड़ियां पड़ी थी। मैं वीडियो बना रही थी तभी एक व्यक्ति पीछे से आया और हाथ से मोबाइल छीन लिया और बोला कि मेरा नाम लाला है और ये खेत मेरा है।

## जनहित के मुद्दों को लेकर जीतू पटवारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से शुक्रवार शाम को सारंगपुर के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्थानीय चुनावों की रणनीति और वर्तमान में व्याप्त विभिन्ना जनसमस्याओं पर चर्चा करना था। प्रतिनिधिमंडल ने जमीनी स्तर पर संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। चर्चा के दौरान बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने और नए सदस्यों को जोड़ने पर जोर दिया गया। मुलाकात के दौरान डेलिगेशन ने किसानों को गेहूं खरीदी में हो रही असुविधा और युवाओं के रोजगार जैसे ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। पटवारी ने आश्वासन दिया कि कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर सदन से सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता हमारी असली ताकत है। हमें एकजुट होकर जनता के हक की आवाज उठानी होगी। सरकार की नाकामियों को उजागर करना और जनता के बीच रहकर उनका विश्वास जीतना ही हमारा प्राथमिक लक्ष्य है। इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष प्रमोद सादानी, शफीक अंसारी, कैलाश शर्मा, संतोष पुष्पद, निजाम कुरैशी, दिनेश धनगर सहित अन्य उपस्थित थे।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेतागणो अखीलेश पिता सूर्यनारायण, कमलाबाई पति सूर्यनारायण एवं हरिओम पिता सूर्यनारायण निवासी एवं कृषक ग्राम सादीखेड़ी तहसील तराना जिला उज्जैन (मध्यप्रदेश) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 228/1 रकबा 0.38 हेक्टेयर भूमि तथा कृषि भूमि सर्वे नं. 228/2 रकबा 2.00 हेक्टेयर भूमि, इस प्रकार कुल सर्वे नं. 02 कुल रकबा 2.38 हेक्टेयर भूमि मे से 0.50 हेक्टेयर भूमि अक्षरी (पचास आरे) कृषि भूमि को विक्रय करने का करार किया है। उपरोक्त कृषि भूमि का राजस्व रेकॉर्ड मे विक्रेतागणों का नाम दर्ज है, उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का करार विक्रेतागणों ने मेरे पक्षकार से विक्रय अनुबंध पत्र गवाहों के समक्ष संपादित किया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित मे संपादित करवाने जा रहे है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के संबंध में किसी प्रकार का ऋण भार बोझ किसी व्यक्ति, वित्तीय संस्था अथवा शासन का उक्त भूमि पर बकाया हो तथा किसी प्रकार की हक्क स्वत, कब्जे संबन्धित किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस जाहीर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 05 दिवस की अवधि मे मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावे। यह सूचित हो।

**प्रवेश जोशी एडव्होकेट**
**कार्यालय- कोर्ट परिसर के सामने तराना जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 9424879582**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जीवनसिंह पिता श्री शंकरलाल आंजना निवासी ग्राम गोयलाखुर्द जिला उज्जैन (म.प्र.) ने लाखन पिता श्री बद्रीलाल जाति गारी एवं मुकेश पिता श्री बद्रीलाल जाति गारी निवासी ग्राम ऐरवास तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 322/1/2 रकबा 0.030 हेक्टर, सर्वे नंबर 322/2 रकबा 0.430 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 322/3 रकबा 0.430 हेक्टर कुल किता 3 रकबा 0.890 हेक्टर में से 0.500 हेक्टर स्थित ग्राम ऐरवास प.ह.नं. 09 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 04/05/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी तृप्ति जैन पिता श्री विमल कुमार जैन, निवासी- ब्राइट स्कूल के पास एल.आई.जी. सी-14/60 ऋषि नगर, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 166, जो कि तिरूपति प्लेटिनम ब्लॉक-ए कॉलोनी ग्राम दाउदखेडी, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 3 (तीन) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

इतिः दिनांक-04/05/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-CF-10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. नम्बर 98263 42244**



### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी आमिर नागोरी पिता अब्दुल वहीद, निवासी- 24/3, मानकपुरा, नगारची बाखल, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की सर्वे कमांक 270/2 रकबा 0.350 हैक्टर भूमि, स्थित ग्राम खिलचीपुर, तहसील उज्जैन नगर व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 07 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-04-05-2026 स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर - 99264 66157**

# अन्नदाताओं को न हो परेशानी

## कलेक्टर ने एक्शन मोड में परखीं गेहूं खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाएं

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो और उनकी मेहनत का पैसा तय समय पर उनके खातों में पहुंचे, इसे लेकर जिला प्रशासन सख्त है। इसी व्यवस्था को जमीनी स्तर पर पुख्ता करने के लिए सोमवार को कलेक्टर ऋजु बाफना एक्शन मोड में नजर आईं। उन्होंने जिले के कई गेहूं खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ तौल कांटे पर खुद वजन का परीक्षण किया, बल्कि सर्वेयरों को सख्त हिदायत दी कि मापदंडों के नाम पर किसी भी किसान का गेहूं अनावश्यक रूप से रिजेक्ट न किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि खरीदी कार्य में पारदर्शिता और किसानों की सहूलियत प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत चल रहे उपार्जन कार्य का जायजा लेने के लिए कलेक्टर बाफना ने ग्राम राणोगंज दीपतारा वेयर हाउस, ग्राम मउघाट गजेन्द्र वेयर हाउस, कालापीपल यशोदा एवं अष्ट विनायक वेयर हाउस, ग्राम नांदनी केशव वेयर हाउस, ग्राम ढाबलाधीर बाबा महाकाल वेयर हाउस और सेमली सहित बेहरावल के उपार्जन केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने समिति प्रबंधकों से बारदानों की उपलब्धता और गेहूं के परिवहन की विस्तार से जानकारी ली।

**सुबह 8 बजे से शुरू हो तौल, छांव और पानी रहे उपलब्ध-** कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए मौजूद सुविधाओं का बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्र हर हाल में सुबह 8 बजे खुल जाने चाहिए और तौल शुरू हो जाना चाहिए। भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर किसानों के बैठने के लिए छाया और पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। केंद्रों पर तौलकांटा और छलना अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहे। खुले स्थानों पर रखे गए गेहूं के परिवहन में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त हम्माल लगाए जाएं। वहीं किसानों की सबसे बड़ी चिंता समय पर भुगतान को लेकर होती है। इसे दूर करने के लिए कलेक्टर ने मध्यप्रदेश सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तत्काल एसी नोट के आधार पर टीसी जारी करें, ताकि किसानों को बिना किसी विलंब के उनकी उपज का भुगतान हो सके। इसके साथ ही, किसानों को दी जाने वाली बिल पर्ची पर सील और हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए गए।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर समझाया पोषण का महत्व

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बी.के.एस.एन. शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई ने सोमवार को अपने गोदग्राम आलाउमरोद में सघन पोषण जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने घर-घर दस्तक देकर ग्रामीणों को कुपोषण से बचाव और पौष्टिक आहार के फायदों के बारे में जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने जागरूकता पत्रक बांटते हुए विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए संतुलित आहार की अनिवार्यता पर जोर दिया। ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने, बच्चों को पैकेज्ड व फास्ट फूड से दूर रखने और पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद व प्राणायाम जैसी गतिविधियों से जोड़ने की सलाह दी गई। इस जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने में एनएसएस टीम लीडर यूओ गोविंद गोस्वामी के साथ कौशल्या पुष्पद, सहित पूरी टीम की सराहनीय व सक्रिय भूमिका रही।

## चलती ट्रक से दिनदहाड़े फेंका सामान, वीडियो वायरल

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के हाईवे पर अब बॉलीवुड फिल्मों जैसे एक्शन और अपराध हकीकत बनते नजर आ रहे हैं। शुजालपुर-आष्टा नेशनल हाईवे पर लुटेरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि उन्होंने दिनदहाड़े एक तेज रफ्तार ट्रक को अपना निशाना बनाया। बिना किसी खौफ के, चलती बाइक से ट्रक पर चढ़कर सामान लूटने का यह दुस्साहसिक वाकया न सिर्फ लोगों को हैरान कर रहा है, बल्कि हाईवे की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। इस पूरी वारदात का लाइव वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।यह सनसनीखेज घटना सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे ग्राम तिलावद और मैना के बीच नेशनल हाईवे की बताई जा रही है। दो बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिलों पर चार नकाबपोश बदमाश सवार होकर आए। ट्रक पर चढ़ने के बाद बदमाश ने फुर्ती से रस्सी काटी और तिरपाल हटा दिया। सिर्फ दो मिनट के अंदर उसने ट्रक में रखे दो बड़े बॉक्स नीचे सड़क पर फेंक दिए और फिर खुद भी ट्रक से नीचे कूदकर अपने साथियों के साथ फरार हो गया।

## खेत पर काम करते समय करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत



**शाजापुर।** जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बापचा में सोमवार को एक दुखद हादसा हो गया। यहां खेत पर काम कर रहे एक 30 वर्षीय युवक की बिजली का करंट लगने से जान चली गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राकेश सूर्यवंशी 30 वर्ष पिता दरियाव सिंह के रूप में हुई है। सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच राकेश हमेशा की तरह अपने खेत में कृषि कार्य कर रहा था, इसी दौरान वह अचानक खेत में फैले करंट की चपेट में आ गया। घटना की भनक लगते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में राकेश को एक निजी वाहन के जरिए शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक परीक्षण के बाद ही युवक को मृत घोषित कर दिया।

## जसवाड़ा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत

**शाजापुर।** ग्राम जसवाड़ा के समीप देररात दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्ची और महिला सहित कुल 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर मोहन बड़ोदिया निवासी मुरली 40 पिता गोपाल टेलर और आशीष 18 पिता मुरली सवार थे। वहीं, दूसरी बाइक पर हर्निया भेसवा माता जी से रामचरण 35 पिता रायसिंह, सोरम बाई 50 पति रायसिंह और आराध्या 8 पिता रामचरण सवार थे। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार ये सभी पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद घायलों की स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## गेहूं उपार्जन में देरी पड़ी भारी, कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

**शाजापुर।** जिले में रबी विपणन वर्ष के तहत गेहूं उपार्जन का कार्य जारी है। किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी केंद्रों को समय पर खरीदी शुरू करने के सख्त निर्देश दिए हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर प्रशासन अब कड़ा रवैया अपना रहा है। सोमवार को कलेक्टर ऋजु बाफना ने गेहूं उपार्जन कार्य निर्धारित समय पर प्रारंभ नहीं करने पर तीन समिति प्रबंधकों का सात-सात दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर बाफना जिले में चल रही गेहूं खरीदी की निरंतर समीक्षा कर रही हैं। इसी दौरान यह तथ्य सामने आया कि जिले के तीन उपार्जन केंद्रोंकृ रुचि वेयरहाउस (पैक्स पतोली), सप्तेश्वर वेयरहाउस (पैक्स बिजाना) और मार्केटिंग सोसायटी शाजापुर में गेहूं खरीदी का कार्य समय पर शुरू नहीं किया गया था। इस लेटलतीफी के कारण किसानों को होने वाली संभावित परेशानी को प्रशासन ने बेहद गंभीरता से लिया।

## परमात्मा के स्मरण से हो जाता है पापों का क्षय- साध्वी मननकीर्तिश्रीजी म.सा.

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर




परमात्मा का स्मरण करने से मनुष्य के पाप कट जाते हैं और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। वर्तमान समय में बच्चों के लिए समय कैंप के साथ संस्कार शिविर भी जरूरी है जहां वे अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक अवधारणा से जुड़ सकें। उक्त आशीर्वचन मातृहृदया परम पूज्य जैनसाध्वी अमितगुणाश्रीजी म.सा.की प्रशिष्या मननकीर्तिश्रीजी म.सा.ने स्थानीय ओसवाल सेरी स्थित जैन उपाश्रय में महावीर पाठशाला द्वारा आयोजित तीन दिवसीय संस्कार शिविर के समापन अवसर पर बच्चों को प्रदान किए। इस अवसर पर पूज्य साध्वी धेर्यकीर्तिश्रीजी म.सा.भी विराजित रहे। समापन दिवस पर शिविर का शुभारंभ जैन साध्वियों के मंगलाचरण के साथ हुआ और उन्होंने बच्चों को धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक जीवन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात शिविर संचालिका विनीता चोपड़ा ने धार्मिक पाठशाला एवं संस्कारों का महत्व समझाया। वहीं पंकज मांडलिक ने द्विदल के बारे में जानकारी के साथ नियमों के पालन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सौरभ नारेलिया ने बताया कि हर आत्मा परमात्मा बन सकती है। जरुरत है तो सिर्फ आत्म अवलोकन की। आशुतोष चोपड़ा ने बच्चों को बताया कि परमात्मा से मित्रता के लिए बच्चों को प्रेरित किया। डॉ. पराग जैन ने पांच महाव्रत के बारे में बताते हुए योग एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान शिविर संचालिका ज्योति जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निक्षय नारेलिया ने नवकारसी सहित रात्रि भोजन त्याग का नियम लिया। शिविर के दौरान प्रतिदिन रचनात्मक गतिविधियां भी आयोजित की गई, जिसके पुरस्कारों का वितरण बच्चों को किया गया।

## रिकॉर्डतोड़ बेमौसम भारी बारिश

**गुना।** जिले में वेमौसम भारी बारिश, आंधी के साथ ओले गिरने से काफी नुकसान हुआ है। बारिश तूफान के दौरान जबरदस्त उतार-चढ़ाव देखने को मिला। जिले भर से पेड़, खप्पर उड़ने और मकान गिरने की खबर मिली है। सुबह से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बाद दोपहर बाद शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काली घटाएं छाने के साथ ही तेज बारिश और हवा का दौर तो शुरू हुआ। जिससे एक ओर शहरवासियों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन पानी, हवा और आंधी ने अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। वहीं कई जगह शादियों के टेंट उखड़ते देखे गए। बमुश्किल सुरक्षित स्थान खोज पाया तो कुछ को आंधी, बारिश का पानी भीगना पड़ा।

## कमरदीपुर-कबूलपुर जोड़ पर भीषण सड़क हादसा,दो लोगों की दर्दनाक मौत



**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत उकावता चौकी के समीप हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतक सुसनेर क्षेत्र के रहने वाले थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और हाईवे की डायल 1033 टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह जानलेवा हादसा कमरदीपुर-कबूलपुर जोड़ पर हुआ। हादसे का शिकार हुए व्यक्तियों की शिनाख्त सुसनेर निवासी रतनलाल पिता नाथूजी और श्यामपुरा सुसनेर निवासी गांगाराम पिता नंदाजी के रूप में हुई है। हादसा इतना भयानक था कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े थे।

### राहगीरों और रेस्क्यू टीम ने दिखाई इंसानियत

हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान वहां मौजूद विक्रम मंडलोई, पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, अनिरुद्ध मीणा और मनीष यादव ने इंसानियत का परिचय देते हुए भारी तत्परता दिखाई। डायल 1033 की टीम और पुलिस की मदद से इन युवाओं ने बिना समय गंवाए दोनों गंभीर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद ही दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर गुना पार्टी कार्यालय में मनाया भव्य उत्सव

**गुना।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड एवं ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में हाट रोड स्थित पार्टी कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ विजय उत्सव मनाया गया। देशभर में आए चुनाव परिणामों में भाजपा ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। विशेषकर पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक बढ़त, असम में लगातार मजबूती, तथा पांडुचेरी में एनडीए की स्थिति मजबूत रहने से कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। इस शुभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर हनुमान चोराहे पर पटाखे फोड़कर, मिठाई बांटकर तथा झालमुड़ी खिलाकर एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। पूरा वातावरण भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। इस विजयी उत्सव कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, विधायक पन्नालाल शाक्य, नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, उपाध्यक्ष धरम सोनी, पूर्व मंत्री गोपीलाल जाटव, राजेन्द्र सलूजा, हरि सिंह यादव, राधेश्याम पारीख, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, संतोष धाकड़, चंद्र प्रकाश अहिरवार, महेंद्र किरार, शिवपाल परमार, प्रबल प्रताप सिंह चौहान, वीर बहादुर यादव, अंकुर श्रीवास्तव, मोहित नामदेव, ओमप्रकाश राठौर, दिलीप सेन, श्रीमती राजेश राजपूत, नरेंद्र बड़कुल, रामकुमार शर्मा, अर्जुन राजपूत, परेश भार्गव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा, सभी मंडलों के कार्यकर्ता, पार्षद उपस्थित रहे जिन्होंने एकजुटता के साथ इस ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत देश की जनता के विश्वास, प्रधानमंत्री के नेतृत्व और संगठन की मेहनत का परिणाम है। बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है।

## बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर शाजापुर में जश्न, विजय रैली के साथ हुई आतिशबाजी

**शाजापुर।** पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय और बढ़ते जनसमर्थन को लेकर शाजापुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। इस मौके पर शहर में विजय रैली निकाली गई और आतिशबाजी कर आमजनों को मिठाइयां बांटी गईं। चुनावी रुझानों और परिणामों में पार्टी के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए जिला भाजपा कार्यालय से सोमवार शाम विजय रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ट्रैफिक पॉइंट और बस स्टैंड पहुंची। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में भारी उत्साह देखने को मिला। मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने बताया कि ट्रैफिक पॉइंट और बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर विजय का जश्न मनाया और नागरिकों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। इस पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व शाजापुर विधानसभा के विधायक अरुण भीमावत और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने किया। उनके मार्गदर्शन में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस ऐतिहासिक जीत का उत्सव मनाया।

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर सख्त

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में आज समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रीमति हितिका वासल, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा से की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में शिकायते नॉट अटेंडेड नहीं रहनी चाहिए। यदि कोई शिकायत लंबित पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के वेतन में कटौती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को सिटीजन चार्टर के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या SnT-RTM-26-08-Signal दिनांक: 02.05.2026** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेलवे रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से व उनके लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** निम्नलिखित कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करना:- 1) सिंहस्थ 2028 के तहत ताजपुर में अतिरिक्त लूप लाइन। 2) सिंहस्थ 2028 के तहत नाइखेरी यार्ड का पुनर्निमाण, जिसमें अतिरिक्त लूप और स्टेबलिंग लाइन शामिल है। 3) सिंहस्थ 2028 के तहत राजेंद्र नगर में स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान। 4) सिंहस्थ 2028 के तहत पिंगलेश्वर में आपातकालीन क्रॉसओवर। 5) सिंहस्थ 2028 के तहत बरलाई में अतिरिक्त लूप लाइन। 6) सिंहस्थ 2028 के तहत विक्रम नगर में मशीन साइडिंग का विस्तार और लाइन नंबर 1 के डेड एंड्स का विस्तार, ताकि पूरी लंबाई की ट्रेनों को खड़ा किया जा सके। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs.15,59,11,158.75/- **बयाना राशि :** Rs.31,18,200.00/- **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य/- **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 25/05/2026 समय 15.00 बजे तक। **तकनीकी निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक 25/05/2026 समय 15.30 बजे के बाद। **व्यवसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांक:** दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा। **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 90 दिन। **कार्य का पूरा करने की अवधि :** 12 माह **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान :** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. निविदा सिर्फ अनलाईन ई-निविदा पोर्टल http://www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

Apex/33

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीगण 01. अर्जुन सिंह राठौर पिता स्व. श्री रूपसिंह राठौर, निवासी देवनारायण मंदिर के पास तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) 02. ईश्वर सिंह पिता स्व. श्री रूपसिंह, निवासी ग्राम पानबिहार तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) 03. श्रीमती पवनकुंवर उर्फ कृष्णा बाई पिता स्व.श्री रूपसिंह, पति गणपत सिंह, निवासी- बडनगर, सिंकदरखेडा, जहागिरपुर उज्जैन (म.प्र.) 04. गोविंद सिंह राठौर पिता स्व.श्री रूपसिंह, निवासी चोरा, मोहल्ला, ग्राम पानबिहार तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) 05. श्यामू बाई पति श्री बापू सिंह राठौर, निवासी- चोराहा मोहल्ला, पानबिहार जिला उज्जैन (म.प्र.) -06. महेंद्र सिंह राठोर पिता श्री ईश्वर सिंह, निवासी- चोराहा मोहल्ला, पानबिहार जिला उज्जैन (म.प्र.) 07. श्यामू कुंवर उर्फ श्यामू बाई पति ईश्वर सिंह, निवासी- 148, चोराहा, पानबिहार जिला उज्जैन (म.प्र.) 08. श्रीमती अभिलाषा कुंवर पति लोकेन्द्र सिंह, निवासी- राजपूत मोहल्ला, ग्राम पानबिहार जिला उज्जैन (म.प्र.) 09. सूरज बाई पति रामसिंह, निवासी- चौरा मोहल्ला, पानबिहार जिला उज्जैन (म.प्र.) 10. दरबार सिंह पिता राम सिंह, निवासी ग्राम पानबिहार जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 1466/1 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1467/2 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1469/3 रकबा 0.270 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1470 रकबा 0.070 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1490/1 रकबा 1.050 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1464/3 रकबा 0.670 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1452/2 रकबा 0.240 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1453/2 रकबा 0.360 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1466/3/2 रकबा 0.290 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1464/2 रकबा 0.220 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1465 रकबा 0.130 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1466/2 रकबा 0.330 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1466/3/1 रकबा 0.150 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1466/3/3 रकबा 0.280 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1452/1 रकबा 0.510 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1453/1 रकबा 0.490 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1467/3 रकबा 0.400 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1469/2 रकबा 0.730 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1464/1 रकबा 0.220 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1467/1 रकबा 0.290 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1467/4 रकबा 0.200 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1468/2 रकबा 0.060 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 1469/1 रकबा 0.270 हेक्टर भूमि कुल रकबा 7.560 हेक्टर भूमि ग्राम पानबिहार तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का अनुबंध कर बायाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

इति: दिनांक-04/05/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन मो. नम्बर 98263 42244**

## जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, पी. एन. बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष श्रीमती गीता तिलकर पति श्री राजेश तिलकर निवासी-18/2, कालिदास मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा भवन क्रमांक 169 जिसका कुल क्षेत्रफल 83.66 वर्गमीटर स्थित अल्कापुरी कॉलोनी, सेक्टर डी जो कि, भूमि सर्वे क्रमांक 85, 101, 102/3, 104/3 रकबा 0.741 हैक्टेयर में का एक भाग जिसके पूर्व में-रेल्वे की भूमि, पश्चिम में-सड़क, उत्तर में-भवन क्रमांक 170 एवं दक्षिण में भवन क्रमांक 168 को क्रय करने एवं उसके पश्चात् बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की गयी है, उक्त भवन के स्वामी नरेन्द्र पिता लूणकरण मंगल, श्रीमती प्रगति पति स्वर्गीय श्री प्रशांत मंगल, आनंद मंगल पिता स्वर्गीय श्री द्वारकादास जी मंगल निवासीगण-मंगल कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) हैं, स्वर्गीय श्री प्रशांत मंगल के स्वर्गवास के पश्चात् उक्त संपत्ति उनकी पत्नि श्रीमती प्रगति मंगल को उनकी पत्नि एवं वैध वारिस एवं उत्तराधिकारी होने के नाते उत्तराधिकार में प्राप्त हुई है तथा उनके द्वारा उक्त भवन पर उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन के संपत्तिकर अभिलेखों में दर्ज करवा लिया गया है, यदि उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने में स्वर्गीय श्री प्रशांत मंगल के वैधानिक वारिस को कोई आपत्ति हो या किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को पी. एन. बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो।

दिनांक:-28.04.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग,फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 9827228461**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्वे साधारण को सूचित किया जाता है कि, पुराना म्यु नम्बर मकान नम्बर 4/259 एवं 4/299 भाग, नया नम्बर 62/1. बकाड़िया बड. उज्जैन (म.प्र.) उपरोक्त वर्णित संपत्ति दयालदास पिता ठाकुरदार द्वारा फरीदा पति असगर अली आदि से पंजीकृत दस्तावेज क्रमांक 1332 दिनांक 25 जून 2001 के द्वारा क्रय की गई थी दयालदास की मृत्यु दिनांक 10/01/2026 को हो गई है तथा दयालदास की मृत्यु पश्चात कमलेश पिता स्व. दयालदास एक मात्र वैधानिक वारिस है। जिनके नाम से दिनांक 20/03/2026 को नगर निगम में नामांतरण हो चुका है। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर कमलेश पिता स्व. दयालदास द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अत: सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अत: सूचित हो।

इति दिनांक 04/05/2026

**नीरज सक्सेना ( एडवोकेट )**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9713096363, 9713015515**

## Tender Notice/Advertisement

**1.Tender ID: GD/T-CIVIL/2026-27/06 2.GD/T-ARC/2026-27/03**

The Panchmahal District Co-operative Milk Producer's Union Ltd, Lunawada Road, P.B. No. 37, Godhra-389001, Dist.: Panchmahal (Gujarat), INDIA, (O) 02672-261782 to 84, Fax: 02672-260327 invites bid for as per below from registered contractor with relevant experience of system /service in related field.

| Description | Particulars |
|---|---|
| Name of work | 1.Providing & Construction of Panchamrut Parlor at Ujjain Plant<br>2. ARC for sale of scrap material from Ujjain, Jabalpur, Durg & Bhopal Plant |
| Contract Time limit | 1. 3 months , 2. As per Tender |
| Cost of Tender | 1. Rs.2500 , 2. Rs.2500 |
| E.M.D. | 1. Rs.25,000 , 2. Rs.1,00,000 |
| Date of Bid sale start offline | Dt. 05/05/2026 at 10:00 AM |
| Date of Bid Sale stop offline | Dt. 12/05/2026 Up to 05.00 PM |
| Last date of Bid submission hard copy to at Godhra office | Dt. 19/05/2026 Up to 05.00 PM. |
| Place for purchase of tender document | DMIC, Vikram Udhyogpuri, Tal- Narwar, Dist.-Ujjain) |
| Validity of tender | 90 days |

The Union reserves the right to reject any or all tenders or accept any tender without assigning any reason thereof.

Date: 05.05.2026

Managing Director
The Panchmahal DCMPU Ltd., Godhra

## पर्यटन क्विज के विजेता विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज के माध्यम से प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित कराने के उद्देश्य से चयनित जिले के 18 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए हैं। मंदसौर जिले की क्विज प्रभारी श्रीमती कीर्ति सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। भ्रमण दल में उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर, दलोदा पब्लिक स्कूल और श्री साईं पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शामिल हैं, जो महेश्वर, ओंकारेश्वर और हनुमंतिया जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का अवलोकन करेंगे। इसी प्रकार उपविजेता टीमों में शामिल उत्कृष्ट विद्यालय भानपुरा, अंकुर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सुमन विद्या मंदिर के छात्र-छात्राएं मांडू और महेश्वर के ऐतिहासिक वैभव को करीब से देखेंगे। यह पूरा शैक्षणिक दल मार्गदर्शक शिक्षक अनिल जैन के निर्देशन में यात्रा कर रहा है।

## कार की टक्कर से राहगिर की मृत्यु

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के रिलेक्स ढाबा व ग्राम छायन के बीच एक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। पुलिस ने जांच पर आरोपी स्कार्पियों कार क्र. एमपी 14 जेडजे 2472 के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 1 मई की शाम करीब 7 बजे की है। पुलिस ने मर्ग की जांच में पाया कि कार चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर पैदल जा रहे नंदकिशोर पिता कालूराम मेघवाल निवासी टकरावद को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## जिला चिकित्सालय में मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो- कलेक्टर

**मन्दसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित बैठक में जिला चिकित्सालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख रूप से चिकित्सालय में आदर्श पब्लिक टॉयलेट निर्माण की अनुमति, नवीन सीसीबी भवन से मुख्य चिकित्सालय भवन तक पहुंच मार्ग पर शेड निर्माण, पोस्टमार्टम रूम परिसर में आवश्यक कार्य, माइक्रोबायोलॉजी लैब की व्यवस्थाएं तथा सोनोलॉजिस्ट की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में उपलब्धता के अनुसार प्रत्येक मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो, इसके लिए ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने 108 एंबुलेंस सेवा के सुगम एवं त्वरित संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या M247_MECH_TENDER_25-26_28 Dated: 01.05.2026** **कार्य का नाम:** RSW/DHD में विभिन्न प्रकार के वाहनों द्वारा विभिन्न सामग्रियों के आंतरिक परिवहन का कार्य। मात्रा 28800 ट्रिप। **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 महीने **कार्य की अंदाजित लागत:** Rs. 38,07,720.00/- **बयाना राशि:** Rs.76,200.00/- **परिवर्तित निविदा देने व खोलने की दिनांक व समय:** दिनांक 23/05/2026 को 11:00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 11:30 बजे को खोलना। **वेबसाईट का पता व स्थान:** वेबसाईटः **www.ireps.gov.in** मुख्य कारखाना प्रबन्धक का कार्यालय, रोलिंग स्टाक कारखाना, पश्चिम रेलवे, परेल, फ्रीलेंड्गंज, दाहोद - 389160 **अनिवार्य व प्रासंगिक दस्तावेज:** निविदाकर्ता को अनिवार्य दस्तावेज जैसे Annexure-V(A) (अगर लागू हो तो) और साथ ही निविदा जमा करने के लिए प्राधिकरण से संबंधित दस्तावेज और GCC व निविदा दस्तावेज के PART-I के Para 15 & Para 18 मे निर्दिष्ट अपेक्षित दस्तावेज भी निविदा के साथ जमा करने होंगे। अनिवार्य और प्रासंगिक दस्तावेजों की प्रति प्रस्तुत न करने पर उसकी/उनकी ऑफर को अस्वीकार मानते हुये **निरस्त किया जाएगा।**

Apex/32

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा संख्या SnT-RTM-26-Tele-08 दिनांक: 02.05.2026** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** रतलाम मंडल के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर दूरसंचार यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न सुविधाओं के उन्नयन एवं प्रतिस्थापन (सिंहस्थ 2028) के संबंध में दूरसंचार सामग्री (सीसीटीवी निगरानी प्रणाली) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 9,70,11,652.44/- (रुपये नौ करोड़ सत्तर लाख ग्यारह हजार छह सौ बावन रुपये चवालीस पैसे मात्र) **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **जमानत राशि :** Rs.19,40,200.00/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** नौ (09) माह **ई-निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 04/06/2026 समय 15:00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि व समय:** दिनांक 04/06/2026 समय 13:00 बजे तक **वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन निविदा **http://www.ireps.gov.in** वेबसाईट पर देखी जा सकती है । निविदाकार के पास Class-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है तथा IREPS पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है । केवल पंजीकृत निविदाकार ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते हैं ।

Apex/34

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# मंदसौर में नई ट्रैफिक व्यवस्था पर भारी बवाल- भीषण गर्मी में सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन, पुलिस के साथ हुई तीखी नोकझोंक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



शहर के हृदय स्थल सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर प्रशासन द्वारा किए गए ट्रैफिक बदलाव के तहत प्रशासन ने चौराहे का सर्कल तोड़कर और बैरिकेडिंग लगाकर वन-वे व्यवस्था लागू की, जिसका स्थानीय निवासियों और कांग्रेस कार्यकताओं ने पुरजोर विरोध किया। प्रातः यहां के बेरिकेट्स हटा दिये गये लेकिन कुछ ही देर बाद पुनः बेरिकेट्स लगा देने से आक्रोश इस कदर बढ़ा कि भीषण गर्मी के बावजूद जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लोग सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का स्पष्ट कहना है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व योजना या जनसंवाद के यह तुगलकी फरमान जारी किया है, जिससे आम जनता की मुसीबतें कम होने के बजाय और बढ़ गई हैं।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर स्थिति तब और तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। धरने का नेतृत्व कर रहे जनपद सदस्य दीपक सिंह गुर्जर और सिटी कोतवाली टीआई पुष्पेंद्र सिंह राठौर के बीच काफी देर तक गहमागहमी चलती रही।

पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने और यातायात सुचारू करने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेड हटाने और पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग पर अड़े रहे। लोगों का आरोप है कि प्रशासन ने इस नई व्यवस्था को लागू करने से पहले जनता की सहूलियत का बिल्कुल भी ध्यान नहीं रखा है।

प्रदर्शन करने वालों ने बताया कि प्रशासन के इस नए प्रयोग से सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को हो रही है। नई वन-वे व्यवस्था के कारण अब अफीम गोदाम रोड, नई आबादी और संजीत नाका की तरफ जाने वाले लोगों को सीधा रास्ता बंद मिलने की वजह से लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ रहा है।

वाहन चालकों को अब सिटी ग्राउंड या महाराणा प्रताप चौराहे से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है व ट्रैफिक का दबाव कई गुना बढ़ गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।जब तक प्रशासन इस अव्यवहारिक वन-वे व्यवस्था को वापस नहीं लेता और बैरिकेड हटाकर पुरानी स्थिति बहाल नहीं की जाती, उनका आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा।

## संघ कार्य और राष्ट्र के लिए जीवन भर समर्पित रहे स्व.लल्ला जी जौहरी

### स्व.जौहरी के जन्मशताब्दी समारोह में वक्ताओं ने कहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



संघ की पहली पीढी के स्वयंसेवक स्व.कृष्णकुमार जौहरी (लल्ला जी) का पूरा जीवन संघ कार्य और राष्ट्र के लिए समर्पित था। संघ पर प्रतिबन्ध लगने के बावजूद वे संघ कार्य से पीछे नहीं हटे और परिणामस्वरुप उन्हे रेलवे की नौकरी से हाथ धोना पडा। परन्तु संघ कार्य के प्रति उनकी निष्ठा इतनी अटूट थी कि वे फिर भी जीवन भर संघ कार्य के लिए समर्पित रहे।

उक्त विचार स्व.कृष्णकुमार जोहरी के जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने व्यक्त किए। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया लाल मौर्य, शंकरलाल माली, शिक्षाविद ओपी मिश्रा,रा.स्व.संघ के सुरेन्द्र सुरेका, विनय मोघे, वीरेन्द्र वाफगांवकर, सुनील सराफ, सुहास चितले, सुरेन्द्र तिवारी इत्यादि ने स्व.लल्ला जी से जुडे संस्मरण सुनाए और संघ कार्य के लिए उनके योगदान को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व.लल्ला जी जौहरी का पूरा जीवन प्रेरणादायक है। वे अंतिम सांस तक संघ कार्य की चिंता में लगे रहे। उनके जैसे असंख्य समर्पित और निष्ठावान स्वयंसेवकों के त्याग और तपस्या का ही परिणाम है कि आज देश में हिन्दुत्व का वातावरण बना है। प्रारम्भ में अतिथियों ने स्व जोहरी के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारम्भ किया।

बरबड हनुमान मन्दिर के कृष्ण मण्डपम में आयोजित कार्यक्रम में गुमानमल नाहर, प्रकाश मूणत,राजेन्द्र वाघ, निर्मल कटारिया, घनश्याम कछावा, देव प्रकाश सिसौदिया समेत बडी संख्या में स्व.जोहरी जी से जुडे लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर जौहरी परिवार की ओर से दीपक जौहरी (भोपाल) ने मंचासीन अतिथियों कन्हैयालाल मौर्य मामाजी, सुरेन्द्र तिवारी, ओपी मिश्रा और सुरेन्द्र सुरेका का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन माधव काकानी ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन मुकेश जौहरी द्वारा किया गया।



## पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड़ जीत का जश्न झालमुड़ी के साथ मना

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव मे मिली प्रचंड जीत का विजय उत्सव सोमवार शाम रतलाम में धूमधाम से मनाया। भाजपा कार्यालय पर पहले भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे एक दूसरे का मुँह मीठा कराया गया और उसके बाद जोरदार आतिषबाजी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए जीत का निशान बनाते हुए हर्ष व्यक्त किया। लड्डू के साथ कार्यकताओं ने झालमुड़ी खाकर हर्ष व्यक्त किया। विजय उत्सव मे महापौर प्रहलाद पटेल, नगर निगम अध्यक्ष मनीशा शर्मा, पूर्व विधायक संगीता चारेल, रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी, जिला महामंत्री महेश सोनी, जयवंत कोठारी, जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, जिला पदाधिकारी प्रहलाद राठौर, सोनू यादव, क्रांति जोशी, अनिता कटारिया, जुबीन जैन, राजेन्द्र पाटीदार, राजेन्द्र पाटीदार होस्टल, अरुण त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधी, आदित्य डागा, नंदकिशोर पंवार, सोना षर्मा, मयूर पुरोहित, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन, आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल, जिला संयोजक निलेश राव, सोशल मीडिया संयोजक करण वशिष्ठ सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण सहित एमआईसी सदस्य, पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मंदसौर ने जीता खिताब

**मन्दसौर।** दलौदा स्पोर्ट्स एकेडमी और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रथम जिला स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न हुई। अटल बिहारी खेल परिसर दलौदा में आयोजित इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन ने पीजी कॉलेज मंदसौर की टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जिले की चार प्रमुख टीमों ने भाग लिया था, जिसमें दलौदा स्पोर्ट्स एकेडमी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजन के दौरान लीग पद्धति से मैच खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कोच अभिषेक सेठिया ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन अवसर पर समाजसेवी बलराम पाटीदार, पार्षद भारती पाटीदार और थाना प्रभारी पूर्णिमा सिंह सहित अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को 2100 रुपये व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 1100 रुपये व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। व्यक्तिगत श्रेणियों में रंजना कैथवास को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, खुशी ग्वाला को बेस्ट सेटर, निशा वाघेला को बेस्ट अटैकर और माही राठौड़ को बेस्ट लिब्रो का पुरस्कार दिया गया। शुभारंभ अवसर पर विकास सुराणा और नरेंद्र सिंह चौहान सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए गए।

## महाराणा प्रताप जन्मोत्सव 17 जून को मनाया जाएगा

**रतलाम।** अमृत सागर तालाब स्थित श्री चारभुजा जी मंदिर (राजपूत समाज मंदिर परिसर) में समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 17 जून को परम श्रद्धेय हिंदूवा सूरज, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी का जन्मोत्सव मंदिर परिसर में ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम के तहत प्रातः 11 बजे महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात समाज द्वारा मंदिर परिसर के बाहर शरबत (रसना) का वितरण किया जाएगा। साथ ही समाज के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान भी किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नीमच जिला-नीमच (म.प्र.)**

क्रमांक-655/ई.टेण्ड./01/पथ-प्रकाश.वि./2026/ नीमच, दिनांक 04.05.2026

**ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट **website http://mptenders.gov.in** पर देखा सकते हैं। –

| क्र./टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रपत्र की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_441783 | इंदिरा नगर रोड डिवाईडर रोड पर ट्यूबलर पोल व लाईट कार्य | 6 Months<br>224049+GST | Rs. 2000<br>Rs. 3000 | 12.05.2026 |
| 2025_UAD_441782 | जैन मंदिर विकास नगर से गोमाबाई हॉस्पिटल तक स्ट्रीट लाईट एव पोल कार्य | 6 Months<br>632192+GST | Rs. 2000<br>Rs. 7000 | 12.05.2026 |
| 2025_UAD_441781 | 14/4 विकास नगर गगरानी के मकान के पीछे 10 नग पोल कार्य | 6 Months<br>218894+GST | Rs. 2000<br>Rs. 3000 | 12.05.2026 |
| 2025_UAD_441779 | स्कीम न.36ए में मेशी पोरवाल बंगले से बरूखेड़ा तक एटी पोल शिफ्ट | 6 Months<br>247046+GST | Rs. 2000<br>Rs. 3000 | 12.05.2026 |
| 2025_UAD_441778 | वार्ड क. 06 11 केवी लाईट शिफ्ट कार्य | 6 Months<br>384304+GST | Rs. 2000<br>Rs. 4000 | 12.05.2026 |
| 2025_UAD_455078 | वार्ड क. 36 में रेल्वे अण्डरब्रिज से चांदमल गैरेज बधाना तक रोड पर आक्टागोनल पोल, स्ट्रीट लाईट कार्य | 06 Months<br>689117+GST | Rs. 2000<br>Rs. 7000 | 12.05.2026 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://mptenders.gov.in** की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा**
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नीमच

**श्री मनोहर मोटवानी**
सभापति, लो.नि.वि.

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
नगरपालिका परिषद, नीमच


## पेंशनर नागरिक महासंघ पिपलिया मंडी का मिलन समारोह संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



3 अप्रैल को पेंशनर नागरिक महासंघ शाखा पिपलिया मंडी का मिलन समारोह आयोजित किया गया जो श्री भंवर सैनी फौजी के खात्याखेड़ी पिपलिया मार्ग पर स्थित फौजी भाई के संस्थान पर रखा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर के गणमान्य श्री अशोक कुमठ विशेष अतिथि प्रसिद्ध शिक्षा विद श्री रमेश चंद्र चंद्रे,तथा श्री श्याम लालजी बोराना तथा मंदसौर से पधारे श्री एड.श्री अजीजुल्ला खान एवं श्री कोमल चंद वाणवार नगर अध्यक्ष श्री पंकज शर्मा "तरुण "के आतिथ्य में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर सभी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण से प्रारंभ किया गया। संघ का प्रेरणा गीत उपाध्यक्ष श्री हरिसिंह यादव द्वारा गाया गया जिसको सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा दोहराया गया।

इसके पश्चात मंचासिन सभी अतिथियों एवं अध्यक्ष का संघ के दुपट्टे से स्वागत सत्कार किया गया।संघ में नवीन सदस्य श्रीमती लीला पाटीदार का पुष्पमाला एवं दुपट्टे से कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती रेखा शर्मा , उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष,सचिव द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।पश्चात श्री बोराना ,श्री चन्द्रे जी,श्री भगवती प्रसाद गहलोत,श्री बालूराम जी कराड़ा, श्री बंशीलाल जी कारपेंटर, श्री अंबालाल जी कारपेंटर, श्री कन्हैयालाल जी कारपेंटर, श्री गोवर्धन सिंह जी पंवार,श्री ओम प्रकाश जी गहलोत, श्री राजेंद्र कैथवास श्री देवीलाल सेठिया ने अपने विचार रचना पाठ एवं सुझाव से ओत प्रोत वक्तव्य प्रस्तुत किए गए।पंकज शर्मा तरुण द्वारा सस्वर स्वरचित दोहों का गायन किया गया। अंत में श्री अशोक कुमठ द्वारा मुक्तक और प्रेरक वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में पिपलिया मंडी के आसपास के सभी सेवा निवृत्त सदस्यों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेकर मिलन समारोह को चार चांद लगाए। पिपलिया इकाई के कार्य कारिणी सदस्य श्री मति शशि कला तिवारी,श्री मति इंदुबाला जैन, श्री मति चंद्र कला कराड़ा,श्री मति मंजुला बही,श्री घनश्याम आर्य , श्री सुरेश चंद्र जैन, श्री आर के शुक्ला श्री मक्खन पांचोली, श्री अमृत लाल जैन,श्री बगदीराम गुप्ता ,हुकमी चंद कनेरिया श्री रतनसिंह राजौरा,श्री समरथ लाल आर्य,श्री मांगीलाल पोरवाल, श्री गोविंद शर्मा वरिष्ठ पत्रकार श्री बाबूलाल नगर तथा संघ के मीडिया प्रभारी श्री लाला परमार ,आदि अन्य सभी पेंशनर्स उपस्थित रहे ।

### न्यूज कालम



## एकीकृत शा बा उ मा विद्यालय परिवार में फौजी साथियों का हुआ स्वागत

**पिपलिया मंडी।** जिला मंदसौर मध्यप्रदेश के होनहार वीर जवान भारत माता के सच्चे सपूत सुनील कुमार के द्वारा भारतीय सेवा में 17 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्ति के उपरांत दिनांक 3 मई को पहली बार नगर आगमन करने पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन के विद्यालय परिवार द्वारा श्री सुनील कुमार और उनके साथ आए हुए सभी फौजी साथियों का विद्यालय के मंच पर महापुरुषों को माल्यार्पण करने के बाद आत्मीय रूप से *पिपलिया मंडी (नैनोरा) जिला मंदसौर मध्यप्रदेश के होनहार वीर जवान भारत माता के सच्चे सपूत सुनील कुमार के द्वारा भारतीय सेवा में 17 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्ति के उपरांत दिनांक 3 मई 2026 को पहली बार नगर आगमन करने पर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपलिया स्टेशन के विद्यालय परिवार द्वारा श्री सुनील कुमार और उनके साथ आए हुए सभी फौजी साथियों का संस्था के प्राचार्य श्री बीआर सिसोदिया, पीएल चौहान, गोपाल कछावा, जगदीश मेघवाल, मुकेश वर्मा, प्रमोद बुनकर, कन्हैया लाल सेन एवं विद्यालय परिवार के द्वारा स्कूल के मंच पर महापुरुषों को माल्यार्पण करने के बाद आदमी रूप से सम्मान सत्कार किया गया और देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ स्वागत के कार्यक्रम को गरिमामई बनाया।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर पिपलिया मंडी में जश्न



**पिपलिया मंडी।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पिपलिया मंडी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता सुधीर जैन,मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांधी चौराहा पर एकत्रित हुए और जीत का जोरदार जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भारतीय जनता पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताया और इसे कार्यकताओं की मेहनत तथा जनता के विश्वास का परिणाम बताया। नगर के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी इस मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने सभी को जीत की शुभकामनाएं दीं। गांधी चौराहा पर देर तक जश्न का माहौल बना रहा। युवाओं से लेकर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर जनता के भरोसे का प्रतीक है।इस दौरान पिपलिया मंडी के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ता गांधी चौराहा पहुंचकर इस जश्न में शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का सुंदर समन्वय देखने को मिला। कुल मिलाकर पिपलिया मंडी में भाजपा की जीत को लेकर उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा।

## भाजपा की बंगाल विजय का चटपटा जश्न, बंगाल की प्रसिद्ध झालमुरी बाँटी

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी को बंगाल में मिली ऐतिहासिक सफलता से कार्यकताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। इसी क्रम में आज शाम ५.३० बजे दानाओली चौराहा स्थित गोविन्दम् संस्थान पर मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा एक अनोखे ढंग से खुशी का इजहार किया गया । बीजेपी के बंगाल की जीत की खुशी ढोल धमके आतिशबाजी सहित मिठाई वितरण से तो हुआ ही द्य वही नीमच मे मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि जीत की खुशी मनाने के लिए इस बार बंगाल के पारंपरिक स्वाद को चुना गया द्य कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पसंदीदा बंगाली डिश झालमुरी का वितरण किया गया द्यगौरतलब है कि बंगाल प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक दुकान पर रुककर इस डिश का सेवन किया था, जो काफी चर्चा में रही थी। मित्र मंडल के सदस्य ने स्वयं इस डिश का स्वाद ललिया वही राहगीरों और आम जन को भी झालमुरी वितरित कर जीत की खुशियां मनाई । कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे पार्टी कार्यकताओं समर्थकों ने वितरित की गई झलमुरी का आनंद लिया द्य इस अनूठी पहल देखने भी बड़ी संख्या में लोग जुटे।

## मैंने कभी ऐसी पत्रकारिता नही की जिससे किसी का नुकसान हो-सहारिया

**नीमच।** कृति के मेरा जीवन मेरे अनुभव कार्यक्रम में विचार व्यक्त किये। पत्रिका के ब्यूरो चीफ मुकेश सहारिया ने अपने जीवन के प्रारम्भिक वर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि मेरी पत्रकार के रूप में यात्रा प्रभातकिरण से प्रारम्भ हुई । पटवाजी द्वारा शुरू किये गए अखबार अमृत मंथन से मैंने पत्रकारिता का क ख ग सीखा 7 मेरे गुरु नवनीतजी गुर्जर और गुरुदेव बिल्लोरे से मैंने बहुत कुछ सीखा 7 बाद में मैंने भास्कर के पत्रकार रूप में रतलाम और ब्युरो चीफ के रूप में नीमच में कार्य किया 7 खबर देकर और उसे छपवाकर पत्रकार का किस तरह से उपयोग किया जाता है यह मैंने भास्कर में रहकर सीखा। मैं कुछ समय राज एक्सप्रेस का भी नीमच ब्यूरो चीफ रहा। 2011 में पत्रिका के प्रारम्भ से ही में जुड़ा हूँ और आज तक कार्यरत हूँ इस बीच कई परेशानियां भी आई पर मैंने उनका सामना किया मेरे मामाजी जो भोपाल के माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय के संस्थापक रहे हैं मेरे नानाजी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी रहे हैं ,मेरे पिताजी सीआरपीएफ से उपनिरीक्षक के पद से सेवानिवृत्त हुए मेरी माताजी शिक्षिका रही है इन सबकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का प्रभाव मेरे जीवन पर पड़ा और इसी कारण मैने अपने अब तक के पत्रकारीय जीवन में निडर और ईमानदारी से कार्य किया मैंने कभी कोई ऐसा काम नही किया जिससे मेरे परिजनों के नाम पर दाग लगे मैंने पत्रकारिता में क्रेडल मशीन और कम्पोजिंग से लेकर आज की ए आई प्रोद्योगिकी तक का इस्तेमाल किया। कुल मिलाकर मैं एक पत्रकार के रूप में अपने कार्य से संतुष्ट हूँ ।

## श्री नरसिंह मंदिर में श्री नरसिंह भगवान का प्रकटोत्सव धूम-धाम से मनाया गया



**महिदपुर।** नगर के एकमात्र अतिप्राचीन श्री नरसिंह मंदिर में लोहार सुतार जुना गुजराती पांचाल समाज द्वारा भगवान श्री नरसिंह का प्रकटोत्सव वैशाख सुदी 14, गुरुवार को मनाया गया इसमें निम्न कार्यक्रम किये गये। प्रातः भगवान का अभिषेक, पूजन, हवन एवं सायंकाल महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण किया गया। पश्चात सम्पूर्ण समाज एवं स्थानीय श्रद्धालुओं ने अन्नकुट भोजन गृहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष शिवनारायण पांचाल एवं समाज के वरिष्ठ शंकरलाल मण्डोरा, मोहनलाल पांचाल, कैलाश पांचाल, नागेश्वर पांचाल, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ पांचाल, सचिव सत्यनारायण पांचाल, मांगीलाल पांचाल, उपाध्यक्ष राधेश्याम पांचाल, कैलाश मण्डोरा, हुक्मीचन्द्र पांचाल, बाबुलाल असोडिया कार्तिक मंडोरा एवं नवयुवक मण्डल के कैलाश पांचाल, संतोष पांचाल, अशोक पांचाल, धर्मेन्द्र पांचाल, संजय पांचाल, सत्यनारायण पांचाल आदि एवं समाज की महिला मण्डल ने भी सहभागिता की। यह जानकारी मंदिर के पुजारी पंडित सत्यनारायण रावल द्वारा दी गई।

## अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर कानड़ में गूंजे वेद मंत्र, घर-घर हुआ यज्ञ



**कानड़।** अंतरराष्ट्रीय यज्ञ दिवस के अवसर पर रविवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक एवं आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर ह्लघर-घर यज्ञ, हर घर यज्ञह्व के संकल्प के साथ लोगों ने अपने-अपने घरों में यज्ञ कर पर्यावरण शुद्धि और विश्व कल्याण की कामना की।नगर के स्वामी दयानंद मार्ग स्थित आर्य समाज मंदिर में सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यज्ञाचार्य पंडित काशीराम आर्य ह्यअनलह्ण ने विधि-विधान से यज्ञ संपन्न करवाया और उपस्थित जनसमूह को आहुतियां दिलवाईं। वेद मंत्रों की गूंज से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।इस दौरान वेद कथा आयोजक समिति के सदस्य भी मौजूद रहे और सभी ने मिलकर यज्ञ में आहुति देकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों के प्रसार का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि यज्ञ के माध्यम से न केवल आध्यात्मिक शुद्धि होती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताया और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने का आह्वान किया।

## परशुराम जन्मोत्सव व शंकराचार्य जयंती महिदपुर-झारडा में जनसंपर्क अभियान तेज



**महिदपुर।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं जगतगुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव को लेकर महिदपुर-झारडा क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजन की तैयारियों के तहत समाजजनों द्वारा जोर-शोर से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भीषण गर्मी के बावजूद समाज के प्रतिनिधि पूरे उत्साह के साथ घर-घर पहुंचकर विप्र बंधुओं को पत्रक वितरित कर रहे हैं और कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं। इससे समाज में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। संयोजक सत्यनारायण शर्मा (पेटलावद) ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भागवत आचार्य पंडित श्याम स्वरूप मानावत मौजूद रहेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में बड़नगर विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या शामिल होंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी गुलजारीलाल त्रिवेदी एवं उज्जैन नगर निगम की पार्षद माया राजेश त्रिवेदी सहित अन्य गणमान्यजन की उपस्थिति रहेगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर संयोजक सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में प्रदीप पंड्या, महेश रावल, कमलेश उपाध्याय, विकास उपाध्याय, जगदीश उपाध्याय, संजय व्यास, उमा पांडे, श्याम शर्मा, अरुण शर्मा, चंद्रशेखर पंड्या, महेश पंड्या, संजय जोशी, डॉ राजेश मेहता, पंकज शर्मा, रवि शर्मा सहित अन्य समाजजन ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।

## शासकीय हाई स्कूल रोहिड़ा में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ



**महिदपुर।** शासकीय हाई स्कूल रोहिड़ा में नि:शुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम अतिथि जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने तिलक लगा कर हार पहनाया और सभी पात्र छात्रों को साइकिल का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही स्कूल के 10वी उत्तीर्ण सभी छात्रों का पुष्पमाला से स्वागत कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय परिवार ने किया एवं उत्तीर्ण सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी। आभार विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सरोज ठाकुर ने माना।

### 10 हजार से ज्यादा स्लॉट बुक, लेकिन धीमे सिस्टम से किसान बेहाल

# समर्थन मूल्य गेहूं खरीदी की लिमिट हटी अब धीमा सर्वर बना सबसे बड़ा रोडा

### अब तक 1.47 लाख मीट्रिक टन की खरीदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए सरकार ने किसानों को राहत देते हुए स्लॉट बुकिंग की सीमा हटा दी, लेकिन अब नई समस्या सामने आ गई है। सर्वर की धीमी गति ने पूरी प्रक्रिया को प्रभावित कर दिया है, जिससे किसान घंटों प्रयास के बाद भी स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। खासतौर पर 100 क्विंटल से अधिक उपज वाले किसानों को अब भी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। किसानों का कहना है कि दिनभर अलग-अलग समय पर कोशिश करने के बावजूद स्लॉट बुकिंग सफल नहीं हो पा रही है।



**सर्वर स्लो, किसानों की बढ़ी चिंता**

लिमिट हटने के बाद उम्मीद थी कि सभी किसानों को राहत मिलेगी, लेकिन सर्वर की धीमी गति ने पूरी व्यवस्था को प्रभावित कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 99 हजार 773 किसान पंजीकृत है जबकि कुल स्लाट 62 हजार 433 बुक हुए है और दो मई से 23 मई तक के लिए 10 हजार 295 स्लाट बुक किए गए है।

**अब तक इतनी हुई खरीदी**

सारंगपुर खाद्य विभाग कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूँ उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से जारी है। ताजा आंकडों के अनुसार 30 अप्रैल तक जिले में अब तक कुल 147496 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। अब तक 38527 किसानों से उपज खरीदी जा चुकी है। खरीदी गई उपज में से 135446 मीट्रिक टन गेहूँ परिवहन के लिए तैयार है। भुगतान की अगर बात करें तो किसानों से 303.60 रुपये के गेहूं की खरीदी की गई है। किसानों को देय कुल राशि के विरुद्ध 233 करोड रुपये का भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जा चुका है।

**व्यवस्था सुधारें**

ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि सभी बडे किसानों के स्लॉट बुक हो जाएं। जहां ज्यादा भीड हो रही है वहां तौल कांटे बढाने की जरूरत है। सभी जगह सर्वर धीमा होने की समस्या आ रही है। जिले में ओलावृष्टि से कुछ क्षेत्रों में गेहूं चमकहीन हो गया है। उस गेहूं की भी तुलाई होनी चाहिए।

**देवनारायण नागर, तहसील अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ, सारंगपुर।**

**चिंता में किसान, खुली पड़ी उपज**

किसान नेता कमल सिंह राणा ने बताया कि तेज गर्मी के बीच खुले में रखी उपज खराब होने का खतरा बढ़ रहा है। किसान जल्द स्लॉट बुकिंग की उम्मीद लगाए बैठे हैं, ताकि उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके। सरकार की मंशा भले ही किसानों को राहत देने की हो, लेकिन जमीनी स्तर पर तकनीकी खामियां बडी बाधा बन रही हैं। अब जरूरत है कि सर्वर और व्यवस्था को दुरुस्त कर किसानों की परेशानी को जल्द खत्म किया जाए।

## सुसनेर में यातायात अभियान: बिना हेलमेट चालकों पर कार्रवाई, चालान के साथ बांटे हेलमेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर



सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के तहत रविवार को पुलिस ने सख्ती और समझाइश दोनों का अनोखा उदाहरण पेश किया।बिना हेलमेट बाइक चला रहे वाहन चालकों के चालान काटे गए, वहीं उन्हें हेलमेट भी वितरित किए गए ताकि भविष्य में वे सुरक्षित ड्राइविंग करें। थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस के नेतृत्व में यह विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को रोका और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की। प्रत्येक वाहन चालक से 300 रुपए का चालान काटा गया।

इस दौरान केवल दंडात्मक कार्रवाई ही नहीं की गई बल्कि वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। पेट्रोल पंप संचालक के सहयोग से मौके पर ही हेलमेट वितरित किए गए। जिससे लोगों को सुरक्षा का महत्व समझाया जा सके। अभियान के दौरान 30 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए।

थाना प्रभारी अक्षय सिंह बेस ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक टाला जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट का उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें।

पुलिस की इस पहल को आम लोगों ने सराहा और इसे सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक कदम बताया। अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## ब्यावरा शहर थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ को किया लाइन हाजिर

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ विगत कई वर्षों से अंगद के पैर की तरह जमे हुए थे। शहर में उनकी कार्य प्रणाली सदैव विवादों में रही, शहर की कानून व्यवस्था ध्वस्त होती हुई नजर आई, असामाजिक तत्व बेवकूफ होकर घटनाओं को अंजाम देते, कई बार सत्तापक्ष के कार्यकर्ताओ ने थाने का घेराव किया और मुर्दाबाद के नारे लगाए मगर सत्तापक्ष के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि का वरदहस्त होने के कारण पुलिसिया रोब झाड़ते रहे विगत दिनों भोपाल बायपास स्थित चौराहे पर बिना सर्च वारंट के मकान की तलाशी लेने और सीनियर सिटीजन को बुढ़ापा खराब कर देने की धमकी भरा एक वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो फिर वह अखबारों की सुर्खियां बन गया जिसके चलते क्षेत्र में हड़कंप मच गया प्रशासनिक स्तर पर भी प्रतिक्रिया होने लगी आखिरकार विभाग द्वारा रक्षित केंद्र राजगढ़ लाइन अटैच करने एवं नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान को ब्यावरा शहर थाना प्रभारी बनाया। थाना कोतवाली राजगढ़ उप निरीक्षक सरिता मिश्रा को थाना खिलचीपुर एवं उप निरीक्षक थाना खिलचीपुर भूरी भील को थाना कोतवाली राजगढ़ में पदस्थ किया गया वही थाना नरसिंहगढ़ उप निरीक्षक गुंजा जमादार को अस्थाई रूप से नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी बनाया

## शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा, कलश यात्रा निकली

**बिड़वाल।** ग्राम किशनपुरा में चल रहे पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा एवं पंचकुण्डात्मक लघुरुद्र महायज्ञ महोत्सव का समापन रविवार को हुआ। 29 अप्रैल से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराई गई।

## हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का विधायक दिनेश जैन ने किया स्वागत



**महिदपुर।** पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का स्थानीय आम्बेडकर चौक पर ब्लाक एवं शहर कांग्रेस कमेटी महिदपुर द्वारा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक दिनेश जैन बोस के मुख्य आतिथ्य में शाल ओढ़ाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। विधायक दिनेश जैन बोस ने अपने उद्बोधन में सभी हज यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी भी वहां हमारे नगर, प्रदेश व देश में खुशहाली एवं अमन, चैन के लिए दुआ करे। कार्यक्रम में अरुण बुरड़, सगीर बेग, कैलाश बगाना आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### घर घर दस्तक दे रही टीम, आपकी एक जानकारी तय करेगी भविष्य की योजना

# जनगणना 2027 की ड्यूटी में लगे शिक्षक शिक्षका 280 प्रगणक, सुपरवाइजर अभियान में जुटे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

जनगणना 2027 का पहला चरण तहसील भर ने शुरू हुए शनिवार दूसरा दिन रहा। अब आने वाले दिनों में प्रगणक आपके घर दस्तक देंगे और आपसे जुडी अहम जानकारी जुटाएंगे। यह सिर्फ एक सरकारी प्ररिया नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की योजनाओं और सुविधाओं की नींव है। सारंगपुर क्षेत्र में 280 प्रगणक और पर्यवेक्षक इस अभियान में जुटे हैं। पहले दो दिन प्रगणक अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण कर नजरिया नक्शा तैयार करेंगे, इसके बाद घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जाएगी। एचएलओ एप के जरिए 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, सुविधाएं और अन्य जरूरी जानकारी शामिल रहेगी। खास बात यह है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत आपकी दी गई हर जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।



**पहचान पत्र देखकर ही दें जानकारी**

प्रशासन ने सभी प्रगणकों को पहचान पत्र और किट उपलब्ध कराई है। नागरिकों से अपील है कि प्रगणक का परिचय पत्र देखकर ही जानकारी दें और किसी भी प्रकार की गलत जानकारी देने से बचें। गौरतलब है इस कार्य को पूरा करने कोई दैनिक लक्ष्य तय नहीं किया है, लेकिन 30 मई तक इसे पूरा करना है। इसके बाद 3 जून को जानकारी कार्यालय में जमा की जाएगी।

**30 मई तक चलेगा अभियान:**

यह चरण 30 मई तक चलेगा। इस दौरान प्रगणक रोजाना घर-घर जानकारी दर्ज करेंगे। यदि आपने स्वयं ही गणना कर ली है, तो प्रगणक को अपनी एसई आईडी जरूर बताएं।

**इन सवालों का जवाब देना जरूरी**

प्रगणक घर-घर जाकर 33 बिंदुओं पर जानकारी लेंगे, जिनमें प्रमुख रूप से, मकान की दीवार और छत में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग और उसकी हालत, परिवार क्रमांक, परिवार के सदस्यों की संख्या, मुखिया का नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति आदि), मकान का स्वामित्व, कमरों की संख्या और विवाहित दंपत्तियों की संख्या शामिल है। इसके अलावा पेयजल का स्रोत और उपलब्धता, प्रकाश की व्यवस्था, शौचालय की उपलब्धता और प्रकार, गंदे पानी की निकासी, स्नानगृह, रसोईघर व एलपीजी /पीएनजी कनेक्शन जैसी सुविधाओं की जानकारी भी ली जाएगी। साथ ही परिवार के पास उपलब्ध संसाधनों जैसे रेडियो, टीवी, इंटरनेट, कंप्यूटर / लैपटॉप, मोबाइल फोन, साइकिल, दोपहिया और चारपहिया वाहन की जानकारी भी दर्ज की जाएगी। परिवार द्वारा उपयोग किए जाने वाले मुख्य अनाज और संपर्क के लिए मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जाएगा।

**आपका सहयोग क्यों जरूरी**

विशेषज्ञों के मुताबिक जनगणना के आंकडों के आधार पर ही सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की योजनाएं बनाती है। इसलिए सही और सटीक जानकारी देना हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है और अधिकार भी।

**अब मोबाइल एप से होगी पूरी प्रक्रिया**

पूरी जनगणना प्रक्रिया इस बार डिजिटल माध्यम से हो रही है। प्रगणक अपने मोबाइल में एचएलओ एप के जरिए डेटा दर्ज करेंगे और रोजाना उसे सिंक करेंगे। पूरी निगरानी सीएमएमएस पोर्टल से की जाएगी, जिससे पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।



## हज यात्रा पर जा रहें हाजियों का किया स्वागत

**सारंगपुर।** पवित्र हज यात्रा पर जा रहें पाडल्या माता निवासी हाजी मुमताज मंसूरी, हाजी फकीर मोहम्मद व उनकी पत्नीयों का गांव में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर परिजनों, मित्रों और समाजजनों ने फूल-मालाओं से हाजियों का अभिनंदन किया और उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित रमजान मंसूरी एवं अन्य लोगों ने हाजियों से देश और समाज की खुशहाली के लिए दुआ करने का आग्रह किया। हज यात्रा इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में से एक मानी जाती है, जिसे हर सक्षम मुस्लिम अपने जीवन में कम से कम एक बार पूरा करने की इच्छा रखता है। हाजियों ने कहा कि वे इस पवित्र यात्रा को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं और सभी के लिए अमन, शांति और भाईचारे की दुआ करेंगे। इस मौके पर रमजान मंसूरी, ऐजाज मंसूरी, शहबाज मंसूरी, अमन मंसूरी सहित और समाजसेवी भी मौजूद रहे, जिन्होंने हाजियों को शुभ यात्रा की कामना करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

## सारंगपुर में आंधी-बारिश से किसानों को नुकसान

**आम की फसलें झड़ीं, बिजली के पोल और पेड गिरे**



**सारंगपुर।** सारंगपुर में तेज आंधी, तूफान ने जनजीवन को प्रभावित किया। पिछले दो दिनों से बदल रहे मौसम के कारण हालात बिगड गए। आंधी का दौर देर शाम तक जारी रहा। तेज हवाओं के चलते आम के पेडों से कच्चे फल (कैरी) बडी संख्या में गिर गए, जिससे किसानों को नुकसान हुआ। कई बगीचों में समय से पहले ही फसल खराब हो गई। आंधी-तूफान के कारण क्षेत्र के कई इलाकों में पेड और बिजली के खंभे गिर गए। एक गांव में सडक के बीच पेड गिरने से एक बाइक दब गई और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। कई घरों के छप्पर और टिन शेड भी उड गए, जिससे लोगों को परेशानी हुई। सारंगपुर में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी के बीच आए इस बदलाव से लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन किसानों के लिए यह नुकसानदायक साबित हुआ। मौसम विभाग ने आज भी गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता बनी हुई है।

## बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड सेवा ठप, उपभोक्ता परेशान




**सारंगपुर।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की ब्रॉडबैंड और लैंडलाइन सेवाएं रविवार को दिनभर पूरी तरह ठप पडी रही। तकनीकी खराबी के चलते इंटरनेट सेवा बंद होने से डिजिटल कामकाज और ऑनलाइन पढाई करने वाले छात्र-छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड लाइन में सिग्नल की समस्या आ रही है, जिससे कनेक्टिविटी पूरी तरह गायब है। ऑनलाइन कियोस्क और कार्यालयों में इंटरनेट न होने से कामकाज की गति धीमी हो गई है। निजी दफ्तरों में काम करने वाले लोग भी काफी परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि कस्टमर केयर पर शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अब तक सेवा बहाल नहीं हो सकी है। लाइनमैन और स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करने पर केवल तकनीकी खराबी का हवाला दिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि एक तरफ सरकार डिजिटल इंडिया को बढावा दे रही है, वहीं दूसरी तरफ सरकारी टेलीकॉम कंपनी की सेवाएं आए दिन खराब रहती हैं। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि नेटवर्क की समस्या का जल्द से जल्द स्थायी समाधान किया जाए ताकि उनका आर्थिक नुकसान न हो।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मिले कांग्रेसजन



**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश की राजनीति के केंद्र और कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह से उनके निवास पर सारंगपुर के कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस मुलाकात को क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। मुलाकात के दौरान दिग्विजय सिंह ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कांग्रेस हमेशा से आम जन और किसानों की आवाज रही है। आज समय है कि हम सोशल मीडिया के साथ-साथ सीधे संपर्क के जरिए लोगों के दुख-दर्द में शामिल हों। विचारधारा की लडाई लंबी है और इसमें धैर्य व साहस की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व नपाध्यक्ष प्रमोद सादानी, शफीक अंसारी, कैलाश शर्मा, संतोष पुष्पद, निजाम कुरैशी, दिनेश धनगर सहित अन्य उपस्थित थे।

# लिवर के लिए सेब खाने के फायदे



**सेब खाना है लिवर की सेहत के लिए अच्छा, लिवर के लिए सेब खाना फायदेमंद माना जाता है। सेब खाने से लिवर हेल्थ को सपोर्ट मिलता है और फाइबर इंटेक से लिवर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है।**

पुरानी कहावत है कि सेब को खाकर डॉक्टर को दूर रख सकते हैं। पूरी सेहत के साथ-साथ सेब लविर की सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। सेब में कैलोरी की मात्रा कम होती है और वॉटर कंटेंट ज्यादा होता है जिसकी मदद से यह हानिकारक तत्वों को शरीर से निकालने में मदद करता है। यह वेट लॉस में भी असरदार माना जाता है जिसकी मदद से हेल्दी वेट मैनेजमेंट में मदद मिलती है और फैटी लिवर की समस्या से बचाव होता है।

अच्छी सेहत के लिए रोजाना एक से दो सेब खा सकते हैं, कोशशि करें  दिन के पहले भाग में ही सेब का सेवन करें। सेब में पेक्टिन नाम का घुलनशील फाइबर पाया जाता है। यह लिवर हेल्थ को बेहतर बनाता है, कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करता है, शुगर लेवल कंट्रोल करता है और पाचन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। 2023 में  जर्नल में प्रकाशति एक स्टडी के मुताबकि, सेब में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स लिवर हेल्थ को सपोर्ट करने में अहम भूमिका निभाते हैं। हालांकि यह एक एनिमल-बेस्ड स्टडी है, इंसानों पर सीमित स्टडी ही मौजूद है।

## फैटी लिवर से बचाव में मदद करता है सेब



- सेब खाकर फैटी लिवर की शिकायत दूर करने में मदद मिलती है क्योंकि सेब में कैलोरी कम और फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। फाइबर इंटेक और वेट लॉस के जरिए फैटी लिवर से बचने में सेब मदद करता है।
- सेब खाने से डाइजेशन बेहतर होता है, गट बैक्टीरिया को बढ़ावा मिलता है जिससे शरीर में टॉक्सिन्स जमा नहीं होते और लिवर हेल्दी रहता है।
- सेब में फ्लेवोनोइड्स और विटामिन सी पाया जाता है जिससे ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को दूर करने में मदद मिलती है। इससे लिवर सेल्स में होने वाली सूजन को कम करने में मदद मिलती है।
- सेब में मौजूद फाइटोन्यूट्रिएंट्स लिवर में एंजाइम की बेहतर गतिविधि में मदद करते हैं। इससे फैट और प्रोटीन के मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद मिलती है।
- सेब खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है जिससे लिवर में जमने वाले अतिरिक्त फैट को कम करने में मदद मिलती है।
- सेब में एंटी-ऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं जिसके  सेवन से क्रॉनकि लिवर रोग से बचने में भी मदद मिलती है।
- सेब में मौजूद हेल्दी कंपाउंड्स फैट मेटाबॉलिज्म को रेगुलेट करने में मदद करते हैं जिससे लिवर फंक्शन बेहतर बनाने में मदद मिलती है।

# चीनी के नेचुरल विकल्प: स्टीविया बेहतर है या शहद?




वजन कम करने और अच्छे स्वास्थ्य के लिए अक्सर लोग मीठा खाना छोड़ देते हैं। वहीं, इसके लिए लोग अक्सर नेचुरल मीठे का विकल्प ढूंढने लगते हैं, जिनमें शहद और स्टीविया जैसे ऑप्शन होते हैं। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में सवाल उठता है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्टीविया या शहद दोनों में से एक मीठे का अच्छा विकल्प क्या है?

शहद एक नेचुरल मीठा है, जिसको मधुमक्खियां फूलों के रस से बनाती हैं। शहद में कैलोरी, विटामिन्स, मिनरल्स, एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल के गुण होते हैं। इसका सेवन सीमित मात्रा में किया जाए तो, इससे इम्यूनिटी को बूस्ट करने और बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाव करने में मदद मिलती है। यह स्वास्थ्य के लिए कई तरीकों से फायदेमंद होता है। इससे शरीर को डिटॉक्स करने, गले की खराश, इंफेक्शन और सूजन जैसी समस्याओं से राहत देने में मदद मिलती है।

स्टीविया पौधे सी पत्तियों से मिलता है और यह चीनी के मुकाबले अधिक मीठा होता है यानी यह बहुत कम मात्रा में पर्याप्त होता है। इसमें कैलोरीज नहीं होती है और यह ब्लड शुगर के स्तर को तेजी से नहीं बढ़ाता है। जिसके कारण यह आज के समय में एक लोकप्रिय ऑप्शन है।




### कोलकाता ने सात विकेट से हराकर सनराइजर्स का विजय रथ रोका

# चक्रवर्ती के चक्रव्यूह में फंसा हैदराबाद

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

धीमी पिच पर रविवार को सनराइजर्स हैदराबाद की टीम वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन के चक्रव्यूह में फंस गई। दोनों की फिरकी के आगे हैदराबाद की टीम 19 ओवर में 165 रन पर लुढ़क गई।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने दस गेंद रहते सात विकेट की बड़ी जीत दर्ज की। साथ ही हैदराबाद का पांच मैचों से चला आ रहा विजयरथ भी रोक दिया। कोलकाता ने लक्ष्य 18.2 ओवर में 169 रन बनाकर हासिल कर लिया। यह कोलकाता की लगातार तीसरी जीत है। कोलकाता ने पावरप्ले में एक विकेट पर 71 रन बनाकर जीत तय कर ली थी। अंगकृष ने 59, कप्तान रहाणे ने 43 और फिन ने 29 रन बनाए। रिंकू ने नाबाद 22 रन बनाए।



इससे पहले चक्रवर्ती ने तीन और नरेन दो विकेट लेकर पिच का पूरा फायदा उठाया। कोलकाता इस सत्र में हैदराबाद को ऑलआउट करने वाली पहली टीम बनी। हैदराबाद ने आक्रामक शुरूआत की। नौ ओवर में उसका स्कोर एक विकेट पर 105 रन था। इसके बाद कोलकाता के गेंदबाजों ने कहर बरपाते हुए मात्र 60 रन पर उसके बचे नौ बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। हेड (61) और ईशान (42) ही बीस का आंकड़ा पार कर पाए।

क्लासेन 14 आईपीएल मैचों में पहली बार 20 से कम रन पर आउट हुए। उन्होंने 13 लगातार मुकाबलों में 20 प्लस का स्कोर किया था। उनसे ज्यादा सूर्यकुमार (लगातार 16) ने ऐसा किया है।

## नरेन एक टीम से 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज

सुनील नरेन आईपीएल में एक टीम की ओर से 200 विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। कोलकाता के स्पिनर ने ईशान किशन को अपना 200वां शिकार बनाया। वह लीग में विकेटों का दोहरा शतक लगाने वाले पहले विदेशी और कुल तीसरे खिलाड़ी हैं। वह युज्वेंद्र चाहल (228) और भुवनेश्वर कुमार (215) के क्लब में शामिल हो गए। नरेन के 197 मुकाबलों में 6.79 की इकोनॉमी से कुल 201 विकेट हो गए हैं।

## दूसरा खराब प्रदर्शन

हैदराबाद ने आखिरी नौ विकेट 60 रन जोड़कर गंवा दिए जो उसका पहले विकेट के लिए सौ प्लस रन बनाने के बाद दूसरा सबसे बदतर प्रदर्शन है। उसने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ एक विकेट पर 109 रन बनाने के बाद अंतिम नौ विकेट 56 रन पर गंवा दिए थे।

# सुंदर ने गुजरात को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

वाशिंगटन सुंदर की 23 गेंदों में 40 रन की नाबाद पारी से गुजरात टाइटंस ने रविवार को पंजाब किंग्स को रोमांचक मुकाबले में एक गेंद रहते चार विकेट से हरा दिया। गुजरात की यह छठी जीत है। वहीं पंजाब की लगातार दूसरी हार है।

गुजरात ने 164 का लक्ष्य 19.5 ओवर में छह विकेट पर 167 रन बनाकर हासिल कर लिया। उसे अंतिम ओवर में जीत के लिए 11 रन चाहिए थे। गेंद स्टोइनिस के हाथ में थी। पहली गेंद वाइड। फिर अरशद ने चौका जड़ा, दूसरी पर दो रन लिए,तीसरी पर कोई रन नहीं बना। चौथी में एक रन देकर स्ट्राइकर सुंदर को दी। सुदंर ने पांचवीं गेंद पर छक्का जड़कर जीत दिला दी।



सुदर्शन ने 57 रन की पारी खेली। साथ ही बटलर (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। कप्तान गिल को अर्शदीप ने अपने पहले और पारी के दूसरे ही ओवर में चलता कर गुजरात को पहला झटका दिया। सुदर्शन ने बटलर के साथ मिलकर पारी को संभाला। हालांकि बटलर बड़ी पारी नहीं खेल पाए। वैशाक ने श्रेयस के हाथों उन्हें कैच करवाया। निशांत (15) को स्टोइनिस ने आउट किया। सुदर्शन ने सत्र का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद वैशाक की गेंद पर बार्टलेट को कैच दे बैठे। इससे पहले गुजरात के तीनों तेज गेंदबाजों होल्डर (4 विकेट), रबाडा (2 विकेट) और सिराज (2 विकेट) ने पंजाब के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया। मात्र 47 रन पर पंजाब की आधी टीम पवेलियन में थी। सूर्यांश शेडगे ने 57 रन की पारी खेली।

### ब्रंट न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में 10 मई से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गई हैं। यह कदम एहतियाती उपाय है क्योंकि इंग्लैंड की कप्तान को बुधवार को वनडे कप में वार्विकशायर के खिलाफ द ब्ले की ओर से खेलते हुए बाएं पैर की पिंडली में खिंचाव आ गया था। शनिवार को कराए स्कैन से चोट की गंभीरता की पुष्टि हो गई है।


**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com
METROPOLITAN

उज्जैन मंगलवार 05, मई 2026 | 12

## न्यूज कॉलम

### विदेश जाने को लेकर पत्नी से विवाद के बाद पति ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**इंदौर।** हार्डवेयर कारोबारी सुधीर पाटनी पिता राजवीर पाटनी ने अपनी पिस्टल से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटना रविवार रात करीब 12 बजे की है। इससे पहले बच्चों के पास विदेश जाने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम हो चुका है, लेकिन अंतिम संस्कार बच्चों के विदेश से आने के बाद होगा। 62 वर्षीय पाटनी बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे पॉश टाउनशिप 'शांति निकेतन' में रहते थे। वे शहर के प्रतिष्ठित कारोबारी थे। उनके दोनों बच्चे (बेटा और बेटी) यूएसए में रहते हैं। डीसीपी जोन-2 अमरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि सुधीर पाटनी और उनकी पत्नी के बीच में रात में विवाद हुआ था। इसके बाद पाटनी कमरे में गए और खुद को गोली मार ली। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाटनी की पत्नी आज दोपहर की फ्लाइट से बच्चों के पास विदेश जाने वाली थीं, लेकिन रात में पाटनी ने पत्नी से कहा कि वह विदेश ना जाएं। इस बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि पत्नी लंबे समय से बच्चों के पास विदेश जाने के लिए कह रही थी, लेकिन पाटनी लगातार मना कर रहे थे। जिस वक्त पाटनी ने खुद को गोली मारी, उस समय उनकी पत्नी घर में ही थीं, लेकिन उनसे काफी दूर थीं। जब वे कमरे में पहुंचीं तो पाटनी पड़े हुए थे और उनके सिर से खून बह रहा था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर एमवाय हॉस्पिटल में रखवा दिया है। दरअसल, इंदौर में पाटनी के परिवार का कोई नहीं है। बच्चे भी यूएसए में हैं। बच्चों को घटना की सूचना दे दी गई है। वे आएंगे तब पाटनी का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### इंदौर में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर।** इंदौर में दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। देवास नाका पर काम के दौरान युवक पर मलबा गिर गया, जबकि तेजाजी नगर में मिक्सर मशीन में फंसने से भट्टा संचालक की जान चली गई। इंदौर के देवास नाका क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय युवक विशाल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार विशाल, ग्राम नागदा का निवासी था और एक बिल्डिंग साइट पर काम कर रहा था। बताया गया कि वह सोलर पैनल नीचे उतारने के बाद सड़क पर खड़ा था, तभी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल से किसी ने मलबा फेंक दिया। मलबे में सीमेंट के पत्थर और ईंटें शामिल थीं, जो सीधे उसके सिर पर गिरीं। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार रात उसकी मौत हो गई। विशाल अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था। उसके परिवार में पत्नी, एक साल की बेटी और मां हैं, जबकि उसका भाई मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। पुलिस इस मामले में लापरवाही के एंगल से जांच कर रही है।

**मिक्सर मशीन में फंसकर मौत-** वहीं, तेजाजी नगर इलाके में ईंट भट्टे के संचालक समीर खान (56) की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, वह बायपास स्थित अपने भट्टे पर मिक्सर मशीन में सामग्री डाल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मशीन के अंदर देखने के लिए हाथ डाला, जिससे उनका हाथ और आधा शरीर मशीन में फंस गया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। समीर अविवाहित थे और उनके परिवार में बहन व अन्य रिश्तेदार हैं। उनका एक भतीजा आयरलैंड में काम करता है, जिसके आने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक की संदिग्ध मौत, दोस्त के घर बेसुध मिला, पिता ने लगाए मारपीट के आरोप

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में एक 28 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के घर गया था, जहां से उसे बेसुध हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात के समय अमित के पिता यशवंत यादव उसे लगातार फोन कर रहे थे। इसी दौरान दोस्त प्रदीप जाट की पत्नी ने कॉल रिसीव कर बताया कि अमित ने शराब पी ली थी और उसकी तबीयत बिगड़ गई है। इसके बाद परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने बेटे की मौत पर संदेह जताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अमित शराब नहीं पीता था और न ही तंबाकू या सुपारी का सेवन करता था। उन्होंने दावा किया कि बेटे के गले पर निशान थे, जिससे मारपीट की आशंका लगती है। पुलिस ने कहा पीएम के बाद मौत के असली कारणों का पता चलेगा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। अमित एक दूध कंपनी में मार्केटिंग का काम करता था। परिवार में उसके माता-पिता, एक बड़ा भाई और एक बहन हैं, जिनकी हाल ही में शादी हुई है। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### शिविरार्थियों को गिफ्ट एवं परीक्षा में सफल होने वालों को प्रमाण पत्र दिए



**इंदौर।** तीर्थ स्वरूप दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वाधान एवं छत्रपति नगर अग्रसेन नगर महावीर बाग में सक्रिय महिला मंडल के सहयोग से दिनांक 26 अप्रैल से 3 में तक आयोजित ग्रीष्मकालीन जैन धर्म शिक्षण शिविर का समापन परीक्षा में सफल शिविरार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर हुआ। शिविर संयोजिका शुभ्रा जैन ने बताया कि शिविर में 5 से 15 वर्ष तक के 60 बच्चों को सांगानेर से पधारे युवा विद्वान सौरभ शास्त्री एवं सृजन शास्त्री ने जैन धर्म का प्रशिक्षण देकर उन्हें जैन धर्म से संस्कारित किया एवं देव दर्शन, प्रक्षाल, पूजन, अभिषेक एवं शांति धारा करने की प्रक्रिया सिखाई। इसी प्रकार महिलाओं के लिए भी सायंकालीन शिविर में स्थानीय वरिष्ठ विद्वान भरत शास्त्री ने 40 महिलाओं को छहढाला, आलाप पद्धति का स्वाध्याय कराया एवं जैन धर्म के मूल स्वरूप और जैन धर्म के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी से भी अवगत कराया। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन बच्चों एवं महिलाओं की परीक्षा भी हुई । बच्चों के लिए आयोजित जैन धर्म प्रथम भाग की परीक्षा में मीत जैन ने प्रथम, अवनी जैन ने द्वितीय एवं भव्य जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आलाप पद्धति की परीक्षा में सुरेखा प्रदीप जैन प्रथम, सविता मुकेश द्वितीय एवं नेहा सिंघई तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुई। छहढाला की परीक्षा में अपेक्षा जैन प्रथम, रागिनी जैन द्वितीय एवं एषणा जैन तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण रही। सभी शिविरार्थियों को प्रोत्साहन पुरस्कार एवं परीक्षा में सफल होने वाले शिविरार्थियों को गिफ्ट एवं प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर जिनालय ट्रस्ट द्वारा युवा विद्वान भरत शास्त्री, सौरभ शास्त्री एवं सृजन शास्त्री का सम्मान किया गया एवं ट्रस्ट द्वारा श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर को ज्ञान दान के रूप में 61000 की निधि प्रदान की गई।

### युवती ने कंपनी के सीनियर पर लगाया आरोप ट्रेनिंग के बहाने फ्लैट में ले जाकर की छेड़छाड़

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक निजी कंपनी में कार्यरत रही 23 वर्षीय युवती ने अपने सीनियर अधिकारी पर छेड़छाड़ और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार युवती अपने कजिन के साथ थाने पहुंची और बताया कि वह एक निजी कंपनी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थी। उसने 9 फरवरी को जॉइनिंग की थी और 26 अप्रैल तक काम किया। पीड़िता के मुताबिक कंपनी से जुड़े एक वरिष्ठ कर्मचारी ने 10 अप्रैल को उसे केबिन में बुलाया और काम के सिलसिले में मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद उसने ऑफिस के बाहर मिलने की बात कही। युवती ने आरोप लगाया कि 26 अप्रैल को आरोपी उसे कार में बैठाकर यह कहकर एक स्थान पर ले गया कि अन्य कर्मचारी भी ट्रेनिंग के लिए आ रहे हैं। इसके बाद उसे बजरंग नगर स्थित एक फ्लैट पर ले जाया गया, जहां कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था।

#### सुपर कॉरिडोर पर ग्रेटर बाबा जैन मंदिर को बनाया निशाना, चौकीदार ने कहा- नींद नहीं खुली

# जैन मंदिर से 10 लाख से ज्यादा की मूर्तियां और सामान चोरी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर में एक बार फिर धार्मिक स्थल को निशाना बनाते हुए बदमाशों ने जैन मंदिर से चांदी की मूर्तियां चोरी कर लीं। घटना सुपर कॉरिडोर क्षेत्र की है, जहां सुबह मंदिर खुलते ही चोरी का खुलासा हुआ। सुपर कॉरिडोर स्थित ग्रेटर बाबा जैन मंदिर में सोमवार तड़के चोरी की वारदात सामने आई। अज्ञात बदमाश मंदिर में घुसकर भगवान की चांदी की मूर्तियां और अन्य सामान चुरा ले गए। चोरी गए सामान की कीमत दस लाख रुपए से अधिक होने का दावा किया जा रहा है।



चोरों ने 5 चांदी की मूर्तियां, एक मिक्स धातुओं की मूर्ति, एक शिला, 2 शांति धारा और 28 कलश चोरी कर लिए। पुलिस के मुताबिक चोर रात 2.18 बजे मंदिर में घुसे और 42 मिनट तक मंदिर में रहने के बाद 3 बजे वहां से भाग गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने इसके पहले मंदिर की रेकी भी की थी। मंदिर में चौकीदारी और सफाई का काम करने वाले कर्मचारी को घटना की भनक तक नहीं लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सोमवार सुबह अंजू नाम की महिला दर्शन करने आई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों और जैन समाज के सदस्यों को सूचना दी गई, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। मंदिर 1998 में 10 हजार स्केयर फीट पर बना है।

**चौकीदार ने कहा श्रद्धालु पहुंची तब पता चला-** मंदिर से जुड़े श्रद्धालु अशोक जैन ने बताया कि भगवान के मंदिर के यहां के शटर और दरवाजों को तोड़कर चांदी की पांच और अष्टधातु की दो प्रतिमाएं सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।

चोरी के पहले रेकी होने की भी जानकारी सामने आई है। कुछ दिन पहले भी अन्य जैन मंदिरों में इसी तरह से चोरी की घटना समाने आई थी। मंदिर में चोरी करते दिख रहे चोरों का हूलिया भी उन चोरों से मिलता दिख रहा है। मंदिर की चौकीदारी करने वाले राकेश त्रिवेदी ने बताया कि रोजाना की तरह रात को 10.30 बजे मंदिर के पट बंद किये थे। सुबह 5 बजे खोला तब चोरी के बारे में पता चला।

### पुलिस ने कहा चोरी के फुटेज सीसीटीवी से मिले, आरोपियों की तलाश शुरू

- एरोड्रम थाना पुलिस के मुताबिक, सुबह जब मंदिर के पट खोले गए तो गर्भगृह से मूर्तियां गायब मिलीं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाश रात करीब 3 बजे बाइक से मंदिर पहुंचे थे।
- इनमें से एक आरोपी दीवार फांदकर अंदर घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।
- सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। एरोड्रम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया है।

#### स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले सख्ती, सरवटे बस स्टैंड की खराब सफाई पर एजेंसी को फटकारा

# टॉयलेट में सफाई नहीं मिलने पर 20 हजार की पेनल्टी





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

स्वच्छता व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सोमवार को फील्ड पर पहुंचे। उन्होंने जीटीएस परिसर और सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई, ट्रैफिक मूवमेंट और समग्र प्रबंधन की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने होटल राजशाही और जंजीरवाला क्षेत्र स्थित जीटीएस कैंपस में सफाई व्यवस्था, कचरा निस्तारण और वाहनों की आवाजाही का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि स्वच्छता बनाए रखने और कचरा प्रबंधन की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**प्याऊ के पानी की गुणवत्ता जांची-** इसके बाद निगम कमिश्नर सरवटे बस स्टैंड पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। यहां लगे प्याऊ पर पानी की गुणवत्ता की जांच की और निर्देश दिए कि यात्रियों को साफ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

**गंदगी पर सख्त कार्रवाई-** बस स्टैंड परिसर में स्थित पब्लिक टॉयलेट की सफाई खराब मिलने पर उन्होंने संबंधित एजेंसी पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**लॉक रूम और सुरक्षा व्यवस्था भी जांची-** निरीक्षण के दौरान लॉक रूम की व्यवस्था भी देखी गई। यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एजेंसी एम पावर को फटकार लगाई गई और आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए।

निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को शहर की सफाई और सार्वजनिक सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त अर्थ जैन, जोनल अधिकारी गीतेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले

# 289 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। निगम कमिश्नर व प्रमुख जनगणना अधिकारी क्षितिज सिंघल ने कार्य पर उपस्थित नहीं रहने वाले कुल 289 अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

दरअसल जनगणना कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बावजूद 1 मई से लगातार सूचना दिए जाने के बाद भी कई कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं हुए। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता मानते हुए कहा है कि यह मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों का उल्लंघन है। इस मामले में दोषी पाए जाने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। संबंधित कर्मचारियों को नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत विभागीय जांच प्रस्तावित की गई है। साथ ही जनगणना अधिनियम 1948 की संबंधित धाराओं के तहक एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तत्काल ड्यूटी जॉइन करें और अपना संतोषजनक स्पष्टीकरण 4 मई शाम 5.30 बजे तक चार्ज अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय सीमा तक जवाब नहीं देने या ड्यूटी पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### निगम के सुलभ शौचालय में नशा करते युवक पकड़ाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार तेज होती जा रही है। हीरानगर पुलिस द्वारा मोहल्ला समिति की बैठकों के दौरान मिली जानकारी के आधार पर एक अहम कार्रवाई सामने आई है।

बैठक के दौरान एक रहवासी ने सार्वजनिक सुलभ शौचालय के अंदर नशा करते हुए एक युवक का वीडियो पुलिस को सौंपा। वीडियो के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान लोकेश बाथम के रूप में की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पवन ठाकुर निवासी छोटी भमोरी से ब्राउन शुगर खरीदता था।

पुलिस टीम ने पवन ठाकुर के ठिकाने पर दबिश दी। तलाशी के दौरान उसके पास से 70 से ज्यादा नशे के टोकन बरामद किए गए। पूछताछ में पवन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से नशा बेचने का काम कर रहा था। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक इससे पहले भी नशे के खिलाफ कार्रवाई में कुछ और लोगों के नाम सामने आए थे, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पवन ठाकुर नशा कहां से लाकर सप्लाई करता था। पुलिस का कहना है कि मोहल्ला समिति की सक्रियता से इस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं, जिससे नशे के कारोबार पर लगाम लगाने में मदद मिल रही है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड)
स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इंदौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com